www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण


पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 1 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -267 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

## सार संक्षेप

### उत्तर पश्चिम भारत में जारी रहेगा घना कोहरा : आईएमडी



**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम भारत में बढ़ रही सर्दी को लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि उत्तर पश्चिम और आसपास के मध्य भारत के मैदानी इलाकों के कई हिस्सों में घना कोहरा जारी रहने की संभावना है। अगले दो दिनों में पूर्वी भारत तक इसके बढ़ने का अनुमान है।

### भारत में एक दिन में कोविड के 841 नए मामले



**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस (कोविड-19) के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। देश में बीते 24 घंटों कोविड-19 के 841 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे रविवार को कुल एक्टिव मामलों की संख्या 4,309 हो गई। इससे पहले देश में 19 मई को 865 नए मामले दर्ज किए गए थे। इन 24 घंटों में तीन मरीजों की मौत हुई है। इसमें एक मौत केरल, एक कर्नाटक और एक बिहार में हुई है।

### हिमाचल में नए साल का जश्न मनाने उमड़े सैलानी



**शिमला।** नए साल का जश्न मनाने के लिए हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हो गए हैं। शिमला, मनाली, डलहौजी, कसौली और धर्मशाला में भारी संख्या में सैलानी पहुंचे हैं। अधिकांश सरकारी व निजी होटलों में दो जनवरी तक एडवांस बुकिंग हो चुकी है। शिमला में 90 फीसदी और मनाली में 95 फीसदी होटल सैलानियों से पैक हैं।

### पंजाब में 19 किलो हेरोइन, सात पिस्तौल जब्त, दो धरे



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने रविवार को अमेरिका स्थित तस्कर मनप्रीत उर्फ मन्नू महावा द्वारा संचालित सीमा पार से नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर से इसके दो प्रमुख व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई। उनके पास से 19 किलोग्राम हेरोइन और सात पिस्तौलें जब्त की गईं।

### महाराष्ट्र में एक फैक्ट्री में लगी आग, छह की मौत



**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में रविवार तड़के एमआईडीसी क्षेत्र में एक फैक्ट्री में आग लगने से छह मजदूरों की नींद में ही दम घुटने से मौत हो गई। यह घटना वालुज एमआईडीसी परिसर में हाथ के दस्ताने बनाने वाली सनशाइन एंटरप्राइजेज की एक फैक्ट्री में करीब 2=30 बजे हुई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं।

---

**नए साल** का जश्न



## न्यूजीलैंड में सबसे पहले मनाया गया नया साल

**आतिशबाजी, रंग बिरंगी रोशनी से किया गया स्वागत**

नए साल 2024 ने दस्तक दे दी है। दुनियाभर में नए साल का जश्न मनाया गया। न्यूजीलैंड में सबसे पहले नववर्ष ने दस्तक दी है। लोगों ने आकर्षक लाइटिंग और अतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में नए साल का जश्न शुरू हुआ। भारत में भी पूरे जोश के साथ नए साल का स्वागत किया गया।

# वाराणसी में छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी भाजपाई निकले



- सभी भाजपा आईटी सेल के हैं सदस्य
- 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**वाराणसी,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। आईआईटी-बीएचयू में बीटेक छात्रा से दुष्कर्म के तीनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। आरोपियों की पहचान बृज एन्क्लेव कॉलोनी सुंदरपुर के कुणाल पांडेय, जिवधीपुर बजरडीहा के आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और बजरडीहा के सक्षम पटेल के रूप में हुई है। तीनों भारतीय जनता पार्टी की आईटी सेल से जुड़े हैं। कुणाल पांडेय भाजपा आईटी सेल वाराणसी का महानगर संयोजक, सक्षम पटेल आईटी सेल का वाराणसी महानगर सह-संयोजक, जबकि आनंद आईटी सेल वाराणसी महानगर का कार्य समिति सदस्य है। पुलिस ने रविवार शाम को तीनों आरोपियों को मेडिकल कराने के बाद भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**चेकिंग के दौरान पकड़े गए आरोपी**

पुलिस ने शनिवार देर रात चेकिंग के दौरान तीनों आरोपियों को बाइक के साथ पकड़ा। आरोपियों ने 1 नवंबर को दोस्त के साथ जा रही छात्रा से गैंगरेप किया था। इतना ही नहीं, गन पॉइंट पर छात्रा के कपड़े उतरवाकर वीडियो भी बनाए थे। इस घटना के बाद कई दिन तक कैंपस में छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया था।

**भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें वायरल**

भाजपा नेताओं के साथ तीनों आरोपियों की कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिसके बाद से सोशल मीडिया पर कई प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिल रही हैं। वहीं विपक्ष भी अब भाजपा को आड़े हाथों ले रहा है। सपा नेता भी इसे लेकर निशाना साधा है।

### भाजपाइयों की ये नई फसल है : अखिलेश



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए भाजपा पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने लिखा, ये हैं भाजपा के दिग्गज नेताओं की छत्रछाया में सरेआम पनपते और घूमते भाजपाइयों की वो नई फसल, जिनकी 'तथाकथित जीरो टॉलरेंस सरकार' में दिखावटी तलाश जारी है। क्या नारी के सम्मान से खिलवाड़ करने वाले भाजपाइयों को खुली छूट जारी रहेगी।

## नौसेना ने अरब सागर में निगरानी बढ़ाई



- 23 दिसम्बर को भारत आ रहे जहाज पर हुआ था ड्रोन से हमला

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना ने पिछले कुछ सप्ताह में लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य एवं उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर हमलों की बढती घटनाओं को देखते हुए अरब सागर में निगरानी और चौकसी बढ़ा दी है। भारतीय समुद्री तट से लगभग 700 समुद्री मील दूर एमवी रुएन पर डकैती और पोरबंदर से लगभग 220 समुद्री मील दक्षिण पश्चिम में एमवी केम प्लूटो पर 23 दिसम्बर को ड्रोन हमला भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र के करीब समुद्र में सुरक्षा घटनाओं के परिदृश्य में बदलाव का प्रमाण है।

**नौसैनिकों की संख्या में भी वृद्धि**

नौसेना ने इन घटनाओं के जवाब में मध्य एवं उत्तरी अरब सागर में समुद्री निगरानी के प्रयासों में काफी वृद्धि की है और नौसैनिकों की तैनाती की संख्या में भी वृद्धि की है। समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने और किसी भी घटना की स्थिति में व्यापारिक जहाजों को सहायता प्रदान करने के लिए विध्वंसक और फ्रिगेट वाले कार्य समूहों को तैनात किया गया है। संपूर्ण समुद्री डोमेन जागरूकता के लिए लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमानों और हवाई निगरानी को बढ़ाया गया है। विशेष आर्थिक क्षेत्र की प्रभावी निगरानी के लिए नौसेना तटरक्षक बल के साथ भी समन्वय को और बढा रही है। राष्ट्रीय समुद्री एजेंसियों के समन्वय से नौसेना द्वारा समग्र स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। नौसेना क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तहरीक-ए-हुर्रियत पर लगा प्रतिबंध

**संगठन ने कश्मीर में इस्लामिक शासन लागू करने की साजिश रची थी**



- सरकार ने गैर कानूनी संगठन घोषित किया
- यूएपीए कानून के तहत की गई कार्रवाई
- गृहमंत्री शाह ने पोस्ट के जरिए दी जानकारी

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर के संगठन तहरीक ए हुर्रियत पर प्रतिबंध लगा दिया है। यूएपीए कानून के तहत यह कार्रवाई की गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह जानकारी दी। गृहमंत्री ने बताया कि यह संगठन गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल है और जम्मू कश्मीर को भारत से अलग करके राज्य में इस्लामिक शासन स्थापित करना चाहता है। तहरीक ए हुर्रियत का गठन भारत के खिलाफ प्रोपेगैंडा फैलाने और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया गया था।


**पत्थरबाजी करने में भी लिप्त रहा**

गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में बताया कि 'तहरीक ए हुर्रियत, जम्मू कश्मीर को यूएपीए के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति के तहत कोई भी व्यक्ति या संगठन अगर भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाया जाएगा तो उसे नेस्तानाबूत कर दिया जाएगा।' सरकार ने इस संबंध में गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि तहरीक ए हुर्रियत सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी करने और आतंकी गतिविधियों के लिए फंड इकट्ठा करने में लिप्त रहा है।

### सैयद अली शाह गिलानी ने बनाया था

जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी ने साल 2004 में तहरीक ए हुर्रियत का गठन किया था। गिलानी के बाद तहरीक ए हुर्रियत के अध्यक्ष मुहम्मद अशरफ सेहराई थे, जिनका भी साल 2021 में निधन हो गया। यह संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस का सहयोगी संगठन है। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस जम्मू कश्मीर के 26 संगठनों का समूह है, जिसका गठन 1993 में किया गया था। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस में कई ऐसे संगठन शामिल हैं, जो पाकिस्तान समर्थक और अलगाववादी माने जाते हैं।

## मणिपुर में धमाका, 4 पुलिसकर्मी घायल



- 4 दिसम्बर को इसी जगह 13 लोग मारे गए थे
- अनजान हमलावरों ने गार्ड की भी हत्या की

**इंफाल,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर में हमलावरों ने सुरक्षा बलों के वाहन पर आईईडी से हमला कर दिया। इसमें 4 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उनका इलाज 5 असम राइफल्स कैंप में चल रहा है। इधर रविवार दोपहर में भी क्रॉस फायरिंग हुई है, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक रविवार शाम 3.30 बजे कुकी विद्रोहियों ने आरपीजी का इस्तेमाल करके कमांडो कॉम्प्लैक्स पर हमला किया, जिसमें चार और जवान घायल हो गए। इस फायरिंग में मोरेह पुलिस कॉम्प्लैक्स के फर्नीचर, दरवाजे और कुछ संपत्ति का नुकसान हुआ। रविवार को ही मैतेई और कुकी क्षेत्रों से कौट्रुक और कदंगबल क्षेत्रों में भी क्रॉस फायरिंग की खबरें सामने आई हैं। रविवार को ही इंफाल ईस्ट के ताबुंगखोक इलाके में दो समूहों के बीच गोलीबारी में एक स्वयंसेवक घायल हो गया। जब गोलीबारी शुरू हुई तो सी लामयांबा को गांव की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। 4 दिसंबर को इसी जगह में दो गुटों के बीच हुई फायरिंग में 13 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, इम्फाल वेस्ट जिले के कदंगबंद में हमलावरों ने एक विलेज गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## 16वें वित्त आयोग का किया गठन



- अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बनाया गया आयोग
- आयोग के सदस्यों को लेकर अधिसूचना जारी की जाएगी

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16 वें वित्त आयोग का गठन कर दिया है।

इस संबंध में रविवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। सरकार ने राष्ट्रपति की मंजूरी से संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत सोलहवें वित्त आयोग का गठन किया है। आयोग एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को कवर करते हुए अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक देगा। आयोग के सदस्यों को लेकर अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी। श्री ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है।

अधिसूचना में सोलहवें वित्त आयोग के संदर्भ की शर्तें भी दी गई हैं। आयोग आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) के तहत गठित निधियों के संदर्भ में, आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है और उस पर उचित सिफारिशें कर सकता है।

**मन की बात की 108वीं कड़ी प्रसारित**

## विकसित भारत के लिए फिट रहे युवा : मोदी



**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीवन शैली से जुड़ी बढ़ती बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि विकसित भारत के लिए युवाओं को 'फिट' रहना चाहिए। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपनी मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 108 वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को लेकर हर तरफ आशा और उत्साह है। ये आशा और उम्मीद बहुत अच्छी है। जब भारत विकसित होगा तो इसका सबसे अधिक लाभ युवाओं को ही होगा, लेकिन युवाओं को इसका लाभ तब और ज्यादा मिलेगा, जब वे फिट होंगे। उन्होंने कहा कि जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां युवाओं के लिए, ज्यादा चिंता की बात है।

**चिंता** *मीडियाकर्मियों में से 68 फीसदी गजा संघर्ष में मारे गए*

## 2023 में पूरे विश्व में मारे गए 120 पत्रकार

**ब्रसेल्स, 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) का कहना है कि वर्ष 2023 में 120 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए और साल दुनिया भर में मारे गए पत्रकारों और मीडियाकर्मियों में से 68 फीसदी गाजा संघर्ष में मारे गए। इनमें 75 फिलिस्तीनी, चार इजरायली व तीन लेबनानी पत्रकार मारे गए जबकि सीरिया में तीन मीडियाकर्मी मारे गए।**



- आईएफजे ने जारी किए आंकड़े
- मरने वालों में 11 महिलाएं भी

आईएफजे की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक वर्ष 2023 में 11 महिलाओं सहित एक सौ बीस पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए हैं।

आईएफजे ने आठ दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार दिवस से पहले मारे गए पत्रकारों की प्रारंभिक सूची प्रकाशित की थी जिसमें 94 हत्याओं का दस्तावेजीकरण किया गया था। आईएफजे का कहना है कि नवीनतम वृद्धि गाजा युद्ध में अतिरिक्त मौतों के साथ-साथ महासंघ को अन्य हत्याओं के बारे में बताए जाने का परिणाम है।

आईएफजे के महासचिव एंथनी बेलांगर ने कहा, आज हमारी संवेदनाएं पत्रकारों के परिवारों और विश्व समाचार कक्षों में हमारे सहयोगियों के साथ हैं जो केवल अपना काम करने के कारण मारे गए सहकर्मियों की मौत पर शोक मना रहे हैं। यह सुनिश्चित करना सरकारों की जिम्मेदारी है कि पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से रिपोर्ट करने के लिए सुरक्षा प्रदान की जाए।

**एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 12 पत्रकार मारे गए**

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, 12 पत्रकार मारे गए हैं, जिसमें भारत (3), अफगानिस्तान (2), फिलीपींस (2), बांग्लादेश (2), पाकिस्तान (2) और चीन (1) में एक मीडियाकर्मी शामिल हैं। उत्तर और दक्षिण अमेरिका में 2023 में दस पत्रकार मारे गए जिसमें तीन मैक्सिकन, एक परागुआयन, तीन ग्वाटेमाला, एक कोलंबियाई, एक होंडुरास और एक अमेरिकी शामिल हैं। अफ्रीका में कैमरून (2), सूडान (1), लेसोथो (1), माली (1), सोमालिया (1), मोजाम्बिक (1), नाइजीरिया (1) तथा रवांडा में एक यानी कुल आठ पत्रकारों की हत्याओं की आईएफजे निंदा करता है जिनकी पूरी तरह से जांच नहीं हो पाई है।

# देश-विदेश

उवाच

“ललन सिंह हटे नहीं, हटाए गए, लेकिन सच छुपाने के लिए वे संसदीय क्षेत्र में समय देने के लिए अध्यक्ष-पद छोड़ने की बात कह रहे हैं। इस पर कौन भरोसा करेगा।

–सुशील कुमार मोदी, भाजपा राज्यसभा सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 15.0 | 08.0 |
| मुंबई | 24.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 21.0 | 14.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 24.0 |

## संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल, गाजा के संघर्ष पर चिंता जताई

**संयुक्त राष्ट्र,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने रविवार को कहा कि इजरायल और गाजा संघर्ष 2024 में भी चिंता का एक प्रमुख कारण बना रह सकता है। संयुक्त राष्ट्र के न्यूयॉर्क मुख्यालय से आज जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। सुरक्षा परिषद के 22 दिसंबर के प्रस्ताव की 'सही दिशा में एक कदम' के रूप में सराहना करते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने दिये गये प्रस्ताव में संकटग्रस्त गाजा पट्टी में सहायता वितरण बढ़ाने का आग्रह किया है। कूटनीतिक प्रगति के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र ने गाजा और वेस्ट बैंक में नागरिक आबादी के सामने आने वाली गंभीर परिस्थितियों को 'निराशाजनक' बताया। वैश्विक निकाय ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए गाजा के लिए नव नियुक्त संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ मानवतावादी समन्वयक सिग्रीड काग को सहायता प्रवाह की निगरानी करने और क्षेत्र में संघर्ष के बाद के पुनर्निर्माण प्रयासों का नेतृत्व करने की तत्काल जिम्मेदारी सौंपी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में अशांति के संभावित 'और फैलने' के बारे में गंभीर आशंका व्यक्त की। गाजा में और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजरायली निवासियों तथा फिलिस्तीनियों के बीच बढ़ती हिंसा पर सुरक्षा परिषद की 29 दिसंबर की बैठक पर टिप्पणी करते हुए, श्री गुटेरेस ने गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम का आह्वान किया।

## अमेरिकी नौसेना ने हूती नौकाओं को नष्ट किया

**लंदन,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर में एक कंटेनर जहाज पर हमले की कोशिश कर रहे हूती 'छोटी नौकाओं' को नष्ट कर दिया है। बीबीसी ने अमेरिकी सेना के हवाले से बताया कि यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्रों से चार जहाजों ने मेर्स्क हांग्जो पर गोलीबारी की और जहाज के कुछ मीटर के भीतर दायरे में पहुंच गए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पास के अमेरिकी युद्धपोतों के हेलीकॉप्टरों ने एक आपदा कॉल पर प्रतिक्रिया और गोलीबारी के बाद उनमें से तीन को 'आत्मरक्षा में' डुबो दिया। नौकाओं के चालक दल मारे गए और चौथी नौका क्षेत्र से भाग गई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, हूती नवंबर से लाल सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। ईरान समर्थित यमनी विद्रोही समूह ने दावा किया है कि गाजा में युद्ध के जवाब में महत्वपूर्ण शिपिंग लेन पर उसके हमले इज़रायल से जुड़े जहाजों पर निर्देशित हैं।

## यूक्रेन ने रूसी शहर पर की गोलाबारी, 21 की मौत

**मॉस्को,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। रूस के सीमावर्ती शहर बेलगोरोड में यूक्रेन की ओर से की गयी गोलाबारी में तीन बच्चों सहित 21 लोगों की मौत हो गई है और 30 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। बेलगोरोड क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा, मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जिनमें से तीन बच्चे हैं। 110 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 17 बच्चे भी शामिल हैं। आज तक, 30 इमारतों, 344 अपार्टमेंट, तीन निजी घरों, कई व्यवसाय और सामाजिक सुविधा केंद्रों को नुकसान पहुंचा है। रूस के रक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार बेलगोरोड और आस-पास के क्षेत्रों में शुक्रवार और शनिवार को यूक्रेन के सशस्त्र बलों द्वारा गोलाबारी की गई। मंत्रालय ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियों ने शनिवार को यूक्रेन द्वारा दागे गए रॉकेट और अधिकांश गोले को रोक दिया। शुक्रवार की रात को बेलगोरोड क्षेत्र के क्षेत्र में 13 रॉकेटों को नष्ट कर दिया गया।

## श्रीलंका में 20 हजार से अधिक अपराध संदिग्ध गिरफ्तार

**कोलंबो,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। श्रीलंका में पुलिस ने हाल ही में शुरू किए गए एक अभियान में नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों और अन्य आपराधिक गतिविधियों के सिलसिले में 20 हजार से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 17 दिसंबर को शुरू किए गए एक अभियान में ये गिरफ्तारियां कीं।



























सभी देशवासियों को


नववर्ष 2024

की हार्दिक शुभकामनाएं


## स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन के नए लीडर के रूप में उभरा आईसीसीपीएल

**नई दिल्ली।** प्रोफेशनल संचार सेवाओं में सबसे महत्वपूर्ण होता है रणनीतिक संचार जिसके अंतर्गत वर्तमान की जरूरतों के साथ भविष्य के लक्ष्य को भी साधा जाता है। जिसे हम स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन के तौर पर जानते हैं। देश में कुछ पीआर कंपनियां है जो संचार के इस महत्वपूर्ण हिस्से में अपनी महारत रखती है। दिल्ली एनसीआर में आईसीसीपीएल स्ट्रेटेजिक संचार की एक अग्रणी कंपनी बन कर उभरी है जो अगले स्तर का स्ट्रेटेजिक स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन और पीआर दपब्लिक रिलेशन) सेवाएं उपलब्ध करा रही है। अपने एक दशक के कार्यकाल में कंपनी ने 200 से अधिक कंपनियों को अपनी सेवाएं दे चुकी है।

इनोवेटिव कॉन्सेप्ट, मार्केट ड्रिवेन कम्युनिकेशन और क्राइसिस कम्युनिक. `शन आईसीसीपीएल की अन्य विशेषताएं है। कंपनी दिल्ली एनसीआर के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स को अपनी सेवाए दे रही है। इसमें कुछ डेवलपर्स अपने वर्ल्ड क्लास प्रोजेक्ट के लिए देश और दुनिया में जाने जाते हैं। आईसीसीपीएल ना सिर्फ स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन में है बल्कि डिजिटल मार्केटिंग के साथ, प्रोडक्शन में भी है। जो क्लांइट्स को ट्रेंड-सेटर वीडियो उपलब्ध कराते हैं। इ्च0 डिग्री कम्युनिकेशन सुविधाओं के साथ सभी सेक्टर के क्लांइट्स आईसीसीपीएल के स्ट्रेंथ को दर्शाते हैं। इसकी पूरे भारत में उपस्थिति है और लिस्टेड कंपनियों के साथ ही अन्य कंपनियां संचार सेवाएं ले रही हैं।



कंपनी में बढ़ते क्लाइंट-बेस पर आईसीसीपीएल के फाउंडर एवं डायरेक्टर दुष्यंत सिन्हा ने कहा, श्हम संचार में लगातार नये कॉन्सेप्ट को लाने की कोशिश करते रहते हैं। यही कारण है कि हम अब तक 200 से अधिक कंपनियों को अपनी सेवाएं दे चुके हैं। हमें कम्युनिकेशन एक्सपर्ट के तौर पर काम करते हुए एक दशक से अधिक हो गया है। इस एक दशक में कुछ क्लांइट्स ऐसे भी जो अब तक हमसे जुड़े हुए है। हमारी इस उपलब्धि में हमारी टीम का भी योगदान है जो सेल्फ मोटिवेटेड है और जो नये आयडिया के साथ हमेशा कम्युनिकेट करने के लिए तैयार रहती है।

**Dushyant Sinha**
Founder Director

DigiComm | COTECH | STUDIO-360 We create brands

www.iccpl.in

# जनता को सिर्फ काम की राजनीति पसंद : केजरीवाल

**■ मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक को किया संबोधित**

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नेशनल परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की यह 12वीं नेशनल काउंसिल की मीटिंग है। किसी भी पार्टी के इतिहास में 12 साल का समय कुछ भी नहीं होता है। एक आदमी को एमएलए की सीट जीतने में पूरी जिंदगी बीत जाती है और कई चप्पलें घिस जाती हैं। 12 सालों में आम आदमी पार्टी को अभूतपूर्व सफलता मिली है। इसका केवल एक ही कारण है कि हमने वो काम करके दिखाया है, जो 75 सालों में दूसरी पार्टियां नहीं कर पाई हैं। इन पार्टियों से लोग दुखी थे, लोगों की जिंदगी दिन पर दिन दूभर होती जा रही थी। आम आदमी पार्टी को लोगों ने पहले दिल्ली में और फिर पंजाब में मौका दिया। हमने जो काम किए, ऐसे काम किसी और पार्टी ने कभी करके ही नहीं दिखाए थे। हम शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, महंगाई और रोजगार की बात करने लगे, जो किसी और पार्टी ने कभी नहीं की थी। देश में पहली बार पहली बार लोगों को इन पार्टियों का एक सही विकल्प मिला और लोगों को काम की राजनीति पसंद आने लगी। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में हो रहे काम का श्रेय सीएम भगवंत मान को देते हुए कहा कि पिछले 75 सालों से पंजाब में इन दोनों पार्टियों ने एक-एक करके राज किया और राज्य का वो



**12 साल में आम आदमी पार्टी को मिली अभूतपूर्व सफलता : अरविंद केजरीवाल**

हाल कर दिया कि युवा, व्यापारी, जनता और किसान सभी दुखी थे। इन लोगों ने सरकारी खजाना लूटकर खाली कर दिया था। इसके बाद करीब दो साल पहले दिल्ली के कामों को देखकर करीब पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी को मौका दिया। दो साल के अंदर पंजाब में जो काम हुए हैं, वो ये दिखाता है कि अगर पूर्ण राज्य में हमारी सरकार हो तो आम आदमी पार्टी कितनी तेजी के साथ काम कर सकती है। जितने काम हम लोगों ने दिल्ली के अंदर 8-9 साल में किए, आज पंजाब के अंदर कई क्षेत्रों में उससे ज्यादा काम हो चुके हैं। केजरीवाल ने पंजाब में 'आप' सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि देश के ऐसे ढेरों इलाके हैं, जहां बिजली नहीं आती है। दिल्ली की तरह पहले पंजाब में भी बिजली नहीं आती थी, लेकिन 24 घंटे फ्री बिजली मिलती है। जब हमारी सरकार बनी थी तो 6-7 घंटों के लंबे पावर कट लगते थे। हमने लोगों से हम 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था। सरकार बनने के बाद हमें लगा था कि 24 घंटे बिजली देने में कम से कम 4-5 साल लग जाएंगे। लेकिन दो साल के अंदर आज पंजाब में 24 घंटे बिजली आ रही है और पावर कट नहीं लगते। पहले किसान बिजली के लिए तरसता रहता था, लेकिन आज उसे पूरी बिजली मिल रही है। अब पंजाब में लगभग 90 फीसदी लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। सबसे अच्छी बात ये है कि बिजली बनाने वाली सरकारी कंपनी पीएसपीसीएल हमारी सरकार बनने से पहले वह घाटे में चल रही थी। लेकिन पंजाब में हमारी सरकार बनने के बाद लोगों को 24 घंटे फ्री बिजली मिलने लगी और कंपनी को करीब 540 करोड़ रुपए का मुनाफा भी हुआ। इसका कारण बिल्कुल साफ है कि हमारी नियत साफ है, हम मेहनत करते है, हम पढ़े-लिखे लोग हैं। केजरीवाल ने कहा कि अभी तक हम देखते थे कि जब भी कोई सरकार बनती है तो सबसे पहले वो लोग सरकारी कंपनियां (पीएसयू) बेचना शुरू कर देते हैं। वो एयर लाइंस, एयरपोर्ट, कोयला खदान, भेल, रेल सब कुछ बेच देते हैं। सभी जानते हैं कि बेचने में किस तरह से भ्रष्टाचार होता है। 10 हजार की सरकारी कंपनी को एक हजार करोड़ में ही दे देते हैं। फिर प्राइवेट कंपनी उससे खूब पैसा कमाती है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे काम में एलजी ने अड़चनें लगाई : केजरीवाल

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारे काम में एलजी साहब और केंद्र सरकार से काफी अड़चनें लगाई और काफी जद्दोजहद के बाद आज दिल्ली 500 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जबकि पंजाब में केवल डेढ़-दो सालों के अंदर 650 मोहल्ला क्लीनिक काम कर रहे हैं और 26 जनवरी तक इनकी संख्या 750 हो जाएगी। इसी तरह से पंजाब के लगभग 40 बड़े सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प किया जा रहा है। इन अस्पतालों को प्राइवेट अस्पतालों से भी बेहतर बनाया जा रहा है। पूरे पंजाब में अगर किसी को बड़ी बीमार होती है, वो बड़े अस्पतालों मे जाकर मुफ्त में इलाज करवा सकते हैं। लोगों को दवाई और इजाल का कोई खर्चा नहीं देना होगा। इसी तरह, पंजाब में 20 हजार सरकारी स्कूल हैं और सभी स्कूलों में कुछ न कुछ काम चल रहा है। कहीं टॉयलेट ठीक हो रहे हैं, कहीं पीने के पानी का इंतजाम हो रहा है, कहीं टीचर्स को ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है। प्रिंसिपल को विदेश ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है और बिल्डिंग की मरम्मत की जा रही है। मात्र दो सालों में स्कूल के नतीजे भी अच्छे आने लगे हैं। अभी हाल ही में मैंने अमृतसर में एक मॉडल सरकारी स्कूल का उद्घाटन किया था। उस तरह के 117 और स्कूल ऑफ एमिनेंस बनाए जा रहे हैं, जो किसी भी प्राइवेट स्कूल को मात देते हैं।

# राजधानी में कोरोना संक्रमण के दस नए मामले आए सामने

**■ स्वास्थ्य मंत्री बोले, नए वेरिएंट से घबराने की नहीं है जरूरत**

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोरोना के नए वेरिएंट जेएन1 सामने आने से लोगों की चिंता बढ़ गई थी। लेकिन दिल्ली में 599 जांच में 10 लोग ही कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कोरोना का बहुत हल्का वेरिएंट है। इससे घबराने की नहीं सतर्क रहने की जरूरत है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमारा अनुमान था कि दक्षिण भारत में कोरोना संक्रमण के बढ़ने के बाद उत्तर भारत में भी इसके केस बढ़ेंगे। पिछली रिपोर्ट में 599 टेस्ट 1 दिन में किए गए थे जिसमें करीब 10 टेस्ट पॉजिटिव रिपोर्ट दर्ज हुई। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि, अभी राजधानी में केवल छह कोरोना संक्रमित मरीच अस्पताल में भर्ती हैं। पैनिक की सिचुएशन नहीं होनी चाहिए। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लोगों को सतर्कता बरतनी जरूरी है। बता दें कि दक्षिण भारत में कोरोना संक्रमण का नया वेरिएंट मिलने के बाद लोगों की चिंता बढ़ गई है। उत्तर भारत में भी कोरोना संक्रमित मिलने लगे हैं। हालांकि यह कोरोना का वेरिएंट पहले वाले वेरिएंट जितना खतरनाक नहीं है। लोग जरूरी एहतियात अपना कर घर पर भी दवा लेकर स्वस्थ हो रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार कोरोना के इसने वेरिएंट को लेकर सतर्क हैं। स्वास्थ्य विभाग



की ओर से ज्यादा से ज्यादा जांच भी की जा रही है जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

सर्दी के कारण भी लोगों को सर्दी जुकाम बुखार जैसी समस्याएं आ रही हैं। ऐसे में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है।

## सार संक्षेप

### ऊषा केबल इंडस्ट्रीज ने एग्रीकल्चर वॉटर प्रूफ हीट प्रोजेक्ट केबल बाजार में उतारा



नई दिल्ली। भारत की आईएसआई और बीएसआई प्रमाणित कम्पनी ऊषा केबल इण्डस्ट्रीज के ब्राण्ड ऊषा केबल ने किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एग्रीकल्चर वॉटर प्रूफ हीट प्रोजेक्ट केबल एक्स एल पी समर सेबल केबल को बाजार में उतारा है। ऊषा केबल इंडस्ट्रीज के निदेषक अमन गुप्ता ने कहा कि हमारी कम्पनी ने किसानों के लिए वॉटर प्रूफ हीट प्रोजेक्ट केबल एक्स एल पी समर सेबल केबल को खास तरह से खास तरह से डिजाइन किया गया है इस केबल के माध्यम से अधिक लोड होने पर मोटर जलने की समस्या को कम किया जा सकता है। यह केबल मोटर पर अधिक लोड होने पर केबल फ्यूज की तरह उड़ जायेगा और मोटर को जलने से बचाया जा सकेगा। कम्पनी निदेशक अमन गुप्ता ने बताया कि कम्पनी का मल्टी कोर राउण्ड रबराइज सिलिकॉन सॉफ्ट पीबीसी केबल जो माइनस 30 डिग्री टेम्पेरेचर पर भी काम करती है के साथ वॉटर प्रूफ हीट प्रोजेक्ट केबल एक्सएलपी समर सेबल केबल भी भारत के सभी बाजारों में किफायती दामों पर उपलब्ध है।

### मां की हत्या के आरोप में संस्कृत शिक्षक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** छात्रों के जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी पढ़ाने वाली दिल्ली की एक शिक्षिका ने संपत्ति विवाद में अपनी 65 वर्षीय मां की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान रणहौला गांव निवासी बीरमति के रूप में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना शनिवार सुबह 5 से 5.30 बजे के बीच हुई। उसकी गर्दन, हाथ और पैर पर कटे के निशान थे। जांच के दौरान पता चला कि बीरमति सुबह करीब 5 बजे अपने घर के पास स्थित अपने प्लॉट पर गई थी और जब सुबह करीब 5.30 बजे उसके बेटे देवेंद्र की पतनी आशा प्लॉट पर गई तो प्लॉट के अंदर अपनी सास को मृत पाया। परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद था और उनके पति, 70 वर्षीय ईश्वर, जो एक पूर्व सैनिक हैं व आध्यात्मिकता की ओर रुख कर चुके हैं कहीं बाहर रहते थे।

### केजरीवाल सरकार की पहचान बन गया है भ्रष्टाचार : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की दुर्दशा के लिए आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार बताते हुए भाजपा ने कहा है कि आज भ्रष्टाचार दिल्ली की केजरीवाल सरकार की पहचान बन गया है और वर्ष 2023 में केजरीवाल सरकार स्वच्छता, लैंडफिल साइट्स क्लीयरेंस, प्रदूषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सार्वजनिक परिवहन के मामले में दिल्ली में पूरी तरह विफल रही है। इसके साथ ही भाजपा ने अयोध्या के राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पर विवाद खड़ा करने के लिए भी केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज की निंदा की है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल ने 2023 में दिल्ली को विकास के मामले में पूरी तरह से विफल कर दिया है और आज भ्रष्टाचार दिल्ली की स्थानीय सरकार की पहचान बन गया है। 2015 से 2022 तक हमने हमेशा अरविंद केजरीवाल को यह कहते हुए सुना है कि जिस दिन दिल्लीवासी उन्हें दिल्ली नगर निगम में सत्ता देंगे, वे दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ शहर में बदल देंगे, लेकिन एक साल बाद दिल्ली भारत के सबसे खराब महानगर के रूप में सामने खड़ी है।

# हरसंभव प्रयास कर सफाई कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाएगी : संजय गहलोत

**■ लाड़पुर गांव में पीड़ित निवासियों के बीच पहुंचे दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन**



**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। कंझावला क्षेत्र के लाडपुर गांव में रविार को वर्ष के अंतिम दिन सफाई कर्मचारी परिवारों के आह्वान पर उनकी अति ज्वलंतशील समस्या के मद्देनजर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत उनके बीच पहुंचे। लाड़पुर गांव के निवासी जो एमसीडी में सफाई कर्मचारी भी है उन्होंने चेयरमैन संजय गहलोत को बताया कि 26 दिसम्बर को डीएम कंझावला कार्यालय द्वारा गांव की पैमाईश हो चुकी है जिसके तहत रोड़ चौड़ा करने हेतु सैंकड़ो कर्मचारियों के मकान गिराए जाएंगे जबकि यहां के निवासी वर्ष 1951-52 से पहले यहां निवास कर रहे हैं। आपबीती बताते हुए कर्मचारियों ने चेयरमैन को बताया कि कड़कती ठंड में उन्हें अपने आशियाने उजड़ने का भयंकर डर सता रहा है चूंकि सरकार ने इस बाबत इन्हें विस्थापित करने हेतु किसी प्रकार का कोई अन्य विकल्प भी नही दिया है। आज इस संदर्भ में मौके पर मौजूद सैंकड़ों कर्मियों जिनमें महिलाएं पुरुष भी शामिल थे अपना लिखित प्रार्थना पत्र भी सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत को सौंपा। चेयरमैन संजय गहलोत ने लाडपुर निवासियों को आश्वस्त किया कि इस गम्भीर मामले में त्वरित कार्रवाई की जाएगी एवं सम्बंधित जिला अधिकारी को आयोग में तलब किया जाएगा, पूरी जानकारी ली जाएगी और हरसम्भव प्रयास करके कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख समाज सेवक सुरेंदर म्हरोलिया, डॉक्टर राजेश सूद, हरकेश लाड़पुरिया, स्वीटी हरकेश इत्यादि भी शामिल रहे।



■ नई दिल्ली में गिरते तापमान से मौसम में बढ़ती ठंड के चलते लकड़ी जलाकर आग तापते स्थानीय लोग। फोटो अजय मेहता

# सामूहिक कार्यक्रमों में सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं, नेताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 108वें एपिसोड को हजारों बूथों पर सुना। दिल्ली गेट वार्ड में पार्टी




के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, महामंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में मन की बात सुनी। जनकपुरी विधानसभा के बूथ 29 में संगठन महामंत्री पवन राणा ने जम्मू-कश्मीर के सहप्रभारी आशीष सूद की उपस्थिती में तो वहीं केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं करोलबाग जिलाध्यक्ष सुनील कक्कड़ की उपस्थिती में इन्द्रपुरी में आयोजित विकसित भारत यात्रा मेले के बीच संदेश सुना। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कालीचरण कैम्प, ओखला सब्जी मंडी में झुग्गी वासियों के साथ, जामा मस्जिद पार्क में दिल्ली भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यक्रम में मोर्चा अध्यक्ष अनीस अब्बासी एवं हज कमेटी अध्यक्ष कौसर जहां के साथ सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री के संदेश को सुना। प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत ने मटियाला में, योगेन्द्र चंदोलिया ने करोलबाग विस में मन की बात सुनी।

# दिल्ली मेट्रो में आपस में भिड़ी दो महिलाएं

**खींचे बाल व चले थप्पड़**

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली मेट्रो के आए दिन ऐसे वीडियो सामने आते रहते हैं जो लोगों को अपनी ओर ध्यान खींच ही लेता है। कभी डांस, तो कभी आपत्तिजनक हरकते करते कपल, तो कभी सीट के लिए उलझते यात्री। इस तरह की हरकतों से मेट्रो की छवि भी धूमिल होती है।

इन दिनों एक ओर वीडियो सामने आया है, जिसमें दो महिलाएं आपस में भिड़ गई हैं। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि कोच में काफी भीड़ है। इसी बीच, दो महिलाओं के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होती है। इसके बाद एक महिला थप्पड़ मार देती है। इसके बाद दोनों आपस में भिड़ जाती हैं। एक महिला की कई सहेलियां होती है। वह सामने वाली महिला पर टूट पड़ती है। इतना ही नहीं, वे एक दूसरे के बाल खींचने लगती है और थप्पड़ तक चल जाता है। वहीं, आसपास मौजूद महिलाएं दोनों को अलग करने की कोशिश करती हैं, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पाती है।

## आसपास मौजूद लोग वीडियो बनाते रहे

काफी मशक्कत के बाद यात्रियों ने सभी महिलाओं को शांत कराया। इस दौरान कई यात्री घटना का वीडियो बनाते रहे। वीडियो बनाते महिलाओं का भी वीडियो सामने आया है। घटना पर कई यूजर्स ने इसकी आलोचना भी की। बता दें, दिल्ली मेट्रो लगातार इस तरह की घटनाओं को लेकर चेतावनी जारी करती रहती है, लेकिन इसका लोगों पर कोई असर नहीं पड़ता है। वे अपना गुस्सा मेट्रो में उतारते दिखते हैं।

# राजधानी की हवा बेहद खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में हवा की गति कम होने के साथ ही आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। रविवार को लगातार तीसरे दिन एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 दर्ज किया गया। इसमें शनिवार के मुकाबले 18 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। 14 इलाकों की हवा गंभीर श्रेणी में रही। साथ ही, 21 इलाकों में हवा बेहद खराब व एक इलाके में खराब श्रेणी में रही। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। कमोबेश बुधवार तक यही स्थिति बनी रहेगी। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवा पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार किलोमीटर प्रति घंटे रही। सोमवार को हवा उत्तर-पश्चिम से उत्तर दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति चार किलोमीटर प्रतिघंटे रह सकती है।

**आयोजन** *ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित*

# सेमिनार में तीन सौ डॉक्टरों व हकीमों ने की शिरकत

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस तेलंगाना स्टेट की ओर से 45वां नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिस की अध्यक्षता ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर मुश्ताक अहमद ने की। सेमिनार में प्रोफेसर डॉ. नारायण एस. जाधव, मिंबर बोर्ड ऑफ एथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन, नैशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसीन डॉ. यूनुस इफ्तेखार मुंशी, डायरेक्टर नैशनल रिसार्च इंस्टीट्यूट ऑफ युनानी मेडिसीन फॉर स्किन डिस ऑर्डर हैदराबाद, डॉ. मोहमद अता उल्ला शरीफ राष्ट्रीय उपाध्याक्ष तिब्बी कांग्रेस, डॉ. सैय्यद अहमद खान राष्ट्रीय महासचिव तिब्बी कांग्रेस, डा. जय वसंत राव।

एडिशनल डायरेक्टर यूनानी आयुष विभाग, डॉ. श्रीनुवस्लु गोदुगु रजिस्ट्रार, बोर्ड ऑफ इंडियन मेडिसिन तेलंगाना, प्रोफेसर डॉ. एसजेबी बुखारी प्रिंसिपल निज़ामिया मेडिकल कॉलेज, हैदराबाद, प्रोफेसर डॉ. अहसन फारूकी राष्ट्रीय अध्यक्ष, अकादमिक विंग तिब्बी कांग्रेस, डॉ. मोहम्मद शफीक अहमद ड्रग इंस्पेक्टर और डॉ. मिन्हाजुद्दीन खान अध्यक्ष मेडिकल ऑफिसर्स विंग, तेलंगाना के अलावा देश भर से बड़ी संख्या में यूनानी डॉक्टरों और हकीमों ने भाग लिया। सेमिनार में यूनानी चिकित्सा संबंधी मामलों पर डॉ.मुश्ताक अहमद ने विस्तार से चर्चा की और कहा कि ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस यूनानी को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है और जरूरत पड़ने पर सरकारों के साथ मिल कर काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान यूनानी की रिक्त भर्तियों की नियुक्ति, नए औषधालयों की मंजूरी, नारायण गौड़ा में 120 बिस्तरों वाली औषधालय की शुरआत पर भी खास बातचीत हुई, तथा एनसीआईएसएम भारत सरकार द्वारा निशुल्क में बीयूएमएस और बीएएमएस डॉक्टर्स का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस सेमिनार में निजामिया तिब्बी कॉलेज एनआरआई यूएमएसडी के डक्टर्स और पी जी इस्कालर्स ने मालूमती मकाले (रिसर्च पत्र) पेश किए। सेमिनार में लगभग तीन सौ डाक्टरों व हकीमों ने भाग लिया और प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट से भी नवाजा गया।



■ यूनानी चिकित्सा संबंधी मामलों पर की गई विस्तार से चर्चा

■ सेमिनार में आए प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट से नवाजा गया

# नए साल के जश्न को लेकर डीएफएस ने की तैयारी

**■ दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर दमकल की गाड़ियां कीं तैनात**

**■ शहर में 10 से 12 संवेदनशील स्थानों की पहचान की**

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में जहां एक तरफ नए साल का जश्न मनाने के लिए तैयारी चल रही हैं, वहीं दिल्ली अग्निशमन सेवा ने भी अपने इंतजाम कर लिए हैं जिससे कि जश्न अच्छी तरह से मनाया जा सके।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर अग्निशमन गाड़ियां तैनात की हैं जहां धूमधाम से जश्न मनाने और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ होने की संभावना है। डीएफएस के प्रमुख अतुल गर्ग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डीएफएस ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा के लिए विस्तृत व्यवस्था की है और इसके अलावा दमकल केंद्रों को अलर्ट पर रखा है। निम्नलिखित स्थानों पर दमकल की गाड़ी को तैनात रखा जाएगा जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं। अधिकारियों ने शहर में 10 से 12 संवेदनशील स्थानों की पहचान की है जहां विशेष व्यवस्था की गई है। इन स्थानों में अंसल प्लाजा, लाजपत नगर, कनॉट प्लेस, पालिका बाजार, गांधी नगर मार्केट, पैसिफिक मॉल, रानी बाग मार्केट, छतरपुर, मजनू का टीला, हौज खास विलेज मार्केट, गुरु हनुमान मार्ग, एयरो सिटी, मुखर्जी नगर और कालकाजी मंदिर क्षेत्र शामिल हैं। गर्ग ने पूर्व में कहा था, हमारा उद्देश्य सभी लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए खुशी का माहौल बनाए रखना है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"नोएडा समेत अन्य जितनी जगह पर आरोपी के होने की आशंका थी वहां पुलिस की तीन टीमों ने दबिश दी पर किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आशंका है कि आरोपी परिवार के साथ विदेश भाग सकता है, ऐसे में पुलिस ने रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर दिया है ताकि अगर वह हवाईअड्डे पर पहुंचे तो गिरफ्तार किया जा सके : **हरीश चंदर, डीसीपी क्राइम ब्रांच**

## इस साल लागू हो सकता है लिफ्ट एक्ट

**नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में स्थित सोसाइटियों व कमर्शियल बिल्डिंग में आए दिन हो रहे लिफ्ट से संबंधित हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद लिफ्ट एक्ट फाइलों में धूल फांक रहा है। नोएडा प्राधिकरण की तरफ से लिफ्ट एक्ट लागू करने के लिए एक प्रस्ताव करीब पांच साल

- **लागू नहीं होने से खतरे में लाखों जान**
- **आए दिन हो रहे हादसे**

पहले शासन को भेजा गया था, जो अभी तक मंजूरी के इंतजार में हैं। बताया गया कि इस साल लिफ्ट एक्ट लागू हो जाएगा। ऐसे में लिफ्ट से संबंधित कोई हादसा होने पर प्राधिकरण अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। पिछले कुछ सालों में हादसों को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने लिफ्ट एक्ट तैयार करने की योजना तैयार की थी। एक्ट को लागू करने के लिए वर्ष 2015 में फाइल तैयार की गई। इसे शासन को भेजा गया। इसके बाद वर्ष 2018 में संशोधन कर दोबारा फाइल को मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया। लेकिन अभी तक एक्ट पर शासन से मंजूरी नहीं मिली है। इसके बाद एक बार और रिमांइडर भेजा गया था।

खास बात यह है कि शहर की एओए व आरडब्ल्यूए कई सालों से लिफ्ट एक्ट की मांग प्राधिकरण से करते आ रहे हैं। कुछ खरीदारों के संगठनों ने मुख्यमंत्री से भी मांग कर रखी है। सोसाइटियों के लिए अभी तक स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी लागू की गई है लेकिन इस पॉलिसी में लिफ्ट का कोई प्रावधान नहीं है। खास बात यह है कि अभी प्राधिकरण सोसाइटी का अधिभोग प्रमाण पत्र जारी करते समय लिफ्ट लगी है या नहीं, इसको देखते हैं। लिफ्ट को लेकर बिल्डर से विद्युत सुरक्षा निदेशालय का पत्र ले लेते हैं। इसके बाद उसके मेंटीनेंस की जिम्मेदारी बिल्डर या एओए की होती है, प्राधिकरण कुछ जानकारी भी नहीं लेता।

### लिफ्ट एक्ट में ये नियम हो सकते हैं

- प्रत्येक सोसाइटी में एक इंजीनियर की नियुक्त करना होगा। लिफ्ट खराब होने या बंद होने पर वह तत्काल इसे ठीक कर सके।
- लिफ्ट कर वार्षिक मेंटेनेंस एग्रीमेंट लिफ्ट लगाने वाली कंपनी से बिल्डर या एओए को करना होगा।
- लिफ्ट की फ्रीक्वेंसी कितनी है यानी कितनी बार ऊपर नीचे जाती है इसकी रिपोर्ट देनी होगी।
- लिफ्ट मेंटेनेंस कैसे और कौन सी कंपनी करेगी। एक रिपोर्ट प्राधिकरण में देनी होगी। जिसे प्राधिकरण के इंजीनियर या चयन की गई कंपनी सत्यापित करेगी।
- कितने साल बाद इसमें बदलाव करना होगा।
- एक हाइराइज इमारत में कितने वेट और क्षमता की लिफ्ट लगेगी
- लिफ्ट के अंदर गार्ड और इमरजेंसी सिस्टम की व्यवस्था
- लिफ्ट में ऑक्सीजन सिलेंडर।
- लिफ्ट इमरजेंसी फोन सिस्टम, अलार्म सिस्टम की व्यवस्था होनी चाहिए।

**लिफ्ट एआरडी नहीं होने से भी हो रहे हादसे**

लिफ्ट में हो रहे हादसों को रोकने के लिए इलेक्ट्रिकल और मैनटेनेंस विभाग की ओर से वर्ष 2015 में सभी लिफ्टों में ऑटोमेटिक रेस्क्यू डिवाइस लगाना अनिवार्य कर दिया गया था। बिना इसके लगाए बिल्डर कंपलीशन सर्टिफिकेट हासिल नहीं कर सकता है लेकिन प्राधिकरण से यह चोरी-छिपे हो जाता है। ये एक ऐसी डिवाइस है जो लिफ्ट को गिरने से रोकती है। यदि लिफ्ट का सॉफ्टवेयर फेल हो जाए तो ये डिवाइस दो फ्लोर के बीच लगी होती है जो ऑटोमेटिक नजदीक के फ्लोर पर जाकर खुल जाएगी।

**गुजरात और हरियाणा में लागू है एक्ट**

गुजरात और हरियाणा में लिफ्ट एक्ट लागू है। जो नियम वहां लागू हैं और कुछ नए बिंदु जोड़कर शासन को भेजे गए। प्राधिकरण अधिकारी भी मानते हैं कि यहां पर भी लिफ्ट के हादसों को लेकर जबावदेही तय होनी जरूरी है।

## रेल विकास निगम लिमिटेड को आवंटित जमीन पर बनेगा डेटा सेंटर

**नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने रेल विकास निगम लिमिटेड को कारपोरेट ऑफिस के लिए आंवटित की गई जमीन का भू प्रयोग बदल दिया है। इस जमीन को अब डेटा सेंटर के आवंटित किया जाएगा। दरअसल 2017 में नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-153 में रेल विकास निगम लिमिटेड को 23 हजार 36 वर्गमीटर जमीन आवंटित की थी। जिसमें भूखंड संख्या ए-45, 52, 56 और 63 थे। नियम के मुताबिक इस जमीन पर तीन साल में निर्माण कर यहां कार्यशील सर्टिफिकेट हासिल करना था। ऐसा नहीं किया गया। इसलिए प्राधिकरण ने 213वीं बोर्ड में इस जमीन का भू प्रयोग बदलकर इसे आईटी/आईटीईएमस के तहत कर दिया। यानी अब ये जमीन डेटा सेंटर के लिए आवंटित की जाएगी। दरअसल, 2017 में स्कीम के तहत नोएडा प्राधिकरण ने ये प्लाट 70 हजार 770 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर पर आवंटित किया है। प्राइम लोकेशन व कॉर्नर के हिसाब से यह दर 73 हजार 600 रुपये प्रति वर्ग मीटर के करीब हो गई। इस स्कीम में यह ऑफर था कि जो आवंटी 60 दिन के अंदर पूरी रकम जमा करा देगा, उन्हें ब्याज आदि की छूट की सुविधा मिलेगी। रेल विकास निगम ने नोएडा प्राधिकरण को पहले कुल आवंटन राशि का 10 पर्सेंट रजिस्ट्रेशन के समय जमा करा दिया। बाकी 90 पर्सेंट रकम भी लोकेशन चार्ज के साथ कुल 170 करोड़ रेल विकास निगम ने अलॉटमेंट लेटर मिलते ही जमा कर दी। फिलहाल जमीन पर निर्माण नहीं करने पर अब इस जमीन का भू प्रयोग बदल दिया गया है।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, 9 मोबाइल फोन बरामद

**नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर 58 पुलिस की शातिर मोबाइल लुटेरे से मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों घायल बदमाशों के कब्जे से लूट के 9 मोबाइल फोन, दो तमंचे और एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद हुई। दरअसल नोएडा की थाना सेक्टर 58 पुलिस के द्वारा सेक्टर 57 के पास चेकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान पुलिस को एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वह लोग नहीं रुके और उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को वापस दौड़ा दिया। पुलिस ने उनका पीछा करना शुरू किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की।

पुलिस द्वारा की गई फायरिंग के दौरान उनकी मोटरसाइकिल गिर गई और दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने दोनों बदमाशों को दौड़कर पकड़ लिया। बदमाशों की पहचान गाजियाबाद निवासी अनिकेत और नोएडा निवासी अंशुल के रूप में हुई। गोली लगने की वजह से घायल हुए दोनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूट के 9 मोबाइल फोन बरामद



किए। इसके अलावा तमंचा कारतूस भी बरामद किए गए और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई जो कि बिना नंबर प्लेट की थी। नोएडा के एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को पैर में गोली लगने की वजह से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे हैं, जो मोटरसाइकिल पर सवार होकर राह चलते लोगों से सुनसान स्थान पर मोबाइल लूटकर फरार हो जाते थे। हाल ही में इन लोगों ने नोएडा के अलग-अलग थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों बदमाशों पर करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। बाकी उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।



## भाजपा नेताओं ने संजय कुमार खंडुलिया शॉल भेंटकर किया सम्मानित

**गाजियाबाद,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिहार में सियासी हलचल के बीच दिल्ली आए बीजेपी नेताओं से बिहार प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बिरज कुमार सिंह उर्फ अर्जुन सिंह और बीजेपी नेता राजेश कुमार सिंह ने पार्टी के उपाध्यक्ष संजय कुमार खंडुलिया को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही बिहार बीजेपी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह को भी सम्मानित किया। इस मौके पर मौजूद बिहार बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल को भी पुष्प गुच्छ और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर दिल्ली के वेस्टर्न कोर्ट में हुए आत्मीय मुलाकात के दौरान बिहार की राजानीति पर चर्चा भी की साथ ही किसानों को मजबूत बानने को लेकर चर्चा।

## नगर आयुक्त ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण, आश्रितों ने बोला थैंक यू नगर निगम

**गाजियाबाद,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रातः भ्रमण के दौरान विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त ने कवि नगर जोंन अंतर्गत सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गयाए जिसके क्रम में नगर आयुक्त ने राजनगर स्थित रैन बसेरों का भी औचक निरीक्षण किया, मौके पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली, नगर आयुक्त ने आश्रितों से वार्ता की तथा उनका हाल-चाल लिया, आश्रितों द्वारा नगर आयुक्त से मिलकर गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद किया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नेआश्रय स्थलों पर नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, देहरादून, सहारनपुर, हल्द्वानी, के ठहरे हुए रहागीरों से बात की जिनके द्वारा रात्रि में आश्रय लिया गया बेहतर व्यवस्था के साथ ठंड का समय गुजारा गया जिसके लिए गाजियाबाद नगर



निगम का धन्यवाद जताया गया। रैंन बसेरों में लगे हुए हीटर, गर्म बिस्तर, अलाव, से काफी राहत का अनुभव निराश्रितों को हो रहा है, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं जिसके लिए नगर आयुक्त द्वारा भी औचक निरीक्षण किया गया मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, नजारत प्रभारी डॉ अनुज, जोनल प्रभारी कवि नगर, एस एफआई अशोक उपस्थित रहे।

### साल के आखिरी दिन अवकाश दिवस पर लगे हाउस टैक्स वसूली कैंप, जमा किए 33 लाख'



गाजियाबाद। नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार सम्मानित करदाताओं की सहूलियत हेतु पांचो जोन में कैंप लगाए गए। जोनल प्रभारी के नेतृत्व में आसपास के क्षेत्र में लगे हुए कैंप का प्रचार प्रसार भी कराया गया, लगभग 33 लाख की वसूली की गई, कवि नगर जोन अंतर्गत 5 लाख 38 हजार, विजयनगर जोन अंतर्गत 7 लाख 95 हजारए मोहन नगर जोन अंतर्गत 3 लाख 3 हजारए सिटी जोंन अंतर्गत 3 लाख 25 हजार, वसुंधरा जोन अंतर्गत 12 लाख 39 हजार वसूली की गई। साल के आखिरी दिन जोनों में लगाए गए हाउस टैक्स वसूली कैंप के लिए नगर आयुक्त द्वारा टीम का उत्साह वर्धन किया गया। जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के सहयोग से शहर हित में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है, हाउस टैक्स के साथ-साथ करेततर की वसूली को बढ़ाने के लिए टीम ने कार्यवाही तेज कर दी हैए नगर आयुक्त द्वारा भी करेततर की वसूली को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## अब क्राइम ब्रांच करेगी 28.07 करोड़ की धोखाधड़ी मामले की जांच

**नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-22 स्थित साउथ इंडियन बैंक के सहायक प्रबंधक द्वारा 28.07 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच अब जनपद की क्राइम ब्रांच करेगी। अभी तक इसकी जांच सेक्टर-24 पुलिस कर रही थी। डीसीपी हरीश चंदर ने मामला क्राइम ब्रांच में ट्रांसफर होने की पुष्टि की है। करोड़ों की धोखाधड़ी और गबन के मामले में संबंधित बैंक के डीजीएम रिजनल ने सहायक प्रबंधक,उसकी मां और पत्नी समेत अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में बीते दिनों केस दर्ज कराया था। शिकायत में रैनजीत आर नायक ने बताया था कि उन्हें पिछले कुछ दिनों से सेक्टर-22 स्थित शाखा से गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। जिस पर विभाग ने अपनी विजिलेंस टीम से यहां की जांच कराई। जांच में पता चला कि सेक्टर-48 स्थित एसोसिएट इलेक्ट्रानिक्स रिसर्च फाउंडेशन नामक कंपनी के खाते से सहायक बैंक प्रबंधक राहुल शर्मा ने 28.07 करोड़ रुपये पत्नी भूमिका शर्मा और मां सीमा समेत अन्य के खातों में ट्रांसफर कर कंपनी व बैंक के साथ धोखाधड़ी की है। इस मामले में एसोसिएट इलेक्ट्रानिक्स रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने तीन, चार और छह दिसंबर को ईमेल से शिकायत दर्ज कराते हुए खाते से रुपये बिना अनुमति व जानकारी के ट्रांसफर करने के आरोप लगाए थे। मूल रूप से हरियाणा के रोहतक में रहने वाला राहुल शर्मा वर्तमान में सेक्टर-27 में परिवार के साथ रहता है। केस दर्ज होने के बाद वह दोनों पतों पर नहीं मिला है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस उन खातों की जांच कर रही है जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है। योजना के तहत धोखाधड़ी के लिए सहायक प्रबंधक ने अपनी मां और पत्नी समेत अन्य लोगों का संबंधित बैंक में खाता खुलवाया। खाते को सत्यापित करने के बाद आरोपी ने इन्हीं खातों में निजी कंपनी के करोड़ों रुपये ट्रांसफर कर लिए। 20 से अधिक बार में रकम ट्रांसफर की गई।

**विदेश भागने की आशंका**

डीसीपी ने बताया कि नोएडा समेत अन्य जितनी जगह पर आरोपी के होने की आशंका थी वहां पुलिस की तीन टीमों ने दबिश दी पर किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आशंका है कि आरोपी परिवार के साथ विदेश भाग सकता है, ऐसे में पुलिस ने रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर दिया है ताकि अगर वह हवाईअड्डे पर पहुंचे तो गिरफ्तार किया जा सके।

## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा

**नोएडा।** साइबर ठगी के एक मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी की गिरफ्तारी नोएडा से जबकि दूसरे की न्यू अशोक नगर से हुई है। आरोपियों के पास से ऑनलाइन ठगी के लिए दी जाने वाली बैंक खातों की किट भी बरामद हुई है। दोनों आरोपियों को लेकर पुलिस महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गई। जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के मुंबई की पुलिस पिछले कई दिनों से साइबर अपराधियों का पीछा कर रही थी। पुलिसकर्मी एक आरोपी को सर्विलांस के जरिये ट्रेक कर रहे थे। थाना फेज-वन क्षेत्र से पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान जालौन के संतोष कुमार के रूप में हुई। संतोष किसी अज्ञात व्यक्ति को ठगी का शिकार बनाने के लिए बैंक खातों के बारे में जानकारी संबंधी किट लेने आया था। एक अन्य आरोपी हरद्वार को पुलिस से अशोक नगर से दबोचा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**नोएडा।** छिजारसी गांव से 13 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब किशोरी नहीं मिली तो पिता ने सेक्टर-63 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित की गई है। छिजारसी गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 13 वर्षीय बेटी को एक युवक से मोबाइल पर बात करते हुए पकड़ लिया था। उसके बाद 29 दिसंबर सुबह 11 बजे से बेटी कहीं चली गई है। शिकायतकर्ता को संदेह है कि जिस लड़के से वह बात करती थी, वही उसे बहला-फुसलाकर ले गया है।

### बाजार में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित सोम बाजार में रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोग जहां हत्या की आशंका जता रहे हैं वहीं पुलिस का दावा है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि बाजार में सुबह आठ बजे के करीब शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल की मालकिन के बेटे को धमकी देकर 50 हजार वसूलने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने रविवार को ऑनलाइन कॉल पर जान से मारने की धमकी देकर 50 हजार की रंगदारी वसूलने के मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 46 हजार 400 रुपये नगद, एक तमंचा व एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया कि लोनी बोर्डर पर इन्दिरपुरी निवासी दीपेश कुमार शर्मा ने 20 दिसम्बर को तहरीर दी कि एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल नम्बर 9293949596 से कॉल कर 25 लाख रुपए की सुपारी लेकर मारने की धमकी दी है । थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया । उन्होंने बताया कि स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना लोनी बोर्डर पुलिस ने मोबाईल नम्बर की सर्विलांस सेल से प्राप्त आईपी डाटा, आईपीडीआर, आईडी व अन्य तकनीकी माध्यम से प्राप्त अज्ञात अभियुक्त के फोटो आदि प्राप्त कर घटना का सफल



अनावरण किया। थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा मैनुअल इन्पुट व सर्विलांस की मदद से अभियुक्त की लोकेशन ट्रैस कर आलोक निवासी ग्राम लोनार थाना लोनार जिला-हरदोई हाल पता-गायत्री विहार बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बार्डर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 10 वीं तक पढ़ा है । उसे गूगल के माध्यम से पता चला था कि कुछ एप्लीकेशन ऐसी हैं जिनके माध्यम से अपनी पहचान छुपाते हुए ऑनलाइन कॉल की जा सकती है। जिससे मोबाईल ट्रैकिंग एवं सीडीआर निकाले जाने पर भी कोई कॉल डिटेल प्राप्त नहीं होती । उस तकनीक को सीखने के बाद मैं लोगों से रंगदारी मांगने, डराने धमकाने आदि कृत्यों के लिए कुछ ऐसे लोगों की तलाश में रहता था जो बिजनेसमैन या पूर्व से अमीर हों एवं जो अच्छी रकम देने में सक्षम हों। इसी ऑनलाइन कॉलिंग के माध्यम से मैंने ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल की मालकिन संतोष शर्मा के बेटे दीपेश शर्मा से ऑनलाईन कॉलिंग के माध्यम से कॉल कर जान से मारने की धमकी देकर पैसे की मांग की थी। मुझे पता था कि दीपेश शर्मा के पिताजी का पहले ही देहान्त हो गया है एवं ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल की मालकिन होने के कारण पैसे देने में सक्षम है । 29 दिसम्बर को मेरे द्वारा पुनः ऑनलाइन कॉलिंग के माध्यम से दीपेश कुमार शर्मा को कॉल कर जान से मारने की धमकी देकर पैसों की मांग की गयी जिसके एवज में वो काफी डर गया एवं मेरे द्वारा बताये गये स्थान बंद फाटक के उस पार बरेन क्रिकेट ग्राउंड में ईंटो के नीचे दीपेश कुमार शर्मा ने 50 हजार रख दिए थे। जिन्हें मौका पाकर मैं वह रुपए लेकर चला आया था। उन प्राप्त रुपयों में से मैने 3600 रुपए अपनी मौज मस्ती में खर्च कर लिए थे। रंगदारी में मांगे गये रुपयो में से 46400 रु0 मेरे पास बचे थे। मैं गूगल पर देखी वीडियो से बहक गया था तथा जल्दी पैसे कमाने के चक्कर में लालच में आ गया था।

## पत्थर की पिसाई कर गंदे पानी को यमुना में फेंकने के मामले में प्रधान समेत पांच पर केस

**नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का उल्लंघन कर पत्थर की पिसाई करने के बाद गंदे पानी को यमुना नदी में फेंकने के मामले में सेक्टर-126 पुलिस ने पाला प्रधान समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें दो अज्ञात भी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से तीन ट्रैक्टर, एक जेसीबी और पत्थर पीसने वाली मशीन बरामद की है। यमुना के डूब क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे क्रेशर के मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी है। खनन समेत अन्य संबंधित विभाग को भी मामले की जानकारी दे दी गई है। शिकायत में उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार को वह साथी उपनिरीक्षक छत्रपाल सिंह के साथ असगरपुर पुस्ता पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि यमुना पुस्ता के नीचे गांव असगरपुर के पाला प्रधान के खेत में अवैध तरीके से यमुना नदी के मध्य डूब क्षेत्र में रोड़ी, बदरपुर, पत्थर आदि की क्रैशर द्वारा पिसाई और धुलाई की जा रही है। मुखबिर ने यह भी बताया कि इससे निकलने वाले गंदे पानी को यमुना नदी में डाला जा रहा है। सारा काम अवैध रूप से किया जा रहा है। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश देने के लिए शिकायतकर्ता ने पीसीआर 23 पर तैनात उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार को मौके पर बुलाया। इसके बाद सूचना के बारे में संबंधित अधिकारियों को बताया गया। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के क्रम में अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी गयी। दबिश देने पर पता चला कि मौके पर पत्थर व बदरपुर का भंडारण किया गया है। पुलिस टीम को देखकर लोग भाग खड़े हुए। ट्रैक्टर और जेसीबी चालक मौके से झाड़ियों एवं ऊंचे-नीचे रास्ते का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस टीम ने मौके से तीन ट्रैक्टर, एक जेसीबी को कब्जे में ले लिया। पुलिस को जानकारी में पता चला कि ट्रैक्टर और जेसीबी पाला प्रधान जयकिशन की है। इसमें सत्यवीर और दो अन्य लोग भी शामिल हैं।

## हाईराइज फेडरेशन के प्रेसिडेंट बने निखिल सिंघल

**नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से नोएडा हाईराज



फेडरेशन की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में फेडरेशन के विभिन्न पदाधिकारी भी चुने गए। गौरतलब है कि निखिल सिंघल को सर्वसम्मति से नोएडा हाईराज फेडरेशन का प्रेसिडेंट चुना गया। वहीं आशुतोष राय-वाईस प्रेसिडेंट, कपिल मेहरा-सेक्रेट्री, नमिता-ज्वाईंट सेक्रेट्री, डॉ. अजित कुमार सिंह-ज्वाईंट ट्रेजरार, अविनाश कुमार- ट्रेजरार चुना गया। इस मीटिंग को संबोधित करते हुए, नोएडा हाईराज फेडरेशन के प्रेसिडेंट निखिल सिंघल ने कहा, नोएडा हाईराइज फेडरेशन नोएडा की सोसाइटियों की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रयासरत रहेगी। यह महासंघ एकजुटता के साथ एक समर्थन नेटवर्क भी स्थापित करेगा। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कोई भी सोसाइटी अपनी चुनौतियों का सामना करने में कभी अकेला ना पड़े। साथ मिलकर, हम सभी निवासियों के लिए नोएडा में अधिक कुशल, सुदर और सुरक्षित वातावरण बनाने का प्रयास करेंगे। यह महासंघ इंटर-सोसाइटी खेल प्रतियोगिताओं और अन्य पहलों के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहेगा। गौरतलब है कि नोएडा हाइराज फेडरेशन नोएडा के सेक्टरों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इन समस्याओं में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना से लेकर लंबित रजिस्ट्री कार्य, सौंदर्यीकरण परियोजनाएं और अथॉरिटी से अपर्याप्त जल आपूर्ति जैसे मुद्दे शामिल हैं। नोएडा हाईराईज फेडरेशन निवासियों का प्रतिनिधित्व करते हुए नोएडा अथॉरिटी के सामने इन समस्याओं को उजागर करते हुए साथ मिलकर तेजी से काम कराने का प्रयास करेगी ताकि ये समस्याएं जल्द-जल्द दूर हो सके।

## विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रान्त का विद्यार्थी समागम 'समुत्कर्ष' आयोजित

**गाजियाबाद,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रान्त का विद्यार्थी समागम 'समुत्कर्ष' में रविवार को कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग

- **वीके सिंह ने वर्तमान भारत की छवि और नए भारत की गति के बारे में बताया**

एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में गाजियाबाद जिले के सभी विद्यालयों ने भैया-बहिन सहभागिता की। इस कार्यक्रम के माध्यम से योगासन, व्यायाम -योग, तिष्ठ योग, लोक नृत्य, समूह गान व गीत, लघु नाटिका, घोष प्रदर्शन और सामूहिक समता का आयोजन



किया गया। कार्यक्रम में मंच से सभी विद्यार्थियों व आयोजकों को संबोधित करते हुए वीके सिंहने ने वर्तमान भारत की छवि और नए व आधुनिक भारत की गति के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं व बधाई दी। कार्यक्रम के संयोजक विपिन राठी ने बताया कि कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति की बारीकियों से अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि

समागम का उद्देश्य भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जाने वाली गतिविधियों को समाज के सामने रखना है। इस कार्यक्रम में विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों का प्रदर्शन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आने वाली भावी पीढ़ी को संगीत शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि भावी पीढ़ी का निर्माण हो सके।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल और मुख्य वक्ता डोमेश्वर साहू क्षेत्रीय संगठन मंत्री, विद्या भारती पश्चिम उ.प्र. व संगठन की स्वागत समिति उपस्थित रही।

उवाच "

आवासीय और औद्योगिक सेक्टर की अधूरी सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सभी सड़कों को पूरा कराया जाएगा :
**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण**

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना प्राधिकरण के सेक्टरों में अधूरी सड़कों का निर्माण शुरू




■ **आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों में जमीन पर कब्जा न मिलने से सड़कों का नहीं हो पा रहा था निर्माण**

**ग्रेटर नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर की अधूरी सड़कों का काम शुरू कर दिया गया है। इन सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। सड़कों के साथ अन्य काम भी कराए जा रहे हैं। इसके लिए परियोजना विभाग काम कर रहा है।

यमुना प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर की तमाम सड़कें अधूरी पड़ी हैं। कहीं पर कोर्ट केस हैं तो कहीं पर किसानों से सहमति नहीं बन पा रही है। इसके चलते सड़कों का निर्माण पूरा नहीं हो पा रहा है। अधूरी सड़कें होने से आवंटी भी अपने मकान का निर्माण नहीं कर रहे हैं। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस समस्या को दूर करने के लिए पहल की है। किसानों से वार्ता करके मामले निपटाए जा रहे हैं। आवासीय सेक्टर-17, 18, 20 और 22 डी की सड़कों को पूरा कराया जा रहा है। परियोजना विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सड़कों का निर्माण जल्दी से जल्दी पूरा करने का प्रयास चल रहा है।

इसके अलावा औद्योगिक सेक्टर की सड़कों को भी पूरा कराया जा रहा है। प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर-32 और 33 की रुकी हुई छह सड़कों को पूरा करने का काम शुरू हो गया है। सेक्टर 32 में दो और सेक्टर-33 में चार सड़कों को पूरा कराया जा रहा है। सड़कों का काम अधूरा होने से सीवर और ड्रेनेज के काम भी नहीं हो रहे थे। यहां भी किसानों से वार्ता करके काम शुरू कराया गया है। सड़क का काम रुका होने से अन्य विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। सड़कों के साथ ही सीवर और नाली का काम चल रहा है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि आवासीय और औद्योगिक सेक्टर की अधूरी सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सभी सड़कों को पूरा कराया जाएगा।

## ग्रेनो वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर प्रदर्शन व रजिस्ट्री को लेकर हुई बैठक




**ग्रेटर नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में घर खरीदारों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एकमूर्ति पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। मेट्रो की मांग को लेकर घर खरीदारों का प्रदर्शन लगातार जारी है। इनका कहना है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट को सिर्फ वादे मिलते हैं, वहीं मेट्रो दूसरी जगहों को मिलता है। घर खरीदारों ने रजिस्ट्री की समस्या पर भी बैठक हुई। घर खरीदारों ने कहा कि एनसीएलटी में ज्यादातर प्रोजेक्ट हैं, सरकार को इन प्रोजेक्ट में रहने वाले लाखों निवासियों के बारे में सोचना चाहिए। वहीं घर खरीदारों ने ये भी कहा कि स्पोर्ट्स सिटी जैसे प्रोजेक्ट को बाहर क्यों रखा गया है, जबकि यहां भी हजारों लोगों को बिना रजिस्ट्री के रहना पड़ रहा है। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम, दीपांकर कुमार, राजकुमार, रोहित मिश्रा, शैलेश कुमार सिंह, आरसी भट्ट, अनुराग खरे, अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि अब तो 2024 आ रहा है, सरकार मेट्रो की सौगात अब तो दे। लगातार विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रहे सुधांशु किशोर, बिपिन प्रसाद, गंगेश कुमार, रंजना सिंह, अनुपमा मिश्रा, मुकेश सहित कई लोगों ने कहा कि एनसीएलटी में प्रोजेक्ट होने की वजह से बड़ी संख्या में घर खरीदारों को सरकार के फैसले से कोई फायदा नहीं होगा। रजिस्ट्री के मुद्दे को आईआरपी से बात कर अथॉरिटी सुलझाए नहीं तो सरकार के इतने बड़े फैसले का लाखों लोगों को फायदा नहीं मिलेगा। वहीं स्पोर्ट्स सिटी जैसे प्रोजेक्ट के बारे में भी सरकार को सोचना चाहिए।



## राजनारायण की पुण्यतिथि पर सपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर समाजवादी चिंतक लोक बंधु राजनारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर लोकबंधु राजनारायण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि राज नारायण ऐसे प्रखर समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने हमेशा किसान मजदूर शोषित वर्ग के हितों के लिए संघर्ष किया और उनके हकों की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक बुलन्द किया। उन्होंने गरीबों पर हो रहे अन्याय का पुरजोर विरोध किया, जिसके लिए उन्हें अस्सी बार जेल तक जाना पड़ा। राज परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी उन्होंने फकीर जैसी जिंदगी को जिया और अपना सब कुछ गरीब असहायों की सेवा में समर्पित कर दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी बीरसिंह यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य, डॉ महेंद्र नागर, जिला महासचिव सुधीर तोमर, युनस प्रधान, उपदेश नागर, अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव रामशरण नागर एडवोकेट, महेश भाटी, राव संजय भाटी, अकबर खान मौजूद रहे।

## सोमवार को बंद रहेगा बस संचालन

रबूपुरा, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। सरकार द्वारा ड्राइवरों व वाहन मालिकों के खिलाफ लाये गए कानून के विरोध में सोमवार को रबूपुरा-बुलन्दशहर मार्ग पर बसों जा संचालन बंद रहेगा। आगे की रणनीति पर सर्व सहमति से विचार किया जाएगा। यूनियन के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा बस ड्राइवर व मालिकों के खिलाफ नया कानून लाया गया है। जिसमें सड़क हादसा होने पर भारी भरकम जुर्माना व सजा का प्रावधान किया गया है। जोकि वाहन चालकों के हित मे नहीं है। इसकी के चलते जिले भर में बस बंद रखने का निर्णय लिया गया है तथा जिलाधकारी को पत्र देकर समस्या से अवगत कराया गया है। सोमवार को रबूपुरा-बुलन्दशहर मार्ग पर बस संचालन बंद रहेगा।

## कृष्ण जन्म कथा में जमकर झूमे श्रोता

**रबूपुरा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। सिद्ध बाबा मंदिर ग्राम चांदपुर- शाहपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कृष्ण जन्म कथा का वर्णन किया गया। कथा परिसर में चॉकलेट व टॉफी प्रसादस्वरूप बांटकर जन्म उत्सव मनाया गया। श्रोताओं ने खूब नृत्य किया और बधाइयां गाई।



इसके साथ ही कथा वाचक आचार्य हरिकृष्ण कौशिक ने समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम जन्म आदि कथा का भी संगीत व श्लोकों के माध्यम से विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा जब ब्रह्मा आता है तो जीव के बंधन कट जाते हैं और जैसे ही माया को लेकर आये पहरेदार जग गए और बंधन लग गए ऐसे ही माया के आते ही जीव के बंधन फिर लग जाते है। इस मौके पर सैकड़ो पुरूष व महिलाएं मौजूद रहे।

## दुष्कर्म पीड़िता ने कोतवाली में खाया जहरीला पदार्थ, हालत नाजुक

■ **युवती का आरोप रिश्ते के मामा ने किया था दुष्कर्म, पुलिस से कार्यवाई करने लगा रही थी गुहार**

**दनकौर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। दुष्कर्म की शिकायत करने रविवार को दनकौर कोतवाली में पहुंची एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए युवती को कोतवाली में करीब तीन घंटे बीत चुके थे। इसके बावजूद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पीड़िता को नाजुक हालत में कस्बा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बागपत जिले के खेकड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली युवती कुछ माह पहले दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित मंडी श्यामनगर में अपने रिश्ते के मामा के घर आई थी। किसी आवश्यक कार्य के चलते युवती यहां पर कुछ दिन तक रुकी थी, जिसके बाद अपने गांव चली गई। युवती का आरोप है कि रिश्ते के मामा ने जबरन उससे दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। साथ ही पीड़िता के अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए गए थे। आरोपी ने फोटो और वीडियो को प्रसारित करने की धमकी दी गई थी, जिसके चलते पीड़िता ने स्वजन को आप बीती नहीं बताई। जब पीड़िता को जानकारी हुई कि वह तीन माह की गर्भवती हो चुकी है तो उसने हिम्मत कर पुलिस से शिकायत करने की ठानी। रविवार को पीड़िता दनकौर कोतवाली पहुंच गई और आरोपित रिश्ते के मामा के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगी। वह करीब तीन घंटे तक पुलिस की कार्रवाई का इंतजार करती रही, लेकिन जब पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो पीड़िता ने कोतवाली में ही जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जब युवती की हालत बिगड़ने लगी तो जानकारी हुई कि उसके द्वारा जहरीला पदार्थ खाया गया है। जिसके चलते उसे उपचार के लिए कस्बा के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। समाचार लिखे जाने तक युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने के कारण ही युवती द्वारा जहरीला पदार्थ खाया गया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि युवती अपने स्वजन के साथ कोतवाली में आई थी। जिसकी अचानक तबियत खराब होने पर स्वजन के साथ चली गई। युवती की हालत खतरे से बाहर है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात के 108वें एपिसोड को लोगों ने सुना

■ **लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत सहित कई मुद्दों पर रखी अपनी बात**

ग्रेटर नोएडा,31 दिसम्बर(देशबन्धु)। प्रधामनमंत्री के मन की बात के 108वें एपिसोड कार्यक्रम का प्रसारण गौतम बुद्ध नगर जिले में जगह जगह, शहर के सेक्टरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुना। ग्रेटर नोएडा में भाजपा कार्यालय के साथ बूथों पर भी लोगों ने प्रधानमंत्री के मन के बात को सुना। नोएडा के सेक्टर-120 स्थित मिलेनियम शक्ति केंद्र, बूथ क्रमांक 606 में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात की कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रवक्ता अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात का यह 108 वां कार्यक्रम सुनना बहुत ही महत्वपूर्ण था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने एवं फिट इंडिया जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर बात रखी। गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा आज मोदी गारंटी की वजह से देश सभी क्षेत्रों में आगे है। 2015 में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्श में हम 81वें रैंक



पर थे, आज हमारी रैंक 40 है। अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस साल भारत से फाइल होने वाले पेटेंट की संख्या ज्यादा हो गई है। जिनमें 60 फीसदी घरेलू फंड्स के थे। उन्होंने बताया क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भी सबसे ज्यादा भारतीय यूनिवर्सिटी शामिल हुईं, जिसका एकमात्र कारण मोदी गारंटी है। इसके अलावा प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को नमो ऐप के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आप नामो एप के माध्यम से विकसित भारत एंबेसडर बनकर

## मनीष त्रिपाठी दोबारा इंडिया इंटरनेशनल विक्रम साराभाई स्टूडेंट साइंटिस्ट अवॉर्ड के बने एम्बेस्डर

**ग्रेटर नोएडा**, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। स्कूल फॉर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र ग्रेटर नोएडा के मनीष कुमार त्रिपाठी को इंडिया इंटरनेशनल विक्रम साराभाई स्टूडेंट साइंटिस्ट अवार्ड 2023 के तहत उन्हें बतौर एम्बेस्डर उनके सराहनीय योगदान के चलते उन्हें फिर से एम्बेस्डर के लिए चयनित किया गया, साथ ही उन्हें अगले साल होने वाले कार्यक्रम के लिए कार्य भार सौंपा गया है। वर्तमान में मनीष इंडिगो एयरलाइंस में इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में कार्यरत है। उन्हें यह सम्मान डीएएसए इंडिया की तरफ से 30 दिसंबर 2023 को डॉ. जयंत जोशी, पूर्व वरिष्ठ अंतरिक्ष वैज्ञानिक इसरो,भारत सरकार, टीम मेंबर- मिशन मंगलयान, डॉ. भरतभाई चनियारा, पूर्व वरिष्ठ



अंतरिक्ष वैज्ञानिक इसरो,भारत सरकार, प्रोफेसर डॉ. टी.पी. शर्मा, डी.ई.एस.एम, एनसीईआरटी, भारत सरकार, डॉ. विशाल जोशी वरिष्ठ वैज्ञानिक, पीआरएल, भारत सरकार, डॉ. पी.एल.एन. राजू, पूर्व डायरेक्टर एनईएसएसी इसरो, भारत सरकार अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड कार्यक्रम पूरी तरह से साइंस इनोवेशन आधारित है। यह अवार्ड प्रोग्राम स्टूडेंट को भविष्य में वैज्ञानिक बनने की दिशा में प्रेरित करने के लिए दिया जाता है। डीएएसए का मुख्यालय मुख्यालय त्रिपुरा से संबंधित है जो नेशनल काउंसिल ऑफ स्टूडेंट साइंटिस्ट इंडिया की प्रेरणा से एक विपनेट हैं, जिसका संबद्ध क्लब विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार से है। इस प्रतिष्ठित अवार्ड पुरस्कार का आयोजन त्रिपुरा राज्य के अंजन बनिक द्वारा किया जाता है, जो की आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फ्रंटलाइनर साइंस कम्यूनिकेटर हैं, जो कि त्रिपुरा राज्य से संबंधित हैं। 1 जनवरी 2024 से 28 फरवरी नेशनल साइंस डे तक भर करके होने वाले 5वें इंडिया इंटरनेशनल विक्रम साराभाई स्टूडेंट साइंटिस्ट अवार्ड 2024 में सहभागिता कर सकते हैं।




## जेल प्रीमियर लीग के फाइनल में जेल वॉरियर ने जीता ट्रॉफी

■ **जेल में निरुद्ध कैदियों के बीच आयोजित किया गया जेल प्रीमियर लीग**

**ग्रेटर नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला जेल में चल रहे जेल प्रीमियर लीग का फाइनल मैच खेला गया, जिसमें विजयी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जेलर जे पी तिवारी ने बताया कि रविवार को जिला कारागार गौतमबुद्ध नगर में चल रही जेल प्रीमियर लीग में फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच जेल वॉरियर व नंबरदार इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें जेल वॉरियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 162 रन का लक्ष्य दिया और नंबरदार इलेवन मात्र 126 रन पर ही सिमट गई, जिसमे जेल वॉरियर ने 35 रन से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच रोहित, बेस्ट बल्लेबाज रोहित, बेस्ट बॉलर हरिओम, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नवनीत शर्मा रहे। इस अवसर पर जेलर जितेंद्र प्रताप तिवारी, विशिष्ट अतिथि मुकुल गोयल, मनोज गौतम, डिप्टी जेलर मुकेश प्रकाश, राम प्रकाश शुक्ला, व मनोरमा सिंह आदि उपस्थित रहे।

## आबादी के भूखंड पर किसानों को नहीं देना होगा विलंब शुल्क

■ **किसान से आबादी का भूखंड खरीदने वालों पर लागू नहीं होगा नियम**

**ग्रेटर नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। किसानों को आबादी के भूखंड पर अब निर्माण विलंब शुल्क नहीं देना पड़ेगा। अगर किसान ने अपना भूखंड बेच दिया है तो खरीदने वाले पर ये नियम लागू नहीं होंगे। अगर तय समय पर किसान भवन निर्माण नहीं करते हैं तो उसमें प्राधिकरण जुर्माना लगाता था। इस जुर्माने को खत्म करने की मांग किसान काफी दिनों से कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिग्रहण और सहमति के आधार पर किसानों से जमीन खरीदना है। जमीन के बदले किसानों को 4 प्रतिशत, 5, 6, 8 और 10 प्रतिशत आबादी भूखंड दिए जाते हैं। आवंटन और कब्जा मिलने के बाद किसानों को दो वर्ष के भीतर निर्माण करना जरूरी होता है। अगर तय समय पर निर्माण नहीं करते हैं तो फिर प्राधिकरण विलंब शुल्क वसूल करता है। प्राधिकरण पहले वर्ष के लिए आवंटन दर का चार प्रतिशत वसूल करता है। यह आगे बढ़ता जाता है। किसान लगातार इसका विरोध कर रहे थे। प्राधिकरण ने उनकी मांग को मान लिया है। इसके लिए गत 23 दिसंबर को कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक, मूल आवंटी से किसी तरह का विलंब शुल्क नहीं लिया जाएगा। अगर किसान ने अपना भूखंड बेच दिया है तो खरीदने वाले को यह शुल्क देना पड़ेगा। नामांतरण के दो वर्ष बाद यह शुल्क लगेगा। 15 वर्ष के बाद कोई समय बिस्तर नहीं दिया जाएगा। इसके लिए दर निर्धारित कर दी गई है। पहले वर्ष आवंटन दर का चार प्रतिशत, दूसरे साल छह प्रतिशत, तीसरे साल आठ प्रतिशत विलंबर शुल्क लिया जाएगा। इसके बाद 12 प्रतिशत हर वर्ष विलंब शुल्क लिया जाएगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## गाजियाबाद में चोरों ने मचा रखा है आतंक, पार्किंग से ऑटो गायब

**गाजियाबाद,** (देशबन्धु)। शहर में बाइक चोरी की घटना के बाद ऑटो चोरी की घटना में भी इन दिनों इजाफा देखने को मिल रहा है। मंगलवार दिनांक 19 दिसंबर 2023 को टीलामोड थाना क्षेत्र के रॉयल फार्म हाउस सिंकदरपुर गाजियाबाद से एक ऑटो जिसका नंबर DL1RAA7656 है, लगभग समय शाम 8 से 8:30 के बीच चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। ऑटो चालक देवेन्द्र ने रॉयल फार्म हाउस सिकन्दरपुर गाजियाबाद की पार्किंग में पार्क किया था। कुछ देर बाद वापस लौटने पर देखा कि वह गायब था। पीड़ित का आरोप है कि किसी ने उसका ऑटो चोरी किया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश कर रही है। ऑटो मालिक रमेश कुमार का कहना है कि सूचना देने वाले को 15000 हजार का नकद ईनाम दिया जाएगा। जिस व्यक्ति को ऑटो के बारे में जानकारी मिले तो कृपा इन नुंबरों 8802920855, 9315303520 पर कॉल करके सूचित करें।



इस संदर्भ में ऑटो चालक देवेन्द्र पुत्र रामअवतार ने टीलामोड थाने में 21 दिसंबर 2023 ऑटो चोरी की शिकायत की है। सूचक ने पुलिस को शिकायत में कहा है कि वह वर्तमान में मकान नंबर ई-57-बी20 झुग्गी सुन्दर नारी दिल्ली 110093 का निवासी हूँ यहाँ से मैं दिनाक 19 दिसंबर 2023 की रात को ऑटो नन्द नगरी दिल्ली से रॉयल फार्म हाउस सिकन्दरपुर गाजियाबाद एक पार्टी मे लेकर गया था। जोकि मैंने पार्किंग में खड़ा किया था कुछ देर बाद वापस लौटने पर देखा कि वह गायब है।

## सेक्टर-37 आरडब्ल्यूए आम सभा की बैठक, चुनाव की तारीख हुई घोषित



**ग्रेटर नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-37 आरडब्ल्यू की आम सभा की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता चौधरी शहामल ने की। आमसभा में तय किया गया है की पुरानी कार्यकारिणी भांग की जाती है तथा नई चुनाव समिति गठित की गई। नई चुनाव कमेटी में देवराज नागर, रमेश चंद वर्मा, सुमित गुप्ता, भगत राम, राजीव भाटी, वीरेंद्र, महावीर, चंद्रपाल सिंह, यशपाल सिंह सोलंकी , रवि, आर पी शर्मा, रंजीत प्रधान शामिल हुए। चुनाव कमेटी ने चुनाव की प्रक्रिया की तिथि घोषित की जिसमें 01 जनवरी से 20 जनवरी तक सदस्यता बनानी और शुल्क जमा करना है। 21 जनवरी से 25 जनवरी तक वोटर लिस्ट जारी किया जाएगा। नामांकन की तिथि 26 जनवरी और नामांकन वापस की तिथि 27, चुनाव मतगणना 28 जनवरी नियत की गई है। चुनाव अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष पद पर होगा। बैठक में उपस्थित सदस्य गण राजीव भाटी, भगत राम, आरपी शर्मा, कैप्टन टीकम सिंह, जय सिंह भाटी, श्याम सिंह, राजीव डेंढा, संजय डेंढा दिलावर डेंढा, आनंद डेंढा आदेश डेंढा, जितेंद्र डेंढा, राजेश चौधरी डेंढा, सुमित गुप्ता, सुधीर नागर, नितिन नागर, अजय चौधरी, श्याम सिंह, अमन राज, दुष्यंत अत्री, अभिषेक शर्मा, मुंद्रिका सिंह, एक के रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## यीडा ने लॉन्च की डाटा सेंटर और मिश्रित भूखंड की योजना

**ग्रेटर नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने सोमवार को मिक्स लैंड यूज और डाटा सेंटर पार्क के भूखंड की योजना लॉन्च कर दी। सेक्टर-24 में मिक्स लैंड यूज की योजना निकाली गई है। इसमें आठ भूखंड रखे गए हैं। इन भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा। इसके अलावा प्राधिकरण ने डाटा सेंटर पार्क की योजना निकाली है। यह योजना सेक्टर-28 में है इस योजना में पांच भूखंड शामिल किए गए हैं। इनका आवंटन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा। दोनों योजनाओं में 22 जनवरी तक आवेदन किया जा सकता है।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नवादा में उप जिलाधिकारी, सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 629/एस0टी0-एस0डी0एम0/2018, दिनांक 13.03.2018 व 1144/एस0टीएम0/2022 दिनाक 20.09.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्री झाऊलाल पुत्र श्री वेदराम व स्व खजानी पत्नी स्व0 श्री झाऊलाल नि0 ग्राम नवादा, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु क्रमशः दिनांक 20.11.2011 व 20.12.2020 के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| दनकौर | 402 | 6M 7/1M | स्व0 श्री झाऊलाल पुत्र श्री वेदराम व स्व खजानी पत्नी स्व0 श्री झाऊलाल नि0 ग्राम नवादा, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री श्यामलाल | पुत्र | 49 | |
| | | | | श्री सुभाष | पुत्र | 46 | |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।
**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 1 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो नववर्ष का संकल्प

दुनिया भर में मान्य अंग्रेजी कैलेंडर का नया वर्ष फिर आ गया है। पश्चिम का यह कैलेंडर दुनिया भर में सर्वमान्य है और कुछ परम्पराएं लेकर आता है। इसे मनाने की परिपाटी में दो बातें साफ दिखाई देती हैं- पहला है सभी एक-दूसरे को 'आपको नया साल मंगलमय हो' कहते हैं; और दूसरे यह कि ज्यादातर लोग कोई नया संकल्प लेते हैं। इसे कुछ लोग निभाते हैं, कुछ निभाने की कोशिश करते हैं और ज्यादातर लोग या तो अगली सुबह ही भूल जाते हैं अथवा उसे एक साल बाद फिर दोहराते हैं। जो भी हो, पिछले कुछ समय से देश में चल रहे राष्ट्रवाद के झंझावात के बाद भी नववर्ष का आयोजन बदस्तूर जारी है। कुछ लोग व्यक्तिगत तौर पर या अपने संगठन के साथियों के साथ इसके खिलाफ हल्ला बोलते हैं। कथित विदेशी संस्कृति के खिलाफ उनकी मुहिम किसी शहर-राज्य में दिखती है तो कहीं उनको बिलकुल भाव नहीं मिलता। 14 फरवरी (वैलेंटाइन दिन), 25 दिसम्बर (क्रिसमस और 1 जनवरी को इनका विरोध उफान पर होता है लेकिन 31 दिसम्बर की रात से शुरू होने वाले आयोजन नये साल की पहली तारीख तक चलते हैं- कहीं छोटे तो कहीं बड़े स्वरूपों में।

जो भी हो, नया साल लग ही गया है, तो मुबारकबाद देना तो बनता है। यह सबसे आसान काम है इसलिये सभी इसका निभाव कर लेते हैं। रही बात नये साल के संकल्प की, तो उसे निभाना थोड़ा कठिन होता है। व्यक्तिगत तौर पर कोई क्या संकल्प लेता है, उसे निभाता है या निभाने में नाकाम रह जाता है: उस पर अभी से अमल करना शुरू करता है अथवा उसे अगले साल के लिये मुल्तवी कर देता है- इससे किसी का कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिये। पर हां, जहां तक देश के सन्दर्भ और परिप्रेक्ष्य में मंगलकामना की बात की जाये, तो यह कठिन है लेकिन अपरिहार्य भी है। चूंकि देश की खुशहाली के साथ खुद का भी मंगल सम्पृक्त है, इसलिये इस मद्देनज़र नववर्ष का संकल्प तय करते समय कुछ बातों पर विचार करना ज़रूरी है।

पहले तो यह देखें कि 2024 किस मायने में महत्वपूर्ण है। हालांकि किसी भी साल की महत्ता को कमतर करके नहीं आंका जा सकता। हर वर्ष का अपना महत्व होता है- कुछ का महत्व उसके बीतने के बाद ऐतिहासिक संदर्भों के कारण महसूस होता है, तो कुछ साल ऐसे भी होते हैं जिनके बारे में पहले से तय होता है कि यह अहम होने जा रहा है। भारत आज की तारीख में जिस मुकाम पर खड़ा है, साफ है कि 2024 कुछ ऐसे घटनाक्रम लेकर आ रहा है जिनका दूरगामी परिणाम पड़ना तयशुदा है। इस परिप्रेक्ष्य में कम से कम तीन भावी परिघटनाओं की शिनाख्त तो हो ही सकती है- 14 जनवरी से प्रारम्भ होने जा रही राहुल गांधी की 'भारत न्याय यात्रा', 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन और उसके बाद लोकसभा का चुनाव, जिसके बारे में कुछ लोगों का अनुमान है कि उसे राम मंदिर के उद्घाटन के तुरन्त बाद भी कराया जा सकता है। अगर आम चुनाव मध्यावधि न होकर अपने वक्त पर होता है तो अप्रैल के आसपास होगा। जब भी हो, उसका महत्व तो सर्वाधिक है; और पहले हो चुके रहेंगे दोनों आयोजनों का असर उस पर होगा- राममंदिर व न्याय यात्रा का।

2014 में जहां नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था, वहीं 2019 में उनकी अनेक असफलताओं के बावजूद बालाकोट व पुलवामा ने मोदी को दूसरी सफलता दिलाई थी। अब तीसरी बार जनता के सामने जाने के पहले मोदी राममंदिर के भरोसे हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में विधानसभा के चुनाव भाजपा ने मोदी की छवि एवं उनकी कथित गारंटियों के बल पर जीते हैं, तो कांग्रेस ने तेलंगाना, उसके पहले कर्नाटक तथा और भी पहले हिमाचल प्रदेश जीता था। इस बार मोदी अपने कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ अपने रिश्तों, मणिपुर की घटनाओं, आपराधिक संहिता कानूनों में फेरबदल और संसद से करीब डेढ़ सौ सांसदों के निलम्बन के चलते मुश्किल में दिखते हैं। दूसरी तरफ़ कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' लगातार मजबूत हो रहा है। तीन राज्यों में पराजय के बाद भी कांग्रेस सिरमौर है। वे सारी आशंकाएं कम से कम अब तक तो गलत साबित हुई हैं जो इस आशय की थीं कि गठबन्धन में एकजुटता कायम नहीं रह पायेगी। विपक्षी गंठजोड़ नेतृत्व, सीटों के बंटवारे, साझा कार्यक्रम आदि के सम्बन्ध में कहीं भी असमंजस में नहीं दिखता। इस गठबन्धन में शामिल सभी 28 दल एकजुट हैं और अब तक के संकेत यही बतला रहे हैं कि वे एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकलकर 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर में तिरंगा झंडा फहराने के साथ एक अभूतपूर्व यात्रा राहुल ने अपने नाम पर दर्ज की थी, अब उसके सीक्वल के रूप में 14 जनवरी को जो यात्रा निकल रही है वह मोदी प्रदत्त आर्थिक विषमता, राजनैतिक शक्तियों के केन्द्रीकरण और सामाजिक ध्रुवीकरण के खिलाफ है। राहुल गांधी, उनकी पार्टी और गठबन्धन के अन्य सहयोगी दल जिस प्रकार से सामाजिक न्याय के नारे को उठाये हुए हैं, उससे प्रतीत होता है कि लोकसभा-2024 भावनात्मक मुद्दा (ध्रुवीकरण-साम्प्रदायिकता) बनाम सामाजिक न्याय होने जा रहा है। देखना यह है कि मतदाता अपना वर्ष मंगलमय बनाने के लिए किस रास्ते को अपनाती है। विवेक के इस्तेमाल की ज़रूरत इसलिये है क्योंकि जनता और देश का मंगल अंतर्गुम्फित है।

# नया साल : विपक्ष के लिए कितनी उम्मीदें कितनी चुनौतियां!

2023 कांग्रेस के लिए बड़ी उम्मीदों से शुरू हुआ था। श्रीनगर में राहुल की सफल भारत जोड़ो यात्रा का समापन हो रहा था। राहुल एक नई छवि के साथ स्थापित हो रहे थे। फिर कर्नाटक की जीत ने उस छवि को और निखार दिया था। इंडिया गठबंधन हुआ। पटना, बंगलुरु, मुबंई तीन बैठकों में विपक्ष के महारथियों के बीच राहुल छाए रहे। ममता बनर्जी जो उनकी सार्वजनिक आलोचना कर चुकी थीं। बंगलुरू में मंच से कह रही थीं हमारे फेवरेट राहुल।

मगर यह राजनीति है यहां छवियां जिस तेजी के साथ उभरती हैं वैसे ही कमजोर भी होती हैं। तीन राज्यों की जीती हुई बाजी को हारने के बाद राहुल फिर सवालों के घेरे में आ गए।

मुख्य सवाल यह है कि राहुल का स्थितियों पर नियंत्रण क्यों नहीं है? आकलन और पूर्वानुमान के मामले में उनकी टीम इतनी कमजोर क्यों है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में क्षत्रपों को इतनी खुली छुट क्यों दे रखी थी?

राहुल ने नागपुर में कहा कि भाजपा में तानाशाही है। कांग्रेस में कार्यकर्ता की बात सुनी जाती है। ठीक है अगर सुनी जाती है तो नए साल से एक जनवरी 2024 से कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड में राहुल और पार्टी अध्यक्ष खरगे बैठना शुरू कर दें।

भाजपा की तानाशाही एक अलग मुद्दा है। मगर यह कहना कि कांग्रेस में कार्यकर्ता की सुनी जाती है थोड़ी हजम न होने वाली बात है। कार्यकर्ता की सुनी जाती थी इन्दिरा गांधी के समय तक। वे जब भी दिल्ली में होती थीं कार्यकर्ताओं के लिए उनके दरवाजे खुले रहते थे। और जब वे नहीं मिल पाती थीं तो माखनलाल फोतेदार और आर के धवन कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी बात सुनते थे। और यह गारंटी होती थी कि कार्यकर्ता की वह बात इन्दिरा गांधी तक पहुंच जाएगी। कार्यकर्ताओं के दिल से यह नारा निकला था कि- 'आधी रोटी खाएंगे, इन्दिरा को वापस लाएंगे!'

भाजपा की तानाशाही देश पर है तो उसका विरोध है। लेकिन अगर पार्टी के अंदर की बात है तो उससे तो वह और मजबूत हो रही है। तीनों राज्यों में तीन एकदम अनजाने चेहरे मुख्यमंत्री बना दिए किसी ने चूं तक नहीं की। ऐसे ही दिल्ली से मंत्रिमंडल बने, विभाग बांटे। लेकिन कांग्रेस में आखिरी आखिरी तक गहलोत और सचिन लड़ते रहे कांग्रेस कुछ नहीं कर सकी। अब जब राजस्थान में भाजपा के नए मंत्रिमंडल में गुर्जरों को एक केबिनेट मंत्री तक नहीं मिला तो पायलट समर्थक कह रहे हैं कि हमें तो गहलोत को हराना था। हरा दिया। राजस्थान में जैसी गुटबाजी हुई है वैसी कांग्रेस में कभी नहीं हुई। 2018 के चुनाव से पहले यह शुरू हो गई थी। और 2023 हारने के बाद भी यह खत्म नहीं हुई है।

दोषी कौन? सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस नेतृत्व। दोनों को उठाकर साइड करना था। मगर अब भी नहीं किया।



शकील अख्तर

> **तीनों राज्यों में तीन एकदम अनजाने चेहरे मुख्यमंत्री बना दिए किसी ने चूं तक नहीं की। ऐसे ही दिल्ली से मंत्रिमंडल बने, विभाग बांटे। लेकिन कांग्रेस में आखिरी आखिरी तक गहलोत और सचिन लड़ते रहे कांग्रेस कुछ नहीं कर सकी। अब जब राजस्थान में भाजपा के नए मंत्रिमंडल में गुर्जरों को एक केबिनेट मंत्री तक नहीं मिला तो पायलट समर्थक कह रहे हैं कि हमें तो गहलोत को हराना था। हरा दिया।**

मतलब राजस्थान में पार्टी न८ाम की चीज है ही नहीं। जो हैं गहलोत और पायलट ही है? इन्दिरा गांधी ने इसी राजस्थान में मोहनलाल सुखाड़िया, हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर जैसे दिग्गजों को हटाया और जगन्नाथ पहाड़िया, बरकत उल्लाह खान को मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी की सर्वोच्चता का कड़ा संदेश दिया। गहलोत भूल गए कि उसी समय की उपज वे हैं। पहले इन्दिरा जी ने और फिर राजीव गांधी ने उन्हें आगे बढ़ाया। ऐसे ही सचिन के पिता राजेश पायलट को। क्या राजेश पायलट का कोई राजनीति का बैकग्राउंड था? मगर उन्हें भी इन्दिरा और राजीव गांधी ने तमाम दिग्गजों नटवर सिंह, नवल किशोर शर्मा के सामने आगे बढ़ाया।

राजनीति में पार्टी ही बड़ी होती है। राजस्थान में गहलोत और पायलट ने मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव ने यह नहीं समझा और हारे। मगर सिर्फ इन लोग पर दोष रखने से कुछ नहीं होगा। गलती तो पार्टी नेतृत्व की थी। इससे पहले और कई राज्य उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा कांग्रेस ऐसे ही हारी है। मगर जब कांग्रेस वर्किंग कमेटी पार्टी की सर्वोच्च ईकाई की मीटिंग होती है तो समस्या की जड़ तक कोई नहीं पहुंचता और त्वरित इलाज के लिए राहुल से एक और यात्रा की मांग की जाती है। क्या कभी पार्ट टू पार्ट वन की तरह प्रभावी हुआ है? एक इनिंग दोबारा नहीं खेली जा सकती। और फिर जब इतनी सफल यात्रा के बाद वह मध्यप्रदेश और राजस्थान हार गए जहां यात्रा लंबे समय तक रही और कामयाब मानी गई थी तो यह दूसरी यात्रा लोकसभा चुनाव जिताने में कितनी कामयाब होगी?

आज से नया साल शुरू हो गया। राहुल के लिए, कांग्रेस के लिए इस बार कोई कहने को तैयार नहीं है कि-'इक बिरहमन ने कहा है कि यह साल अच्छा है!' साल बुरा नहीं है मगर बहुत चुनौतिपूर्ण है। और इसका मुकाबला केवल और केवल विपक्षी एकता से ही किया जा सकता है। और कोई जुगाड़, फार्मूला कामयाब होने वाला नहीं है। कांग्रेस और विपक्ष याद रखे कि भाजपा और मीडिया सबसे ज्यादा इंडिया गठबंधन के ही पीछे पड़े हैं। रोज उसके बारे में नई नई कहानियां गढ़ते रहते हैं।

क्यों? क्योंकि उन्हें मालूम है कि यह विपक्षी एकता ही प्रधानमंत्री मोदी को हैट्रिक करने से रोक सकती है। अगर चार सौ सीटों के लगभग सीट एडजस्टमेंट हो गया तो इस साल होने वाला लोकसभा चुनाव दिलचस्प हो जाएगा। याद रहे अभी जिन तीन राज्यों में कांग्रेस हारी है वहां उसे चालीस परसेंट वोट मिले हैं। मतलब वोट कांग्रेस के पास या दूसरे राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल के 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की टीएमसी को 48 प्रतिशत वोट मिले कम नहीं हैं। इसी तरह जिस उत्तर प्रदेश को विपक्ष के लिए सबसे मुश्किल बताया जा रहा है वहां 2022 विधानसभा में सपा को अकेले 32 प्रतिशत, बसपा को 12 प्रतिशत से ज्यादा, कांग्रेस को ढाई प्रतिशत और आरएलडी को तीन प्रतिशत वोट मिले थे। मतलब लगभग पचास प्रतिशत। जबकि भाजपा को 42 प्रतिशत ही वोट मिले। अब इन 42 प्रतिशत की तुलना कांग्रेस के हाल में हार वाले तीन राज्यों से करें। जहां 40 प्रतिशत वोट लेकर वह हार गई और यहां यूपी में क्योंकि विपक्ष आपस में लड़ रहा था तो भाजपा 42 प्रतिशत पर भी जीत गई। और यह भी याद रखें कि यूपी में ओवेसी की पार्टी, आम आदमी पार्टी जैसी कई अन्य पार्टियां भी चुनाव लड़ रही थीं। जिन्होंने विपक्ष की मुख्य पार्टियों के वोट काटे और भाजपा को फायदा पहुंचाया।

विपक्ष को याद यह रखना है कि भाजपा को 2019 लोकसभा में केवल 37 प्रतिशत ही वोट मिला था। जबकि 2014 में वह 31 प्रतिशत वोट पर ही जीत गई थी। अब अगर सीट शेयरिंग सही होती है तो भाजपा के लिए कुछ प्रतिशत वोट बढ़ा लेने के बावजूद चुनाव जीतना संभव नहीं होगा। हमने विपक्ष के लिए सबसे मुश्किल राज्य माने जाने वाले यूपी का आंकड़ा ऊपर दिया है कि वहां विपक्ष अगर एक होकर लड़ता है तो उसका वोट प्रतिशत 50 से भी ऊपर है। बाकी और राज्यों में तो यूपी से अच्छी कहानी है।

इसलिए 2024 का विपक्ष के पास एक ही मास्टर स्ट्रोक है और वह है ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एक के मुकाबले एक उम्मीदवार उताराना। बाकी तो सब दिल बहलाव की बातें हैं उनसे कुछ नहीं होगा!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# होगा अन्याय के खिलाफ बड़ी लड़ाई का वर्ष

■ पी. सुधीर

वर्ष 2023 का अंत गाजा में इजरायली युद्ध-मशीन द्वारा फिलिस्तीनियों के नरसंहार की काली छाया के साथ होगा। इज़रायल की लगभग तीन महीने की क्रूर आक्रामकता के कारण (26 दिसंबर तक) गाजा में 20,915 लोग मारे गये, जिनमें से 8,000 से अधिक बच्चे हैं। अन्य 53,918 लोग घायल हुए हैं और बेहिसाब संख्या में लोग अभी भी बमबारी वाली इमारतों के मलबे में दबे हुए हैं।

फ़िलिस्तीनियों पर इज़राइल के युद्ध को पूरी तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका का समर्थन प्राप्त है जिसने 7 अक्टूबर को संघर्ष शुरू होने के बाद से इज़राइल को अधिक घातक हथियार और उपकरण भेजे हैं। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ऐसे प्रस्तावों पर वीटो करके तत्काल युद्धविराम के किसी भी आह्वान को रोक रहा है।

हालांकि अमेरिकी प्रशासन का इजरायल के लिए कट्टर समर्थन कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन जहां तक भारत का सवाल है, वह नयी बात इजरायल के कार्यों के लिए पूर्ण समर्थन की मोदी सरकार की घोषणा है जो भारत का इजरायल के पक्ष में बड़ा बदलाव है। भारत अक्टूबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में युद्धविराम के आह्वान वाले प्रस्ताव का समर्थन करने से इनकार करने की हद तक चला गया। युद्धविराम के प्रस्ताव पर दिसंबर में दूसरे महासभा मतदान में ही भारत ने अनिच्छा से इसके पक्ष में मतदान किया था। ऐसा न करने पर भारत अलग-थलग पड़ जाता, क्योंकि एशिया के अन्य सभी देशों ने युद्धविराम के पक्ष में मतदान किया था।

> **मोदी सरकार जीडीपी ग्रोथ के आंकड़ों का हवाला देकर दावा करती रहती है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। लेकिन, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत 2023 में 2600 डॉलर के साथ जी-20 देशों में सबसे निचले स्थान पर था। इसके अलावा, जो भी वृद्धि दर्ज की गयी थी, उससे रोजगार में वृद्धि नहीं हुई।**

2023 मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष है। यह एक और साल रहा है जिसमें भारतीय लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संघवाद की दीवारें बंद होती देखी गयीं। संसद को एक नयी इमारत में स्थानांतरित करना इसकी नयी बदनाम स्थिति का प्रतीक है। इस साल संसद के आखिरी सत्र में 146 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया, जो संसदीय लोकतंत्र के सार को खोखला करने की मोदी सरकार की मंशा को रेखांकित करता है।

भारतीय राज्य की धर्मनिरपेक्षता टूटती नजर आ रही है। न्यायिक मिलीभगत से काशी और मथुरा के मूल धार्मिक स्थलों के प्रश्न को फिर से खोला और जांचा जा रहा है। नये साल की शुरुआत अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के साथ होगी, जिसे राज्य प्रायोजित तमाशा बना दिया गया है।

भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को मांस-व्यापार और गोमांस के परिवहन आदि के आरोप में मॉब लिंचिंग की हुई अनेक घटनाओं, तथा बुलडोजर की कार्रवाईयां मुसलमानों के खिलाफ निगरानी की कार्रवाई का प्रतीक बन गया है।

मणिपुर में मई महीने से अब तक की सबसे भीषण जातीय झड़पें देखी गयीं। सात महीने बाद भी, मेतई और कुकी समुदायों के बीच जातीय विभाजन जारी है और सुरक्षा बल घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों के बीच बफर जोन की निगरानी कर रहे हैं। भाजपा के मुख्यमंत्री अपनी पक्षपातपूर्ण राजनीति के कारण इस दंगे के लिए अकेले जिम्मेदार हैं। केंद्र सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से राजनीतिक समाधान निकालने में विफल रहा है। मणिपुर इस बात का स्थायी प्रमाण है कि बहुसंख्यकवादी राजनीति एक संवेदनशील जातीय क्षेत्र में कितना कहर ढा सकती है।

2023 में संघवाद पर गंभीर हमला हुआ। विपक्ष शासित राज्यों के राज्यपाल राज्य सरकारों के मामलों में हस्तक्षेप करने और राज्य विधान सभाओं को कानून पारित करने के अधिकारों से वंचित करने में अधिक आक्रामक हो गये। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले और जम्मू-कश्मीर राज्य को खत्म करने और दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने के लिए संविधान के अनुच्छेद- 3 के उपयोग पर फैसला देने से अदालत के इनकार ने इस घोर उल्लंघन पर न्यायिक वैधता की मुहर लगा दी है।

मोदी सरकार जीडीपी ग्रोथ के आंकड़ों का हवाला देकर दावा करती रहती है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। लेकिन, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत 2023 में 2600 डॉलर के साथ जी-20 देशों में सबसे निचले स्थान पर था। इसके अलावा, जो भी वृद्धि दर्ज की गयी थी, उससे रोजगार में वृद्धि नहीं हुई। सीएमआईई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में बेरोजगारी दर 10.05 थी, जो पिछले 21 महीनों में उच्चतम स्तर है, जबकि युवा बेरोजगारी 23.22 प्रतिशत थी।

आवश्यक वस्तुओं, विशेषकर खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों के सबसे गरीब तबके पर बड़ा बोझ पड़ रहा है। वास्तविक मजदूरी में गिरावट, बढ़ती कीमतें और बढ़ती बेरोजगारी के साथ, वैश्विक भूख सूचकांक में भारत की रैंकिंग 125 देशों में से गिरकर 111 पर आ गयी है।

कॉरपोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ का उदाहरण 2023 में प्रमुखता से दिया गया था। हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी का अडानी समूह की कॉरपोरेट धोखाधड़ी और स्टॉक हेरफेर का खुलासा अंतरराष्ट्रीय समाचार बन गया। लेकिन मोदी सरकार ने हठपूर्वक गौतम अडानी को बचाया और अपने पसंदीदा पूंजीपति की गंभीर जांच करने से इनकार कर दिया। अडानी पर हमले को हिंदुत्व व्यवस्था के तहत भारत पर हमले के रूप में देखा गया। बड़े पूंजीपतियों के प्रति मोदी सरकार की उदारता के परिणामस्वरूप, आय और धन असमानताएं नई ऊंचाइयों पर पहुंच गयीं। जनवरी 2023 में जारी ऑक्सफैम रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अमीर 1 प्रतिशत के पास 40 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है। देश का दसवां हिस्सा, जबकि नीचे की आधी आबादी के पास कुल संपत्ति का केवल 3 प्रतिशत हिस्सा है।

2023 में दमन के उपकरणों को तेज़ किया गया और विपक्ष को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का व्यापक उपयोग भी देखा गया। प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो और आयकर विभाग की छापेमारी और गिरफ्तारियां सत्तारूढ़ दल के हाथों में खतरनाक हथियार बन गयी हैं।

संसद के शीतकालीन सत्र के अंत में, विपक्ष की उपस्थिति के बिना, तीन नये आपराधिक कानून विधेयक पारित किये गये। ऐसा माना जा रहा था कि यह उपनिवेशवाद की विरासत को खत्म कर रहा है, जबकि वास्तव में, यह पुन: उपनिवेशीकरण का एक रूप था। नये आपराधिक कानूनों में कई प्रावधान हैं जो नागरिकों की बुनियादी सुरक्षा को खत्म करते हैं और एक पुलिस राज्य की स्थापना करते हैं।

मजदूर वर्ग और किसान सांप्रदायिक-कॉरपोरेट शासन के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। पहली बार, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और मजदूर वर्ग और किसान आंदोलनों का प्रतिनिधित्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा ने सितंबर में एक संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया और नवंबर में तीन दिवसीय महापड़ाव का एकजुट आह्वान किया। इस संयुक्त विरोध कार्रवाई से पहले देश के विभिन्न हिस्सों में श्रमिकों और किसानों के विभिन्न वर्गों के कई संघर्ष हुए थे। इस वर्ष मेहनतकश जनता के और अधिक वर्ग भाजपा सरकार की नव-उदारवादी नीतियों के खिलाफ सामने आये।

2023 के उत्तरार्ध में विपक्षी दलों ने एक साथ आकर 28 पार्टियों वाला इंडिया ग्रुप बनाया। विपक्षी गठबंधन का उद्देश्य अप्रैल-मई, 2024 में होने वाले आम चुनावों में भाजपा के खिलाफ एकजुट लड़ाई लड़ना है। यह लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संघवाद - संविधान की सभी बुनियादी विशेषताओं की रक्षा के लिए लड़ाई होगी। नया साल 2024 इस महान युद्ध का गवाह बनेगा जो भारत का भविष्य तय करेगा।

## गुरवाणी विचार

### सतिगुरु आयो सरणि तुहारी

अवर न मुझे दूजी ठाहर हार परिओ तो द्वारी
लेखा छोड़ अलेखे छूटे हम निर्गुण लेहो उबारी।
सद नखसंद सदा मेहर वाना सबना दे आधारी।
नानक दास संत पाछे परिओ राखि लेहो ऐह बारी।

गुरवाणी कि ये पंक्तियां टोड़ी राग से ली गई हैं जो गुरु ग्रंथ साहिब के 713 अंग पर सुशोभित है। इस पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव जी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से अरजोई करते हुए फरमा रहे हैं कि हे प्रभु परमात्मा मैं आपकी शरण में आया हूं ताकि मेरे हर प्रकार की चिंता फिकर से मुझे निजात मिल सके। सदा सुख ही सुख की प्राप्ति होती रहे सिवाय प्रभु परमात्मा जो मुझे आपके सिवाय और किसी का आसरा नहीं है जैसे भाई मंझ जी ने आप से प्रार्थना की थी-

और न को- मंझ निमाणी इक तं। ठीक इसी तरह मुझे सिवाय आपके और किसी का आसरा नहीं है और कोई भी मुझे ठोर ठिकाना नहीं है दिख रहा है ऐसा आपका स्वभाव भी है जो आपकी शरण में आ जाता है उसे आप गले लगा लेते हैं-

शरण आवे तिस कंठि लावै ऐह विरद सुवामी संदा।

इसलिए मैं आपकी शरण आ गया हूं। अब हम चली ठाकुर पेहार। आवें भल कहो या बुरा कहो-हम तन दियो है डारि।। आप कृपया कर के मुझ पर रहमती नजर कर दो तांकि मैं आपकी भक्ति में लग सकूं अगर आप के दर से आप का नाम मिल जावे यही मेरे लिए सबसे बड़ा सुख है। शोभा है। हे प्रभु परमात्मा मैं सब तरफ से निराश हो कर तेरे दर पर आ गया हूं और मुझे कोई दूसरा आसरा हे प्रभु परमात्मा अगर आप मेरे कर्मों की तरफ ध्यान देकर लेखा जोखा करेंगे तो फिर मैं कभी भी मुक्ति प्राप्ति नहीं कर सकता इसलिए आप से मेरी प्रार्थना कि मेरे कर्मों की तरफ ध्यान न देते हुए हिसाब-किताब न करते हुए मेरे विकारों को आप अनदेखा कर मुझे बचा लें। भक्त रविदास जी यह कह रहे हैं- हे प्रभु परमात्मा आप सदैव बख्शीश करने वाले हो और हम सब भुलनहार हैं।

हम सर दीनदियाल न तुम सर अब पतियार किया कीजै।
बचनी तोर मोर मन माने जन को पूरन कीजै।।

इसलिए हे प्रभु परमात्मा मैं तेरी शरन में आ गया हूं मुझ पर रहम कर अपने गले से लगा लेवें ताकि इस संसार समुद्र से उजले मुख से पार उतर कर आप के चरणों में स्थान प्राप्त कर सकूं। यह तभी प्रभु परमात्मा की कृपादृष्टि के हम पात्र बन सकते हैं। इसलिए प्रभु परमात्मा से हम हर वक्त प्रार्थना करते रहें कि हमारी मति ऐसी कर दो कि हम हर वक्त अपने कार विहार करते हुए मन से सिमरन बंदगी में रमे रहें।

ऐसी मति दीजे मेरे ठाकुर सदा सदा तुध धिआई। आप सदैव क्षमा करने वाले हो और हर प्राणी पर अपनी दया का प्रसाद बिखेरते रहते हो। पाल रहा अपनी धरती पर वो सब की जिंदगानी। बदले में लेता न किसी से एक भी कौड़ी-कानी।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### नया साल, नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य

बीत गया ये साल तो, देकर सुख-दु:ख मीत।
क्या पता? क्या है बुना? नई भोर ने गीत।।
जो खोया वो सोचकर, होना नहीं उदास।
जब तक सांसें ये चले, रख खुशियों की आस।।

हर साल, साल-दर-साल, हम अपने दिल में एक गीत और कदमों में वसंत के साथ नए साल में प्रवेश करते हैं। हमें विश्वास है कि जादुई वर्ष अपने साथ हमारी सभी समस्याओं का समाधान लाएगा और हमारी सभी इच्छाएं पूरी करेगा। चाहे वह सपनों का घर हो, सपनों का प्रस्ताव हो, सपनों की नौकरी हो, सपनों का साथी हो, सपनों का अवसर हो... और भी बहुत कुछ बेहतर हो। लेकिन जैसे-जैसे साल शुरू होता है और हम जो कुछ भी सामने आता है उससे निपटते हैं, नए साल की नवीनता, नए संकल्प, नई शुरुआत पहली तिमाही तक लुप्त होने लगती है। वर्ष के मध्य तक हम बहुत अधिक सामान्यता और कई फीकी आशाओं की चपेट में होते हैं, जो उस वादे से बहुत दूर है जिसके साथ हमने शुरुआत की थी। और आखिरी तिमाही तक हम अपनी वास्तविकता से इतने अभिभूत हो जाते हैं कि हम साल खत्म होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम वर्तमान वर्ष को छोड़ते हुए और एक और च्नया सालज् मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं और शुभकामनाएं बांटते है।

नववर्ष वह समय है जब हमें अचानक लगता है कि, ओह, एक साल बीत गया। हम कुछ पलों के लिए स्तब्ध हो जाते हैं कि समय कितनी जल्दी बीत जाता है, और फिर हम वापिस अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। मजे की बात यह है कि ऐसा साल में लगभग एक बार तो होता ही है। यदि हम आश्चर्य के इन क्षणों की गहराई में जाएं, तब हम पाएंगे कि हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो सभी घटनाओं को साक्षी भाव से देख रहा है। हमारे भीतर का यह साक्षी भाव अपरिवर्तित रहता है और इसीलिए हम समय के साथ बदलती घटनाओं को देख पाते हैं। जीवन की वे सभी घटनाएं जो बीत चुकी हैं, एक स्वप्न बन गई हैं। जीवन के इस स्वप्न-जैसे स्वभाव को समझना ही ज्ञान है। यह स्वप्न अभी इस क्षण भी चल रहा है। जब हम यह बात समझते हैं तब हमारे भीतर से एक प्रबल शक्ति का उदय होता है और फिर घटनाएं व परिस्थितियां हमें हिलाती नहीं हैं। हालांकि, घटनाओं का भी जीवन में अपना महत्व है। हमें घटनाओं से सीखना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। नया साल नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नए आइडिया की उम्मीद देता है, इसलिए सभी लोग खुशी से बिना किसी मलाल के इसका स्वागत करते हैं।

हालांकि नए साल पर अपनी आशाएं रखना हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, हमें यह समझने की ज़रूरत है कि आशाओं के साथ निराशाएं भी आती हैं। जीवन द्वंद्व का खेल है और नया साल भी इसका अपवाद नहीं है। यदि हम 'बीते वर्ष' पर ईमानदारी से विचार करें, तो हमें एहसास होगा कि यह आवश्यक नहीं है कि वर्ष ने वह प्रदान किया हो जो हमने उससे चाहा था, लेकिन इसने हमें कुछ बहुमूल्य सीख और अनुभव अवश्य दिए। ये अलग से बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग सकते हैं, लेकिन ये संभवत: प्रकृति का हमें उस उपहार के लिए तैयार करने का तरीका है जो उसने हमारे लिए रखा है जिसे वह अपनी समय सीमा में वितरित करेगी। साथ ही, अगर साल ने हमसे कुछ बहुत कीमती चीज़ छीन ली है, तो निश्चित रूप से उसने उसकी समान मात्रा में भरपाई भी कर दी है। वर्ष के अंत में, हमें एहसास होता है कि हमारी बैलेंस शीट काफी उचित है। तो, आइए हम आने वाले वर्ष में इस विश्वास के साथ प्रवेश करें कि नए साल का जादू यह जानने में निहित है कि चाहे कुछ भी हो, हर निराशा के लिए मुआवजा होगा, हर इच्छा की पूर्ति के लिए एक सीख होगी, दर्द-दुखों का अंत होगा, अपनेपन की धूप होगी।

**प्रियंका सौरभ**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश

उवाच

"ललन सिंह हटे नहीं, हटाए गए, लेकिन सच छुपाने के लिए वे संसदीय क्षेत्र में समय देने के लिए अध्यक्ष-पद छोड़ने की बात कह रहे हैं। इस पर कौन भरोसा करेगा।

-सुशील कुमार मोदी, भाजपा राज्यसभा सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 15.0 | 08.0 |
| मुंबई | 24.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 21.0 | 14.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 24.0 |

# गोवा में दलबदल से परेशान कांग्रेस दे रही है भाजपा को कड़ी टक्कर

**पणजी,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। गोवा विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने और उसके विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बावजूद 2017 में गोवा में सरकार बनाने में असमर्थ रही कांग्रेस इकाई को पिछले दो कार्यकाल से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने भाजपा का मुकाबला करने और लोकतंत्र को खत्म करने की पार्टी की रणनीति का आरोप लगाते हुए उसका मुकाबला करने का विश्वास जताया है। एआईसीसी के पूर्व सचिव गिरीश चोडनकर ने कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन से लोकतंत्र को बचाने में मदद मिलेगी। इस्तीफा देने वाले विधायकों को उस कार्यकाल में चुनाव लड़ने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि दलबदल के मामलों का निपटारा समयबद्ध होना चाहिए। ऐसे मामलों में समय पर न्याय मिलना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। दलबदल और पार्टी के विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बारे में बोलते हुए एआईसीसी के पूर्व सचिव गिरीश चोडनकर ने कहा अगर उन्होंने 2017 में सरकार बनाई होती तो आज तक भाजपा सत्ता से बाहर होती। उन्होंने आगे कहा कि 2017 के चुनाव के बाद हमारे 13 नेता भाजपा में शामिल हो गए। उनमें से दस ने दलबदल कर लिया और तीन भाजपा के सत्ता में होने के कारण इस्तीफा देकर शामिल हो गए। फिर भी हम अपने मतदाताओं को समझाकर स्थिति से निपटने में कामयाब रहे और 2022 में 11 विधायक चुन सके। लोगों ने 2018 के दलबदलुओं के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया और 2022 के चुनाव में उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब पिछले साल दलबदल करने वालों को भी इसी तरह का सामना करना पड़ेगा। क्यूपेम निर्वाचन क्षेत्र से चंद्रकांत कवलेकर को कैसे हराया, इस बारे में बताते हुए गिरीश चोडनकर ने कहा कि उन्होंने शहर के वोटों पर ध्यान केंद्रित करके पूर्व की ताकत को खत्म कर दिया। क्यूपेम में हमारे पास कोई नेता नहीं था क्योंकि कवलेकर कांग्रेस के टिकट पर चार बार जीत चुके थे। हालांकि, हमने उम्मीद नहीं खोई और अपने पारंपरिक मतदाताओं के समर्थन से हम एक नया चेहरा चुन सके। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर संगठन खड़ा करना बहुत कठिन हो जाता है, जब अचानक नेता विश्वासघात कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। गोवा के लिए दलबदल कोई नई बात नहीं है। 1963 के बाद से राज्य में विभिन्न दलों के अलग-अलग मुख्यमंत्रियों (13 चेहरों) को 30 बार शपथ दिलाई गई है और राजनीतिक संकटों के कारण पांच बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है।

2017 के बाद से राज्य में दलबदल के दो बड़े दौर हुए हैं, जिसमें कांग्रेस विधायकों ने भाजपा में शामिल होकर पाला बदल लिया। जिस वजह से भाजपा को 2017-22 तक सत्ता बरकरार रखने और अब मजबूत होने में मदद मिली है।



**संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन से लोकतंत्र को बचाने में मदद मिलेगी : गिरीश चोडनकर**

**भाजपा पर लगाया लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप**

### लोस चुनाव में दलबदल मुद्दे का कोई असर नहीं पड़ेगा

एआईसीसी के पूर्व सचिव ने टीएमसी, आप और रिवॉल्यूशनरी गोअन्स पार्टी (आरजीपी) का जिक्र करते हुए कहा हमारे नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बावजूद हमारे वोट शेयर पर कोई असर नहीं पड़ा है। पिछले विधानसभा चुनावों में हमारा वोट शेयर केवल तीन प्रतिशत कम हुआ था और वह भी इसलिए क्योंकि नई पार्टियों ने भी चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में दलबदल मुद्दे का उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लोग जानते हैं कि हमने कुछ भी गलत नहीं किया है। हमारे विधायकों ने अपने फायदे के लिए पार्टी बदल ली और भाजपा ने उन्हें विपक्ष को खत्म करने के लिए पार्टी में शामिल किया। ताकि वे लोकतंत्र को खत्म कर सकें, जो उन्होंने गोवा और पूरे देश में शुरू किया है। भाजपा संस्थाओं और लोगों का भी दमन कर रही है।

## नए साल में नए विश्वास को आगे बढ़ाएं : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। बिरला ने रविवार को अपने संदेश में कहा है कि मेरे प्रिय देशवासियों, मेरे परिवार जनों, आपको नववर्ष 2024 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि नया साल आपके और आपके प्रियजनों के जीवन में नई खुशियां लेकर आए। आपके सभी संकल्प पूरे हो। नए साल में आपका जीवन नई उपलब्धियों एवं नई सफलताओं से परिपूर्ण रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि नया साल वो समय है जब हम अपने लिए नए लक्ष्य तय करते हैं और उनको पाने के लिए नई ऊर्जा और नए उत्साह के साथ काम करते हैं। ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि आप नए साल में नए विश्वास, नई योजना और नए संकल्प के साथ अपने जीवन को आगे बढ़ाएं। सकारात्मक ऊर्जा के साथ हम स्वयं को सर्वश्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। हम अपने परिवार को, समाज को और राष्ट्र को उत्कृष्ट बनाने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।



**लोस अध्यक्ष ने नववर्ष की लोगों को दीं शुभकामनाएं**

# इस वर्ष आठ हजार फर्जी सोशल मीडिया हैंडल की पहचान : स्वैन

**जम्मू,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस केवल बंदूकधारी आतंकवादियों के खिलाफ नहीं लड़ रही है बल्कि विश्व भर में पांव जमाए सैकड़ों फर्जी सोशल मीडिया हैंडल द्वारा फैलाई जा रही झूठी कहानी या अफवाहों का भी सामना कर रही है। वर्ष 2023 में 8000 फर्जी हैंडल की पहचान की गई जिनका काम जम्मू-कश्मीर में माहौल को भड़काना और आतंकवाद को ग्लैमराइज करना था। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक आर आर स्वैन ने यहां यह जानकारी दी। हमारी लड़ाई केवल आतंकवादियों के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन अफवाहों के भी खिलाफ है जो सैकड़ों फर्जी सोशल मीडिया हैंडल द्वारा फैलाई जा रही है, जिनमें से 8000 फर्जी सोशल मीडिया हैंडल-फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम की पहचान 2023 में की गई। उनके हैंडलर दुनिया भर में बैठे हैं और उनके इसका उद्देश्य समस्याएं भड़काना और आतंकवाद का महिमामंडन करना है। वे गलत जानकारी मांगते हैं। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक आर आर स्वैन ने कहा कि असली और नकली में अंतर करने के बाद हम कानून के दायरे में उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। हम उनके खिलाफ आईटी एक्ट 61 के तहत कार्रवाई करेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम इंटरपोल के जरिए उन्हें पकड़ लेंगे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 नार्को-आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का गवाह बनेगा। नार्को-आतंकवाद, अलगाववाद और आतंकवाद के बीच संबंधों को 2023 में पहले ही खत्म कर दिया गया था। स्वैन ने कहा कि कश्मीर-जम्मू से लेकर पंजाब और दिल्ली तक नार्को-आतंकवाद के संबंध पाए गए हैं।



■ **2024 बनेगा नार्को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का गवाह**

### साइबर अपराध को लेकर पुलिस सजग : डीजीपी

डीजीपी ने कहा कि पुलिस साइबर अपराध को लेकर सजग है और सच तो यह है कि यह अपराध कम रिपोर्ट किया जा रहा है और जितना पुलिस वास्तव में जानती है उससे कहीं अधिक लोगों को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सिस्टम को अपग्रेड कर रहे हैं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। बड़ी रकम का पता लगाया गया और उन लोगों को वापस लौटाया गया, जिन्हें इंटरनेट धोखाधड़ी तथा डिजिटल दुनिया धोखाधड़ी के जरिए धोखा दिया गया था।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में पारा गिरने से शीत लहर बढ़ी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में रविवार को तापमान शून्य से कम 3.4 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में शून्य से कम 3.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जिससे कश्मीर घाटी में शीत लहर और तेज हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को कहा कि पांच जनवरी, 2024 तक आमतौर पर बादल छाए और शुष्क रहने के आसार हैं। कुल मिलाकर, जनवरी तक कोई महत्वपूर्ण मौसम गतिविधि नहीं है।

### भारत-नेपाल सीमा पर 68 हजार की राशि जब्त

**बनबसा/नैनीताल।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शारदा बैराज के पास बनबसा पुलिस ने नेपाल निर्धारित मात्रा से अधिक धनराशि ले जाते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धनराशि को जब्त कर लिया। दोनों को कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। चंपावत के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के अनुसार भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्धारित सीमा से अधिक धनराशि नेपाल ले जाने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार 30 दिसम्बर को बनबसा पुलिस की ओर से शारदा बैराज पर उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह बिष्ट की अगुवाई में जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान निर्धारित मात्रा से अधिक धनराशि नेपाल ले जाते हुए उप्र न्यूरिया निवासी अख्तर हुसैन से 68हजार रुपए की धनराशि जब्त की गई।

### मंडावा प्रभाकर मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**हैदराबाद।** तेलंगाना एनएसएल समूह के अध्यक्ष मंडावा प्रभाकर राव को कानपुर में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के 25वें दीक्षांत समारोह में प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। प्रभाकर को उनके असाधारण नेतृत्व, अटूट समर्पण और कृषि उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों की पुष्टि करते हुए, उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की।

### केरल के राज्यपाल ने दीं नव वर्ष शुभकामनाएं

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार को राज्य के लोगों को नये साल की शुभकामनाएं दीं। मुझे केरल के लोगों और दुनिया भर के अन्य केरलवासियों को खुश एवं समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक खुशी हो रही है। मैं ईमानदारी से कामना करता हूं कि वर्ष 2024 हमारी एकता को मजबूत करे और हमें हमारे राज्य की प्रगति व समृद्धि के लिए विचारों और कार्यों में सुरक्षा तथा सद्भाव में खुशी प्रदान करे।

## पश्चिम बंगाल में वैकल्पिक राजनीति पर रहस्यमय पोस्टर लगे

**कोलकाता,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। साल के आखिरी दिन पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर वैकल्पिक राजनीति की बात करने वाले रहस्यमयी पोस्टर दिखाई दिए। इन पोस्टरों के स्रोत पर रहस्य छाया हुआ है। दरअसल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। जिस बात ने रहस्य को और गहरा कर दिया है, वह राज्य के विद्रोही कांग्रेस नेता और कलकत्ता हाईकोर्ट के वकील कौस्तव बागची की तत्काल प्रतिक्रिया है। बागची ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पश्चिम बंगाल में वैकल्पिक राजनीति के इस आह्वान का स्वागत किया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में पश्चिम बंगाल में वैकल्पिक राजनीति के इस आह्वान को बंगाल का भविष्य भी बताया। बागची हमेशा कांग्रेस की राज्य इकाई में पार्टी के उस वर्ग के खिलाफ एक मुखर चेहरा रहे हैं, जो कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के प्रति नरम रुख रखते हैं। बागची ममता सरकार और टीएमसी नेताओं की ओर से कानूनी जानकारी स्वीकार करने के अपने फैसलों के लिए पी. चिदंबरम, अभिषेक मनु सिंघवी जैसे कांग्रेस के भीतर हाई-प्रोफाइल वकील-नेताओं के खिलाफ मुखर रहे हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि पश्चिम बंगाल में वैकल्पिक राजनीति पर रहस्यमय पोस्टरों का राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा ममता को वोट नहीं के हालिया आह्वान के साथ कुछ तालमेल है, जिसमें स्पष्ट रूप से मतदाताओं से टीएमसी को छोड़कर किसी के लिए भी वोट देने की अपील की गई। विपक्ष के नेता का वह आह्वान भाजपा को वोट देने से ज्यादा तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ वोट देने का था।



# सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार नव वर्ष में प्रदेश के दिव्यांगों को एक और सौगात देने की तैयारी में

हिमकिरण मांटा

शिमला, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार नव वर्ष में प्रदेश के दिव्यांगों को एक और सौगात देने की तैयारी में है। समाज के कमजोर वर्गों व बेसहारा बच्चों को सुखाश्रय योजना के तहत चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा देने के बाद अब मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों खासतौर पर गूंगे व बहरे बच्चों के लिए अलग से स्कूल व कॉलेज खोलने की योजना बनाई है। योजना को अमलीजामा पहनाने के मकसद से मुख्यमंत्री ने सोलन व शिमला जिलों के उपायुक्तों को भूमि तलाशने को कहा है। दोनों जिलों में 40-40 बीघा भूमि चिन्हित होने के बाद सरकार इस पर दिव्यांगों, गूंगे बहरे बच्चों के लिए स्कूल व कॉलेज खोलेगी। विशेष स्कूल खुलने से इन बच्चों की उच्च व स्कूली शिक्षा हासिल करने की हसरतें पूरी होंगी। उल्लेखनीय है कि सुखाश्रय योजना को लागू कर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान बारे अपनी संवेदनशीलता पहले ही उजागर की। सुखाश्रय योजना देश में अपनी तरह की पहली योजना है जिसके तहत बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया है। सरकार आश्रमों में रहने वाले करीब 4 हजार बच्चों के अभिभावक की भूमिका में है। समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रुख दर्शाने के बाद अब सरकार दिव्यांगों व गूंगे बहरे बच्चों के लिए स्कूल कॉलेज खोलने की योजना पर काम कर रही है। अलग से शिक्षण संस्थान खुलने से इसमें पढऩे वाले बच्चे अध्ययन के अलावा खेल कूद व शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी व्यस्त रहेंगे। प्रदेश में करीब 8 हजार दिव्यांग बच्चे हैं। प्रदेश में 1976 में ढली में गूंगे बहरे बच्चों के लिए शिक्षण संस्थान खोला गया। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने इस स्कूल के विस्तार के मकसद से 4.42 करोड़ की रकम आबंटित की। मगर सालों से यह योजना फाइलों से बाहर नहीं निकल सकी है। नतीजतन यह स्कूल जन सहयोग से चल रहा है। बीते दिनों इस स्कूल में अभिभावकों ने मांगों को लेकर आंदोलन भी किया। अब इस स्कूल को शिक्षा विभाग के अधीन लाने की योजना है। सुंदरनगर स्कूल में भी 150 विशेष छात्राएं पढ़ रही हैं। मगर अब सुक्खू सरकार तमाम विशेष बच्चों के लिए एक और स्कूल व कॉलेज खोलने की योजना को अमलीजामा पहनाने की कोशिश में है।



## बारामूला में यूएपीए के तहत संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक व्यक्ति का घर और एक वाहन कुर्क कर लिया। पुलिस ने रविवार को बयान में बताया कि आतंकवादियों को पनाह देने और उन्हें रसद सहायता प्रदान करने पर अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए, पुलिस ने बारामूला में 25 यूएपीए अधिनियम की धाराओं के तहत एक आवासीय घर और वाहन को कुर्क कर लिया है। क्रेरी थाना में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वानिगाम पाईन के निवासी फारूक अहमद भट का आवासीय घर कथित तौर पर आतंकवादियों को शरण देने के लिए कुर्क किया गया था।

# मेडिकल कॉलेजों की बजाय यूट्यूब चैनल बनाए होते तो नहीं हारती बीआरएस : केटीआर

**हैदराबाद,** 31 दिसमबर (एजेंसियां)। भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने इस तर्क पर सहमति जताई कि अगर पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने 32 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की बजाय फर्जी प्रचार का मुकाबला करने के लिए 32 यूट्यूब चैनल बनाए होते तो पार्टी को हाल के तेलंगाना विधानसभा चुनावों में हार का सामना नहीं करना पड़ता। बीआरएस के कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के लगभग एक महीने बाद रामा राव ने रविवार को एक्स पर यह विचार साझा किया। उन्होंने कहा, चुनाव के नतीजों के बाद मुझे बहुत सारी दिलचस्प प्रतिक्रियाएं और टिप्पणियां मिल रही हैं। अब तक की सबसे अच्छी प्रतिक्रिया यह है कि 32 सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की बजाय केसीआर गारू को फर्जी प्रचार का मुकाबला करने के लिए 32 यूट्यूब चैनल स्थापित करने चाहिए थे। केटीआर ने कहा कि इस अवलोकन से कुछ हद तक सहमत हूं। हर जिले में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना को बीआरएस ने चुनाव प्रचार के दौरान बड़ी उपलब्धि बताई थी।



■ **कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के एक माह बाद बोले केटी रामा राव**

### केटीआर के पोस्ट पर कांग्रेस ने की टिप्पणी

केटीआर के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, पूर्व कांग्रेस विधायक अनिल एरावथरी ने टिप्पणी की, तेलंगाना के लोगों के खिलाफ अब तक बहुत सारी विषाक्तता है, फिर भी लोगों के जनादेश को पचाने में सक्षम नहीं हैं। सत्ता-लोलुप सोच की कीमत आपको चुकानी पड़ी। तेलंगाना के संसाधनों पर 5/6 लोगों के परिवार ने कब्जा कर लिया और मौज किया। और अधिक सबक सिखाने की आवश्यकता है। तेलंगाना पर दो कार्यकाल तक शासन करने के बाद, बीआरएस ने कांग्रेस के हाथों सत्ता खो दी। 119 सदस्यीय विधानसभा में जहां कांग्रेस को 64 सीटें मिलीं, वहीं बीआरएस 39 सीटें ही जीत सकी।

## नोएडा मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कम्बल वितरित किए

**नोएडा।** सर्दी और कोहरे ने गरीबों एवं वंचित वर्ग के लिए एक आफत मचा दी है। गरीब वंचित लोगों को ठंड की विभीषिका से बचाने के लिए एसोसिएशन ने उन्हें कम्बल वितरित करने की व्यवस्था की। विदित हो कि हर वर्ष नोएडा मैनेजमेंट एसोसिएशन समाज के जरूरतमंद लोगों के सहयोग के लिए प्रतिबद्ध रही है। इसी क्रम में एसोसिएशन ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इस पुनीत कार्य के लिए एकजुट होकर आगे बढ़कर काम कर रहे हैं। एसोसिएशन ने वर्ष 2023 का समापन 'कंबल-वितरण' के साथ करने का निर्णय लिया। ज्ञातव्य हो कि नोएडा मैनेजमेंट एसोसिएशन के आसपास बडी संख्या में मजदूर रहते हैं। एसोसिएशन ने उन तक पहुंच कर उनका पंजीकरण के बाद उन सभी को कंबल वितरित किया। इसका शुभारंभ संस्था के वर्तमान अध्यक्ष संदीप मित्तल के द्वारा हुआ। साथ में संस्था के पूर्व अध्यक्ष एस एन सिंह, एम के. रुस्तगी, सुरेंद मोहन, एस के तोमर, ए. के. गुप्ता, दुर्गेश गर्ग, एस कुमार, चितरंजन कुमार, पराग कुमार एवं संस्था के कार्यकारी अधिकारी सी एस मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सभी सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में सहयोग दिया।



## सीएम धामी ने सुना मन की बात

**देहरादून,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को प्रेमनगर, सुद्धोवाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 108वां संस्करण सुना। इस अवसर पर उन्होंने लेखक हरि सिंह बिष्ट द्वारा लिखी गई पुस्तक 'मन की बात-सकारात्मक संवाद से सशक्त भारत' का विमोचन भी किया। इस पुस्तक में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 75वें संस्करण से 99वें संस्करण तक विस्तार से वर्णन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने हमेशा देश वासियों को जोड़ने और समाज में बेहतर कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया है। विभिन्न क्षेत्रों में शोध और अनुसंधान के साथ विशिष्ट कार्य करने वालों को इस कार्यक्रम के माध्यम से अलग पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देशवासियों को जोड़ने और समाज सेवा से जुड़े कार्यों के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए 100 से अधिक बार मन की बात साझा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का देवभूमि उत्तराखण्ड से कर्म और मर्म का रिश्ता है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड का हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। राज्य में सड़क, रेल, हवाई और रोपवे कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है। केदारनाथ का पुनर्निर्माण और बद्रीनाथ के मास्टर प्लान का कार्य तेजी से हुआ है। राज्य में अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहे है।



आस्था | *नए साल पर वैष्णो देवी के दर पर उमड़ेगा श्रद्धालुओं का हुजूम*

# पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

**जम्मू, 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। नए साल पर मां वैष्णो देवी के दर पर हाजिरी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ेगा। 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसके लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड सहित जिला पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। कटड़ा से भवन तक ड्रोन से निगरानी की जा रही है।**

श्रद्धालुओं की एडवांस बुकिंग के चलते अधिकांश होटल फुल हो चुके हैं। धर्मनगरी के अलावा पर्यटन स्थलों पर भी यात्रियों और पर्यटकों को ठहराने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पटनीटॉप, नत्थाटॉप, पहलगाम, गुलमर्ग, सोनमर्ग सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का जमावड़ा लग चुका है। पटनीटॉप के मुख्य मैदान पर 31 दिसंबर को विंटर बोनांजा का आयोजन होगा। इसमें पंजाबी गायक संग्राम हांजरा और नूरां बहनें प्रस्तुतियां देंगी। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए स्नो मैन मेकिंग सहित कई प्रतियोगिताएं होंगीं। भद्रवाह में भद्रवाह उत्सव होगा। इसमें सेलिब्रिटी काका प्रस्तुती देंगे। पर्यटन विभाग सोनमर्ग में पहली बार नए साल का जश्न होगा। गुलमर्ग में आभा हंजूरा का कार्यक्रम है। इसके अलावा आदिल गुरेजी, इश्फाक कावा समेत कई बैंड प्रस्तुतियां देंगे। होटल इंडस्ट्री से जुड़े गुलाम मुस्तफा ने बताया कि नए साल पर बड़ी संख्या में पर्यटक कश्मीर का रुख कर रहे हैं।

पर्यटकों के लिए आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। सोनमर्ग में पहली बार होटल खुले रहेंगे। जम्मू के निदेशक विवेकानंद राय का कहना है कि विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये अधिक से अधिक पर्यटकों को जम्मू संभाग के पर्यटन स्थलों तक लाया जाएगा। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने बताया कि अब तक 94.35 लाख श्रद्धालु दरबार में हाजिरी दे चुके हैं, जो पिछले साल के मुकाबले तीन लाख ज्यादा हैं। 31 दिसंबर को भी 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कटड़ा से भवन तक क्षेत्र को 6 सेक्टर में बांटा गया है। प्रतिदिन 50 हजार श्रद्धालु ही भवन क्षेत्र में जा सकेंगे।

अन्य को कटड़ा सहित अन्य स्थानों पर रोका जाएगा। भवन क्षेत्र के 500 मीटर के दायरे में रुकने की इजाजत नहीं होगी। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार 5 जनवरी को कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे, इस दौरान पर्यटन स्थलों पर कोहरा छाया रह सकता है। वहीं दूसरी ओर लगातार अनाउंसमेंट की जाएगी कि जो श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन कर चुके हैं, वह सीधे कटड़ा की ओर प्रस्थान करें, ताकि भवन क्षेत्र में कहीं भी भीड़भाड़ न हो और दो वर्ष पहले वाली स्थिति पैदा न हो सके। आगामी दो जनवरी तक हेलिकॉप्टर सेवा के साथ ही बैटरी कार सेवा, रोपवे केबल कार सेवा के साथ भवन पर रहने को लेकर सभी तरह के कमरे तथा डॉरमेट्री बेड आदि की ऑनलाइन बुकिंग पूरी तरह से फुल है।



■ **कटड़ा से भवन तक ड्रोन से की जा रही निगरानी**

# वार्षिक राशिफल 2024

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

नई दिल्ली सोमवार 01 जनवरी, 2024 | देशबन्धु

## मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

मेष राशि के जातक बहुत ज्यादा एक्टिव होते हैं और अपना काम खुद करना पसंद करते हैं। वर्ष की शुरुआत में बृहस्पति आपकी राशि में और शनि एकादश भाव में होने से आपकी अच्छी इनकम होगी। सही डिसीजन आपको जीवन में आगे बढ़ने में सफलता प्रदान करेगा। आप अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में सही डिसीजन लेकर जीवन में तरक्की हासिल करेंगे। आपकी इनकम भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जाएगी। आपको ओवरकॉन्फिडेंट होने से बचना होगा। गवर्नमेंट का सपोर्ट भी आपके साथ रहेगा, लेकिन बारहवें घर का राहु परेशानी भी देता रहेगा। यदि आप सेहत को इग्नोर करेंगे, तो हॉस्पिटल भी जा सकते हैं। आप के खर्चे भी ज्यादा होंगे। फिजूलखर्ची पर ध्यान नहीं देंगे तो परेशानी खड़ी हो सकती है। यदि आप विदेश जाना चाहते हैं तो आपकी यह विश इस साल पूरी हो सकती है और आपको विदेश जाने का मौका मिल सकता है। मन में दबी हुई पुरानी इच्छाओं की पूर्ति होगी, जिससे मन में हर्ष की भावना रहेगी। आप अपने लवर के लिए भी बहुत कुछ करेंगे। कोई बढ़िया गिफ्ट से उनका दिल भी खुश कर देंगे। पिता के साथ आपके रिश्ते में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन भाग्य की प्रबलता से आपके काम बनते जाएंगे और कोई भी काम धन की कमी से रुकेगा नहीं। आपकी जो योजनाएं अभी तक पूरी नहीं हुई थीं, वो इस साल पूरी होंगी। आपने जो सोचा भी नहीं होगा, ऐसा अच्छा आपके साथ इस वर्ष हो सकता है। निजी संबंधों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। लव लाइफ में कोई खुशखबरी भी मिल सकती है। यदि आप शादीशुदा हैं, तो गृहस्थ जीवन के लिए भी यह वर्ष अच्छा है। ससुराल का भी अच्छा सपोर्ट आपके साथ रहेगा। कुछ नए लोगों के साथ मिलकर बिजनेस में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

## सिंह- (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू)

सिंह राशि के जातकों के लिए यह वर्ष बहुत अच्छे परिणाम लेकर आने वाला है। आपकी रुकी हुई योजनाएं गति पकड़ेंगी और आप अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को भी आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। अगर आप बिजनेस को बढ़ाना चाहते हैं तो उसके लिए यह साल पूरी तरह से सफलता देने वाला होगा। इस साल आपको कहीं से अचानक बहुत सारा धन मिलने के योग बन रहे हैं। आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा, लेकिन वर्ष की शुरुआत में थोड़ा ध्यान देना होगा। इस साल आपको अपने परिवार पर ज्यादा ध्यान देना पड़ेगा क्योंकि आपसी तालमेल बिगड़ने के कारण घर परिवार में समस्याएं जन्म ले सकती हैं। आप अपने बिजनेस के सिलसिले में कई बार विदेश आना-जाना कर सकते हैं। हायर एजुकेशन के लिए भी यह साल बढ़िया रहेगा। इस साल आप उन्नति करेंगे। धीरे-धीरे जीवन के सभी क्षेत्रों में आप उन्नति करेंगे और इस वर्ष के मध्य तक आप बहुत अच्छी स्थिति में आ जाएंगे। जैसे-जैसे वर्ष आगे बढ़ेगा, आपको लगेगा कि आप बहुत कुछ अचीव कर पा रहे हैं। इससे आपका दिल खुश होगा और आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। अगर आप कोई एनजीओ चलाते हैं या किसी कंपनी की फ्रेंचाइजी लेकर काम करते हैं तो इस साल आपके बारे न्यारे हो जाएंगे। आपका नाम भी बढ़ेगा और आपका काम भी बढ़ेगा, उससे आपको अच्छी इनकम भी मिलेगी। आप अपने सेल्फ-कॉन्फिडेंस के बलबूते बहुत सारी अचीवमेंट प्राप्त कर पाएंगे। अगर आप प्रेग्नेंट हैं, तो आपको वर्ष की शुरुआत में थोड़ा ध्यान देना होगा। पेट में गर्मी हो सकती है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने की समस्या सामने आ सकती है। आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को भी बहुत अच्छे से निभाएंगे और यह वर्ष आपके लिए अचीवमेंट से भरा होगा।

## तुला- (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

तुला राशि के जातक जीवन में संतुलन को महत्व देने वाले होते हैं और महत्वाकांक्षी होते हैं। इस साल की शुरुआत आप अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति से करना पसंद करेंगे, क्योंकि आपकी मनचाही इच्छाएं पूरी होने लगेंगी, जिससे आपका कॉन्फिडेंस भी लौटकर आएगा और आप जीवन को नए नजरिए से देखना शुरू कर देंगे। इससे जीवन में नयापन भी आएगा और आपको सफलता भी मिलेगी। वर्ष की शुरुआत में आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों को अपना बनाने में कामयाब रहेंगे, जिससे आपके सभी काम बनते हुए नजर आएंगे। बिजनेस हो या नौकरी या सेल्फ एंप्लॉयमेंट, सभी क्षेत्रों में आपका दबदबा रहेगा। परिवार में भी आपकी साख अच्छी होगी। आपके साहस की बढ़ोतरी आपको बिजनेस में रिस्क लेने वाला बनाएगी और गवर्नमेंट सेक्टर से भी आपके लिए उन्नति के रास्ते खुलते हुए नजर आएंगे। भाई-बहनों को लेकर थोड़ी समस्याएं सामने आ सकती हैं, लेकिन आप अपनी समझदारी दिखाते हुए उनका सपोर्ट करते हुए ही दिखाई देंगे। परिवार के बुजुर्ग सदस्यों से प्रेम मिलेगा और उनके आशीर्वाद से आप के काम बनेंगे। विदेश यात्रा की तैयारी कर रहे जातकों को शुरुआत में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और हो सकता है कि उनका वीजा लगते लगते रह जाए, लेकिन निराश होने की जरूरत बिलकुल भी नहीं है, क्योंकि कुछ समय की अड़चनों के बाद और कुछ फॉर्मेलिटी पूरी करने के बाद दोबारा से उनका वीजा लग सकता है। खर्चे आपके इस वर्ष अधिक होंगे। आप खुद भी नहीं समझ पाएंगे कि कैसे खर्चे इतने बढ़ गए हैं, क्योंकि आपको सभी खर्चे जरूरी लगेंगे और उन पर अनावश्यक रूप से धन खर्च होगा। इसके विपरीत धन लाभ के योग भी इतने बनेंगे कि आप बैंक बैलेंस बढ़ाने और सेविंग करने में भी कामयाब रहेंगे। इस तरह से देखें तो इस वर्ष आपको आर्थिक तौर पर अच्छी कामयाबी मिल सकती है।

## धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

धनु राशि के जातक होने के कारण आप स्वभाव से कर्तव्यों के प्रति और अपने जीवन के उद्देश्य के प्रति दृढ़ निश्चय रखने वाले हैं। जल्दी क्रोधित हो जाते हैं, लेकिन अपने लक्ष्य को प्राप्त करना आपकी खासियत है। आप स्वतंत्र विचारों में विश्वास रखते हैं और औरों से भी यही उम्मीद करते हैं कि उनके स्वतंत्र विचारों के विरुद्ध ना जाएं, इसलिए यह साल आपको नई ऊंचाइयों तक ले जाने में कामयाबी देगा। शनि महाराज की कृपा से ही आपका कॉन्फिडेंस सिर चढ़कर बोलेगा, जिससे जीवन के अनेक क्षेत्रों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी इनकम में भी बढ़ोतरी होगी। साल की शुरुआत में ही जबरदस्त धन लाभ के योग बनेंगे। आप खर्चे करने में भी कोई गुरेज नहीं करेंगे और अपनी खुशी के लिए और जरूरत की चीजों पर भी भरपूर धन खर्च करते रहेंगे। साल की शुरुआत सेहत के लिए ठीक रहेगी, लेकिन आपको लापरवाह नहीं होना है और अपनी सही रूटीन बनाकर लगातार व्यायाम या ध्यान के साथ अपने स्वास्थ्य, चाहे वह शारीरिक हो या मानसिक हो, दोनों पर ही ध्यान देना चाहिए। पारिवारिक तौर पर यह साल कुछ परेशानियों से भरा रहेगा। परिवार के लोगों के बीच आपसी तालमेल का अभाव होने से कई बार बीच में लड़ाई झगड़े की स्थिति बन सकती है। आपको भी घर के सुख में कमी महसूस होगी। आप अपने काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे, इसलिए घर पर भी ध्यान कम दे पाएंगे। विदेश जाने की इच्छा रखते हैं तो साल की शुरुआत में आपकी इच्छा पूरी हो सकती है, उसके बाद आपको अगस्त तक इंतजार करना पड़ सकता है। अगर आप कोई गाड़ी खरीदना चाहते हैं तो सोच समझकर खरीदें। इस साल बहुत अच्छे योग नहीं बन रहे हैं। विशेष मुहूर्त देखकर ही वाहन खरीदना आपके लिए शुभ होगा। शनि महाराज की कृपा से आपके बहुत सारे काम बनने लगेंगे, जिससे आपकी फाइनेंशियल कंडीशन भी इंप्रूव होगी और आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। नौकरी हो या बिजनेस या सेल्फ एंप्लॉयमेंट सभी क्षेत्रों में आपका परफॉर्मेंस बहुत बढ़िया होगा।

## वृष- (इ, उ, ऐ, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)

साल 2024 वृषभ राशि के जातकों के लिए बहुत कुछ खास लेकर आने वाला है। आपको इस साल अपने गुस्से पर कंट्रोल रखना होगा, नहीं तो बनते हुए कामों में परेशानी आएगी। साल की शुरुआत से ही खर्च और मेंटल प्रेशर आपके ऊपर बहुत ज्यादा हावी रहेगा, जो साल के अधिकांश भाग में आपको दिखाई देगा, इसलिए आपको शुरुआत से ही कमर कसके तैयारी करनी होगी, कि चाहे कितनी भी चुनौती क्यों ना आ जाए, आप किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटेंगे। इस साल आपको अच्छी इनकम प्राप्त होगी। आपकी मन की इच्छाएं पूरी होंगी। घर के बुजुर्गों का पूरा सपोर्ट आपके साथ होगा। यदि आप पेरेंटल बिजनेस करते हैं, तो उसमें भी अच्छी सफलता आपको इस साल मिल सकती है। आप यदि कोई प्रॉपर्टी खरीदना चाहें, तो उसके लिए अगस्त और अक्टूबर का समय सबसे ज्यादा अच्छा रहने वाला है। लव लाइफ के लिए भी साल अच्छा है। विदेश जाने का मौका आपको इस साल मिल सकता है। अगर आप बाहर जाना चाहते हैं, तो जल्द से जल्द वीजा के लिए अप्लाई कर दें। आपको तुरंत ही इसमें कामयाबी मिल सकती है और आप बाहर जाने में सफल हो सकते हैं, इस साल सेहत कमजोर रहेगी, इसलिए खुद का ध्यान सबसे पहले रखें। लोगों की बातों में आकर चिटफंड में पैसा ना लगाएं, नहीं तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें। किसी भी ऐसे व्यक्ति या ऐसी प्रॉपर्टी में हाथ ना डालें, जिसके बारे में पूरी जानकारी ना हो, क्योंकि आपके साथ धोखा होने की संभावना भी है। साल के अंतिम महीनों में संतान की सेहत में गिरावट आ सकती है, इसलिए उनको लेकर थोड़ी-सी सावधानी बरतें। इस वर्ष मार्च से अगस्त के बीच एक बात का खास खयाल रखें कि परिवार का कोई वृद्ध व्यक्ति बीमार पड़ सकता है, जिसकी सेहत पर अच्छा खासा खर्च भी होगा और अस्पताल के चक्कर भी काटने पड़ सकते हैं।

## मिथुन- (का, की, कू, घ, ड., छ, के, को, हा)

मिथुन राशि के लोग साल की शुरुआत में कुछ गुस्से में नजर आएंगे। अपने रिलेशनशिप को सही तरीके से ना समझने के कारण आप कई बार परेशानियों में आ सकते हैं। अपनी मैरिड लाइफ को भी आपको समय देना चाहिए, वरना आप जीवनसाथी के गुस्से का शिकार हो जाएंगे और उसे संभालना आपके लिए मुश्किल होगा। आपके ससुराल पक्ष के लोग जैसे कि आपके जीवनसाथी के भाई-बहन आपके बहुत काम आएंगे और आपके लिए लकी साबित होंगे, उनके साथ मिलकर काम करना आपको सफलता देगा। इस साल आपको विदेश यात्रा करने के भरपूर मौके मिलेंगे। अगर आप विदेश जाना चाहते हैं, तो यह समझ लीजिए कि यह साल आपकी इस विश को पूरी करेगा। ओवरसीज बिजनेस में लाभ मिलेगा। वर्सेस कनेक्शन से आपके जीवन में खुशहाली आएगी और इनकम बढ़ेगी। आपके भाई-बहनों का प्यार आपको मिलेगा, लेकिन पारिवारिक जीवन में कुछ अशांति रहेगी। परिवार का सुख कम मिलेगा। काम में ज्यादा बिजी होने की वजह से आप अपनी फैमिली के लिए टाइम भी काम निकाल पाएंगे। दोस्तों और दुश्मनों दोनों से मुलाकात होगी। दोस्तों का स्पोर्ट रहेगा और वह बड़ी से बड़ी मुसीबत से निकालने में आपकी मदद करेंगे। अगर आप बिजनेस मे पार्टनरशिप कर रहे हैं, तो बिजनेस पार्टनर के द्वारा आपका बिजनेस बहुत तेज गति से तरक्की करेगा और आपको हाई इनकम प्राप्त होगी। आपके बेनिफिट बहुत बढ़िया होंगे, जितना आपने सोचा भी नहीं होगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी। हर चीज सही निशाने पर बैठेगी, जिससे आप सफल होते चले जाएंगे। आपको अपने बिजनेस में और अपनी लाइफ में और अगर आप स्टूडेंट हैं, तो अपनी एजुकेशन में किसी एक्सपर्ट का सपोर्ट मिलेगा और कोई अचीवमेंट आपकी मदद करेगा, इससे आप जिस फील्ड में भी लगे हों, उसी में अच्छी सक्सेस प्राप्त कर पाएंगे।

## सामान्य एवं ऐच्छिक अवकाश

### सार्वजनिक अवकाश

| | |
|---|---|
| 26 जनवरी | गणतंत्र दिवस |
| 8 मार्च | महाशिवरात्रि |
| 25 मार्च | होली |
| 29 मार्च | गुड फ्राइडे |
| 01 अप्रैल | बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी |
| 11 अप्रैल | ईद-उल-फितर |
| 23 मई | बुद्ध पूर्णिमा |
| 17 जून | ईद-उल-जूहा (बकरीद) |
| 17 जुलाई | मोहर्रम |
| 15 अगस्त | स्वतंत्रता दिवस |
| 26 अगस्त | कृष्ण जन्माष्टमी |
| 17 सितम्बर | ईद-ए-मिलाब (मिलाव-उन-नबी) |
| 2 अक्टूबर | महात्मा गांधी का जन्म दिवस |
| 12 अक्टूबर | दशहरा (विजय दशमी) |
| 31 अक्टूबर | दीवाली (दीपावली) |
| 15 नवम्बर | गुरूनानक जन्म दिवस |
| 25 दिसम्बर | क्रिसमस दिवस |

निम्नलिखित अवकाश के दिन रविवार होने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किये गये है।

| | |
|---|---|
| 21 अप्रैल | महावीर जयंती |

### सामान्य अवकाश

| | |
|---|---|
| 25 जनवरी | मां शाकांभरी जयंती एवं छेरछेरा |
| 26 जनवरी | गणतंत्र दिवस |
| 08 मार्च | महाशिवरात्रि |
| 25 मार्च | होली |
| 29 मार्च | गुडफ्राइडे |
| 05 अप्रैल | भक्त माता कर्मा जयंती |
| 11 अप्रैल | ईद-उल-फितर |
| 17 अप्रैल | रामनवमी |
| 23 मई | बुद्ध पूर्णिमा |
| 17 जून | ईद-उल-जुहा (बकरीद) |
| 22 जून | कबीर जयंती |
| 17 जुलाई | मोहर्रम |
| 09 अगस्त | विश्व आदिवासी दिवस |
| 15 अगस्त | स्वतंत्रता दिवस |
| 19 अगस्त | रक्षाबंधन |
| 26 अगस्त | कृष्ण जन्माष्टमी |
| 06 सितम्बर | हरितालिका तीज (पर्व) |
| 17 सितम्बर | ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) |
| 02 अक्टूबर | महात्मा गांधी का जन्म दिवस |
| 12 अक्टूबर | दशहरा (विजयादशमी) |
| 31 अक्टूबर | दीवाली (दीपावली) |
| 07 नवम्बर | छठ पूजा |
| 15 नवम्बर | गुरूनानक जन्म दिवस |
| 18 दिसम्बर | गुरू घासीदास जयंती |
| 25 दिसम्बर | क्रिसमस दिवस |

निगोशिएबल ईन्स्टूमेंट एक्ट 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के अंतर्गत कोषालय एवं उपकोषालय हेतु सार्वजनिक अवकाश इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 11-10-2023 द्वारा घोषित किए गए हैं। डा. अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल, महावीर जयंती 21 अप्रैल, हरेली 4 अगस्त

### ऐच्छिक अवकाश

| | |
|---|---|
| 1 जनवरी | नववर्ष दिवस |
| 3 जनवरी | माता सावित्री बाई फूले जयंती |
| 4 जनवरी | लुई ब्रेल का जन्म दिवस |
| 10 जनवरी | विश्व हिन्दी दिवस |
| 15 जनवरी | मकर संक्राति/पोंगल |
| 17 जनवरी | गुरू गोविन्द सिंह का जन्म दिवस |
| 20 जनवरी | शहीद गैंदसिंह का शहादत दिवस |
| 23 जनवरी | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयंती |
| 25 जनवरी | छेरछेरा/माता शाकांभरी जयंती |
| 26 जनवरी | हजरत अली का जन्म दिवस |
| 14 फरवरी | बसंत पंचमी/मां परमेश्वरी जयंती |
| 19 फरवरी | छत्रपति शिवाजी जयंती |
| 24 फरवरी | राजिम मेला माघ पूर्णिमा/संत रविदास जन्म दिवस |
| 5 मार्च | महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती |
| 20 मार्च | वीरांगना अवंति बाई का बलिदान दिवस |
| 27 मार्च | भाई-दूज |
| 30 मार्च | रंग पंचमी |
| 5 अप्रैल | जमात-उल-विदा |
| 9 अप्रैल | गुडी पड़वा/चैतीचांद |
| 13 अप्रैल | गुहा निषादराज जयंती |
| 13 अप्रैल | वैशाखी |
| 22 अप्रैल | हाटकेश्वर जयंती |
| 23 अप्रैल | धरती पूजा (खद्दी पर्व) |
| 4 मई | श्रीमद वल्लभाचार्य जयंती |
| 10 मई | परशुराम जयंती |
| 15 जून | महेश नवमी (ज्येष्ठ शुक्ल) |
| 24 जून | वीरांगना दुर्गावती का बलिदान दिवस |
| 19 जुलाई | डॉ. खूबचंद बघेल का जन्म दिवस |
| 9 अगस्त | नागपंचमी |
| 15 अगस्त | परसी नववर्ष |
| 2 सितम्बर | पोला |
| 7 सितम्बर | गणेश चतुर्थी |
| 10 सितम्बर | नवाखाई |
| 14 सितम्बर | ढोल ग्यारस |
| 17 सितम्बर | अनंत चतुर्दशी |
| 17 सितम्बर | विश्वकर्मा जयंती |
| 1 अक्टूबर | प्राणनाथ जयंती |
| 2 अक्टूबर | सर्वपितृमोक्ष अमावस्या |
| 3 अक्टूबर | अग्रसेन जयंती |
| 11 अक्टूबर | दशहरा (महाअष्टमी) |
| 11 अक्टूबर | दशहरा (महानवमी) |
| 17 अक्टूबर | महर्षि वाल्मिकी जयंती/महाराजा अजमोढ़ देव जयंती/टेकचंद जी महाराज का समाधि उत्सव/कुवांर पूर्णिमा करम परव (त्यौहार) |
| 24 अक्टूबर | डॉ. सैयदना साहब का जन्म दिवस |
| 30 अक्टूबर | दीपावली (दक्षिण भारतीय) |
| 1 नवम्बर | दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) |
| 8 नवम्बर | भगवान सहस्त्रबाहु जयंती |
| 12 नवम्बर | नामदेव जयंती |
| 10 दिसम्बर | शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस |
| 14 दिसम्बर | दत्तात्रेय जयंती |

**राजिम भक्तिन माता जयंती 7 जनवरी, शव-ए-बारात 25 फरवरी, होली (होलिका दहन) 24 मार्च, सेन जयंती 5 मई, शंकराचार्य जयंती 12 मई, छत्रपाल जयंती/महाराणा प्रताप जयंती 9 जून, रथयात्रा 7 जुलाई, हरछठ 25 अगस्त, ओणम 15 सितम्बर, करवाचौथ व्रत 20 अक्टूबर, भाई दूज 3 नवम्बर, गुरू तेगबहादुर का शहीदी दिवस रविवार होने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया, वहीं जो ऐच्छिक अवकाश घोषित किए गए हैं उनमें से इच्छानुसार कोई भी तीन अवकाश पात्रता होगी।**

## मकर- (भो, जा, जी, जु, खी, खू, खे, खो, ग,गी)

मकर राशि के जातकों के लिए यह वर्ष बहुत अच्छा रहने वाला है, क्योंकि आप को प्रबल रूप से इनकम मिलने वाली है। आपने जितनी भी कोशिशें अब तक की हैं, उन सभी से अब आपको पैसा मिलने वाला है। नोटों की गड्डियां तैयार होंगी और आपको उन्हें बैंक में भरने की जरूरत पड़ेगी। खर्चे भी होंगे, लेकिन इनकम बहुत बढ़िया होने से आपके सभी काम बनते चले जाएंगे। आपने अभी तक जितनी भी समस्याओं को झेला है और जो भी प्रॉब्लम आपके सामने आई हैं, आपने उन्हें फेस किया है, वो सभी प्रॉब्लम अब धीरे-धीरे दूर होती जाएंगी। परिवार के मोर्चे पर आपके लिए वर्ष की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। बृहस्पति महाराज की कृपा से परिवार में एकरूपता रहेगी। माता-पिता का सहयोग और सपोर्ट आपके साथ रहेगा। उनके आशीर्वाद से आपके व्यापार में उन्नति होगी। आप कुछ बड़े डिसीजन ले पाएंगे। उसमें उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आपको पैतृक संपत्ति मिल सकती है। परिवार में आपका प्रभुत्व बढ़ेगा। आपको बड़ा सम्मान मिलेगा और आपकी बात लोग मानेंगे। आप अच्छा खान-पान रखकर अच्छे स्वास्थ्य का भी आनंद ले पाएंगे। कोई भी काम पैसे की कमी से रुकने वाला नहीं है, इसलिए आप निश्चिंत रहें। दोस्तों के साथ बहुत समय बिताएंगे और दोस्ती बढ़ेगी। नए-नए लोगों से मिलने का चांस मिलेगा। सोशल सर्कल में बढ़ोतरी होगी। आप सोशल मीडिया पर भी बहुत ज्यादा एक्टिव रहेंगे और आपके फॉलोअर्स की संख्या भी बढने वाली है, इसलिए अपनी इमेज को कैसे बिल्डअप करना है, इस पर आपको ध्यान देना होगा। यह साल आपको बहुत कुछ देने वाला है। आपको फॉरेन कंट्री में जाकर अपना हुनर दिखाने का मौका भी मिल सकता है। अपनी किसी हॉबी को उभारने के लिए सबसे अच्छा समय यह होने वाला है। ट्रैवलिंग होती रहेगी। छोटी-छोटी ट्रैवलिंग से आप खुद को रिफ्रेश करेंगे और दोस्तों के साथ भी आउटिंग प्लान करेंगे।

## कुंभ- (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

कुंभ राशि के जातक होने के कारण आप व्यवहार कुशल होंगे। अपनी बातों को मनवाने वाले और अपनी बातों से सामने वाले को अचंभित करने वाले हो सकते हैं। आप यदि कुंभ राशि में जन्म ले चुके हैं तो यह समझ लीजिए कि आप अपने नियमों को किसी भी कीमत पर बदलना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन जिस भी उद्देश्य के प्रति आप लग जाते हैं, उसे पूरा करके ही दम लेते हैं। आपकी राशि के स्वामी शनि महाराज आपकी ही राशि में पूरे साल रहने वाले हैं, जिससे आपकी पर्सनैलिटी का डवलपमेंट होगा। आप और भी ज्यादा मैच्योर नजर आएंगे। आपकी मैच्योरिटी आपके कामों और आपके एक्शन में दिखेगी। पर्सनल लाइफ हो या वर्कफ्रंट हो, हर जगह आप अच्छा परफॉर्म करते नजर आएंगे। आपकी इनकम भी साल की शुरुआत से बढ़िया होगी और आपकी हैल्थ भी बढ़िया रहेगी। आपको करियर में नए-नए असाइनमेंट मिलेंगे और उन्हें आप टाइम से पहले ही पूरा कर दिखाएंगे। इससे आपको इस साल कोई बड़ी अपॉर्च्यूनिटी मिलने वाली है। आपकी कोई अचीवमेंट ऐसी भी हो सकती है, जिसके लिए आपको इनाम भी मिल सकता है। गवर्नमेंट सेक्टर से आपको कोई बड़ा बेनिफिट इस साल मिलने वाला है। अगर आप विदेश जाना चाहते हैं तो फरवरी और मार्च का महीना सबसे ज्यादा अच्छा रहने वाला है। धर्म-कर्म के मामलों में भी आपका बहुत ज्यादा इंटरेस्ट रहेगा और किसी मंदिर-मस्जिद या धार्मिक स्थान पर आप सेवा का काम करना पसंद करेंगे। किसी सोसाइटी में, जो धार्मिक संस्था हो, आपको कोई बड़ा पद भी मिल सकता है। आप अपनी बातों में कई बार राहु की वजह से ऐसे शब्द बोलेंगे, जो सामने वाले को हद से ज्यादा अजीब लग सकती हैं, क्योंकि आप जो कहेंगे, उसे करने में विश्वास तो रखेंगे, लेकिन अपनी बातों को सामने वाले के सामने ऐसे रखेंगे कि वह उन पर आसानी से विश्वास नहीं कर पाएगा।

## कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, ड़ी, डू, डे, डो)

अगर आप बहुत इमोशनल हैं, तो आप कर्क राशि के प्राणी हो सकते हैं, क्योंकि कर्क राशि के लोग बहुत ज्यादा इमोशनल होते हैं। फैमिली के साथ रहना ज्यादा पसंद करते हैं। इस साल इमोशनल नहीं, प्रेक्टिकल अप्रोच रखना आपको फायदा दे सकता है। साल की शुरुआत में ही आप इनकम बढ़ाने का प्रयास करते हुए नजर आएंगे। पारिवारिक गतिविधियों पर भी आपका पूरा ध्यान रहेगा और परिवार के सपोर्ट से आप कुछ बड़े डिसीजन लेंगे। आप अगर कोई फैमिली बिजनेस करते हैं या ऐसा कोई बिजनेस जो परिवार में पुराने समय से चला आ रहा है, तो इस साल आपको उस बिजनेस में जबरदस्त लाभ मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकेगी। विदेश यात्रा के अच्छे योग दिखाई दे रहे हैं। अगर आप आर्मी, एयरफोर्स या पुलिस की जॉब प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए काम्पिटिशन में बैठ रहे हैं, तो इस साल सफलता की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। परिवार के लोग मददगार रहेंगे। मां से विशेष प्रेम रहेगा। मां से कुछ अच्छी काम की सीख भी मिलेगी, उनके द्वारा आपका पथ प्रदर्शन होगा, जिससे आपको कुछ नई अपॉर्चुनिटी भी मिल सकती है। पिता जी से भी आपके संबंध अच्छे रहेंगे, लेकिन उनकी सेहत में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। पिताजी से आपकी अनबन भी हो सकती है, इसलिए उनसे अच्छे संबंध बनाए रखने की कोशिश करें और उनका ध्यान रखें। अगर आप रियल एस्टेट के फील्ड से जुड़े हैं, तो जमीन- जायदाद से संबंधित कुछ इंपॉर्टेंट कागज आपको ध्यान से रखने होंगे और कोई नई प्रॉपर्टी खरीदने जा रहे हैं, तो इस साल किसी डिस्प्यूट से बचकर रहें, क्योंकि कोर्ट कचहरी हो सकती है। लोन लेकर प्रॉपर्टी लेना आपके लिए अच्छा रहेगा। ऐसी प्रॉपर्टी आपको कामयाब बनाएगी और आपके लिए लकी भी साबित होगी।

## कन्या- (टो, पा, पी, पू, प, ण, ठ, पे, पो)

कन्या राशि के जातकों के लिए वर्ष की शुरुआत कमजोर रहेगी। मानसिक तनाव आपका पीछा नहीं छोड़ेगा जिससे बाहर निकलने के लिए आपको बहुत ज्यादा कोशिश करनी पड़ेगी। आपको किसी मेंटर की भी जरूरत पड़ सकती है, जो आपको इस समस्या से बाहर निकालने में मदद करे, लेकिन उसके बाद आप धीरे-धीरे पूरे वर्ष उन्नति की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे। दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा। परिवार के लोग भी आपको सपोर्ट करेंगे। खुद को सबसे ज्यादा आगे बढ़ाने के लिए बाकी के लोगों को पीछे छोड़ने की प्रवृत्ति ना अपनाए नहीं तो इससे आपके अपने ही रूठ जाएंगे और आप अकेले पड़ जाएंगे। यह साल काम्पिटिशन में भाग लेने के लिए बहुत बढ़िया है। यदि आप पॉलिटिक्स में हैं तो आपको अच्छी सफलता मिल सकती है और आपको कोई बड़ी पोस्ट भी प्राप्त हो सकती है। अपनी ओर से पूरी कोशिश करें, कामयाबी आपके कदम चूमेगी। विदेश यात्रा के प्रबल योग इस साल बनने वाले हैं, इसलिए अपनी कोशिशों को नया रंग देने की कोशिश करते रहें। किसी का दिल दुखाने से बचें और जरूरतमंदों की समय समय पर मदद करते रहें। इससे यह वर्ष आपको बहुत कुछ देकर जाएगा और आप सेहत को लेकर सावधानी जरूर बरतें। गृहस्थ जीवन के लिए यह साल उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आप और आपके जीवनसाथी के बीच रिश्तों की परख होगी, इसलिए आपको कोशिश करनी चाहिए कि कोई समस्या ना हो। खुद को अकेला ना समझें और कोई भी डिसिजन सोच समझ कर लें। कानून संबंधित मामले आपको सफलता दिलाएंगे और साल के मध्य के बाद आपको सामाजिक रूप से अच्छा मान सम्मान प्राप्त होगा। आपको कोई पुरस्कार भी इस साल दिया जा सकता है जिससे आप खुशी से गदगद हो उठेंगे। रिसर्च के कामों में लगे लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

## वृश्चिक- (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

वृश्चिक राशि के जातक अपनी बातों को गुप्त रखने में माहिर होते हैं और आपको अपनी खूबी का इस साल बहुत फायदा मिलने वाला है। आप अपनी गुप्त योजनाओं को दूसरों से साझा करने से बचेंगे तो इस साल बहुत कुछ हासिल कर पाएंगे। साल की शुरुआत आपके लिए बहुत खूबसूरत रहेगी। आपका चुंबकीय आकर्षण लोगों के सिर चढ़कर बोलेगा और आपके चाहने वालों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। आप पुरुष हों या महिला, आपको लोग पसंद करेंगे। इससे आपके बहुत काम बनेंगे। गृहस्थ जीवन में भी प्रेम के योग बनेंगे और रोमांस भी बराबर होगा। लव लाइफ के लिए यह साल उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा और आपको अपने प्रिय से अपने दिल की बातें कहने में थोड़ा संकोच होगा। कई बार आप जरूरत से ज्यादा बातें करेंगे, जो उनको पसंद नहीं आएंगी। पारिवारिक जीवन में थोड़ा तनाव रह सकता है। घरवालों की सेहत, खासतौर से घर के बड़े लोगों की सेहत आपको परेशान कर सकती है। अगर संपत्ति खरीदना चाहते हैं तो इस साल सफलता मिल सकती है। पारिवारिक तौर पर समाज में आपकी स्थिति मजबूत होगी। नौकरी और व्यापार के सिलसिले में आपको कठिन प्रयासों के बाद ही सफलता मिल सकती है। अपनी इमेज को इंप्रूव करने पर आपका जोर रहेगा। विदेश यात्रा के योग इस साल मई तक बन सकते हैं। उसके बाद आपके विवाह के योग भी बनेंगे। अगर आप अभी तक सिंगल हैं तो इस साल आपकी शादी की प्रबल संभावना बनने वाली है। लव मैरिज करने वाले लोगों को भी सफलता मिल सकती है। सेहत के लिहाज से यह साल कुछ कमजोर हो सकता है, इसलिए अपनी सेहत को लेकर लापरवाह ना रहें और टाइम टू टाइम अपना चेकअप कराते रहें। साल की शुरुआत में अचानक से इनकम होने के योग बनेंगे। इस साल कोई नया बिजनेस स्टार्ट कर सकते हैं। साल की शुरुआत में किसी से भी उल्टा सीधा बोलने से बचें।

## मीन- (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

मीन राशि के जातक होने से आप स्वभाव से मेहनत करने वाले और शिक्षा को महत्व देने वाले हैं। इतना ही नहीं, इसके साथ ही आप बहुत ज्यादा इमोशनल भी हैं। इमोशनल होने की वजह से लोग आपका कई बार फायदा भी उठा लेते हैं और आप आंसू बहाने लगते हैं। आपको हद से ज्यादा इमोशनल होने से इस साल बचना होगा, नहीं तो परेशानियां बढ़ सकती हैं। आपकी राशि में पूरे साल राहु बैठे रहेंगे। इससे यह होगा कि आप की कथनी और करनी में अंतर आ जाएगा। आप जो कहेंगे, उसे पूरा नहीं कर पाएंगे। इससे आपको इमोशनल सेट बैक का सामना भी करना पड़ सकता है। किसी से कोई भी ऐसी बात ना करें, जिसे आप पूरा करने में असमर्थ हों, नहीं तो वह आपको बुरा भला कहेगा, इससे आप इमोशनली हर्ट हो जाएंगे। अगर आप किसी रिलेशनशिप में हैं या आप शादीशुदा हैं तो अपने पार्टनर को भूलकर भी कुछ गलत बोलने से बचें। केतु की सप्तम भाव में स्थिति होने के कारण वैवाहिक संबंधों में तनाव हो सकता है और आपका रिश्ता कमजोर हो सकता है। इसे आपको बहुत सावधानी से संभालना होगा। इस साल आपको करियर में बहुत अच्छी सफलता मिलने वाली है और गवर्नमेंट सेक्टर से भी कोई बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। आपको पॉलिटिक्स में भी सक्सेस मिलने के चांस बन सकते हैं। विदेश यात्रा होने की भी बड़ी मजबूत संभावना बन रही है। अगर आप लंबे समय से ट्राई कर रहे थे तो इस साल ट्राई करने से सफलता मिल ही जाएगी और आप विदेश जाने में ज्यादा समय नहीं लगाएंगे। इससे आपके खर्चे तो बढ़ेंगे, लेकिन आपका सेटलमेंट अच्छे से हो जाएगा। बृहस्पति की कृपा से इनकम बढ़ेगी और बैंक बैलेंस भी बढ़ेगा। साल की शुरुआत में इन्वेस्टमेंट करने से आपको दूर रहना चाहिए। सेहत कमजोर होने की संभावना है, जिससे सेहत पर खर्च भी हो सकता है। परिवार के लोग वर्ष की शुरुआत से ही खुश रहेंगे और आपको समय-समय पर सहयोग और सपोर्ट करते रहेंगे। इसका आपको अपने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में बहुत लाभ मिलेगा।

# प्रादेशिकी

## निर्माणाधीन इमारत का पाड़ टूटने से छह मजदूर घायल

**फर्रुखाबाद,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। निर्माणाधीन बिल्डिंग का पाड़ टूटने से छह मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें लोहिया अस्पताल फर्रूखाबाद के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिवारीजन अस्पताल पहुंचें। नगर के मोहल्ला जटवारा में एन.सी.मेडिकल वालों की दो मंजिला शाप की बिल्डिंग का कार्य निर्माणाधीन चल रहा है। जिसमें लगभग 15 से 20 राजमिस्त्री व मजदूर कार्य कर रहे हैं। प्लास्टर के दौरान अचानक बल्लियों का बना पाड़ टूट गया। जिससे छह मजदूर नीचे आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राजकुमार पुत्र बृजलाल कोरी निवासी प्रेम नगर साकिब पुत्र मुन्ना मिस्त्री, जितेंद्र पुत्र कामता प्रसाद, प्यारेलाल पुत्र बाबूराम, राजीव पुत्र हरिश्चंद्र, शाकिर पुत्र जितेंद्र निवासीगण मोहल्ला चिलौली पठान गंभीर रूप से घायल हो गए।

# प्रधानमंत्री के विजन को शत-प्रतिशत धरातल पर उतार रहे योगी : जेपी नड्डा

**लखनऊ,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दुबग्गा में आयोजित महिला हॉफ मैराथन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि

■ **लखनऊ में आयोजित महिला हॉफ मैराथन को नड्डा ने किया संबोधित**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शत प्रतिशत धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी आज बीमारू प्रदेश की पहचान से बाहर निकलकर देश के अग्रणी राज्यों की कतार में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा आज देश को आगे ले जाने वालों और पीछे खींचने वालों में एक बड़ी स्पर्धा चल रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारत और उत्तर प्रदेश को आगे ले जा रहे हैं तो वहीं राहुल गांधी और अखिलेश यादव



केवल अपने परिवार को आबाद रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित हॉफ मैराथन के इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश में केवल चार जातियों के बारे में बात करते हैं, जिनमें सबसे पहले महिला, दूसरी युवा, तीसरी किसान और चौथी जाती है गरीबों की। यदि हम इन चार जातियों को मजबूत करके उन्हें ताकत देते हैं तो विकसित भारत बनने से हमें कोई रोक नहीं सकता। जेपी नड्डा ने महिला,

**मोदी-योगी भारत व उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ने वाले : जेपी नड्डा**

किसान, युवा और गरीबों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि इन्हें जमीन पर अक्षरशः उतारने का कार्य योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बखूबी किया है। यही कारण है कि आज करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर बीपीएल से एपीएल श्रेणी में शामिल हो चुके हैं।

### भाजपा अध्यक्ष व योगी ने जरूरतमंदों को दिए कंबल



लखनऊ। साल के आखिरी दिन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनकल्याण कार्यों में प्रतिभाग किया। लखनऊ के बाराबिरवा इलाके में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व सीएम योगी ने कुष्ठ रोगियों के आश्रम में जाकर उनका कुशल-क्षेम पूछा। इसके साथ ही, मंदिर में शीश नवाया, फिर कुष्ठ रोगियों व अन्य जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इसके साथ ही स्थानीय बच्चों से संवाद कर पूछा-पढ़ने जाते हो। इसके बाद उन बच्चों को चॉकलेट व टॉफियां भी बांटीं। वहीं, कुष्ठ रोगियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं इस बाबत भी सीएम योगी ने संवाद के दौरान जानकारी ली और तस्वीरें भी खिंचवाईं। कुष्ठ रोगियों द्वारा इस अवसर पर भजन-कीर्तन भी किया।

## बल्लीमारान रेस्टोरेंट की स्थानीय शाखा का किया गया शुभारंभ

**मेरठ,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। हापुड़ रोड स्थित बल्लीमारान नहारी रेस्टोरेंट का उद्घाटन दिल्ली की मशहूर बल्लीमारान नहारी रेस्टोरेंट की स्थानीय शाखा का भी उद्घाटन माइनॉरिटी एजुकेशनल संगठन के अध्यक्ष हाजी ताज मोहम्मद अल्वी द्वारा किया गयां। बल्लीमारान नहारी रेस्टोरेंट आधुनिक सुविधाओं लेस है जहां ग्राहकों को सभी सुविधाओं के साथ के साथ वेज और नॉनवेज खाने उचित दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। बल्लीमारान नहारी के सभी खाने दिल्ली से ले गए तजुर्बेकर शेफ द्वारा तैयार किए जाएंगे।




यह रेस्टोरेंट खानों में शुद्धता स्वच्छता की ताजगी और साफ-सफाई की गारंटी देता है हाजी ताज मोहम्मद अल्वी ने बल्लीमारान नहारी रेस्टोरेंट के संचालकों को एवं स्टाफ को अपनी शुभकामनाएं दी और कहां की इस होटल को ईमानदारी और निष्ठा से जनता की सेवा करनी चाहिए।

उद्घाटन समारोह में हाजी बाबू, हाजी हमराज, परवेज आलम, एडवोकेट अतीक अल्वी, आफाक अहमद, असलम, फैसल, अजीज, नफीस, हैदर, शाहरुख, सदाकत, आमिर, राजू, असलम, अल्तमश, जाहिद, अकील आदि मौजूद रहे।

## परीक्षा में सफलता के लिए बनाएं टाइम टेबल : शर्मा

**मेरठ,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। परीक्षा की तैयारी करते समय प्रभावी समय प्रबंधन महत्वपूर्ण है। रणनीतिक योजना और संगठन को अपनाकर, छात्र अपने अध्ययन सत्रों को अनुकूलित कर सकते हैं, तनाव कम कर सकते हैं और समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन को बढ़ा सकते हैं। अध्ययन के समय, विराम और अन्य प्रतिबद्धताओं को रेखांकित करते हुए एक साप्ताहिक कार्यक्रम विकसित करें। परीक्षा की तारीखों और कठिनाई स्तरों के आधार पर विषयों को प्राथमिकता दें। व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विषय पर केंद्रित समय आवंटित करें।

अध्ययन सत्रों को छोटे, प्रबंधनीय कार्यों में विभाजित करें। प्रगति को ट्रैक करने के लिए साध्य, कार्येनियंत्र होना योग्य दैनिक या साप्ताहिक लक्ष्य स्थापित करें। प्रेरित और केंद्रित रहने के लिए छोटी जीत का जश्न मनाएं। एकाग्रता बढ़ाने के लिए प्रत्येक 25-30 मिनट के एकाग्रत अध्यन के बाद 5 मिनट का विराम करे। तकनीक या इसी तरह के तरीकों को नियोजित करें। अधिसूचना को बंद करके और एक समर्पित अध्ययन स्थान बनाकर व्याकुलता को सीमित करे। दक्षता को अधिकतम करने के लिए एक समय में एक कार्य पर ध्यान दें। परीक्षा में उपस्थित होने की संभावना वाले प्रमुख अवधारणाओं और विषयों की पहचान करें। नियमित रूप



■ **परीक्षा के दौरान मजबूत तैयारी करने के टिप्स दिए**
■ **सकारात्मक कार्य करने के लिए किया प्रेरित**

से आसान विषय को बाद में करते हुए चुनौतीपूर्ण विषयों के लिए अधिक समय आवंटित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्रों को इंगित करने के लिए गाइड के रूप में पिछली परीक्षाओं और पाठ्यक्रम का उपयोग करें।

व्याख्यान और रीडिंग के दौरान स्पष्ट और संक्षिप्त नोट लेने के लिए एक प्रणाली विकसित करें। विषय के आधार पर नोट्स व्यवस्थित करें, जिससे बाद में समीक्षा करना और समझना आसान हो जाए। बेहतर प्रतिस्मरण के लिए चार्ट और आरेख जैसे दृश्य एड्स का उपयोग करें। प्रशिक्षकों या पाठ्यपुस्तकों द्वारा प्रदान की गई अध्ययन सामग्री का लाभ उठाएं। स्पष्टीकरण के लिए ऑनलाइन ट्यूटोरियल या अध्ययन समूहों जैसे अतिरिक्त संसाधनों की तलाश करें।

## सार संक्षेप

### यूपी विस की प्रतिनिहित विधायन समिति की बैठक संपन्न



**मेरठ।** विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्रतिनिहित विधायन समिति की उप समिति द्वारा औद्योगिक विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, परिवहन विभाग (यातायात), नगर निगम के अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में सभापति अमित अग्रवाल द्वारा यूपीसीडा के अंतर्गत मेरठ में विकसित औद्योगिक क्षेत्र के अर्जन, विकास, विपणन, उपयोग की स्थिति तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में किए गए आबंटन व हस्तानांतरण से सृजित पूंजी, निवेश एवं रोजगार पर चर्चा करते हुए रूग्ण औद्योगिक इकाइयों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि स्टार्टअप हेतु आने वाले आवेदनों के निरस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए उप समिति बनाकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा समिति को बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदस्य विवेक कुमार वर्मा, सदस्य महेश त्रिवेदी, सदस्य रफीक अंसारी, सदस्य गणेश चन्द्र, जिलाधिकारी दीपक मीणा, सीडीओ नूपुर गोयल, नगर आयुक्त डॉ. अमित पाल शर्मा, एसपी सिटी आयुष विक्रम, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चप्पल चोरी कर महिला फरार, सीसीटीवी में कैद

**मेरठ।** बुर्के वाली महिलाओं का दुकान से चप्पल चोरी करने का वीडियो सामने आया है। बुर्के वाली महिलाएं चप्पल देखने के बहाने चप्पल चोरी कर अपने बैग में रखकर फरार हो जाती हैं। जिसके बाद दुकान मालिक ने वीडियो चौकी पर देकर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस महिलाओं के बारे में जानकारी जुटाकर कार्रवाई की बात कह रही है। घटना लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के श्यामनगर की है।

### योगी ने दी प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों को रविवार को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की है। संदेश में मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश को समृद्धि एवं विकास के रास्ते पर ले जाने के राज्य सरकार के प्रयासों को नए वर्ष में और गति मिलेगी। प्रदेश की प्रगति के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे प्रदेश की जनता का जीवन स्तर निरन्तर बेहतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही है।

## कनेक्शन काटने पर बिजली कर्मियों पर जानलेवा हमला

**मवाना,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। मवाना थाना क्षेत्र के गांव भिडवारा में रविवार को ओटीएस योजना के तहत बकाया जमा नहीं करने पर बिजली कर्मियों ने एक ग्रामीण का कनेक्शन काट दिया। इससे नाराज होकर ग्रामीण ने बिजली कर्मियों पर धारदार फावड़े से हमला कर दिया। भागते समय एक बिजली कर्मी पैर में फावड़ा लगने से घायल हो गया। सठला उप केन्द्र बिजलीघर के अवर अभियंता संजय कुमार ने मवाना थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमला करने व सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। अवर अभियंता संजय कुमार ने तहरीर में बताया कि वे गांव भिडवारा में बिजली शिविर लगाये हुए थे, जिसमें बिजली कर्मी मनोज, सोनू, अनिल कुमार, अरूण, विशाल, सुधीर, अंकित मौजूद थे। उपभोक्ता मोहित कुमार पर बिजली विभाग का करीब 25 हजार रुपये बकाया है। दोपहर बाद करीब तीन बजे गांव में लगाये गये शिविर में उपभोक्ता मोहित कुमार पहुंचा और कनेक्शन काटने से नाराज होकर उसने बिजली कर्मियों की टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन पर फावड़े से हमला कर दिया। अपनी जान बचाने को कर्मी दौड़ने लगे तो उसने फावड़े से हमला कर दिया जोकि बिजली कर्मी मनोज के पैर में लगा। पैर से खून निकलने लगा। उसका इलाज कराया गया। उपभोक्ता जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। तहरीर में उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई हैं।

# मवाना की होगी कायापलट, हाईवे पर जलभराव से मिलेगी मुक्ति

**मवाना,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नए साल में मवाना नगर पालिका कई बड़ी सौगात देने वाली है। मवाना नगर में लाई जा रही कई बड़ी योजनाओं से कायापलट हो सकेगी। कई सालों से हाईवे पर जलभराव से मुक्ति मिलेगी। पानी की निकासी को आठ नाले बनाए जाएंगे। वहीं ढिकौली में दो तालाबों का सौन्दर्यीकरण होगा, वहीं एक तालाब के किनारे पर बाजार बनेगा। लोगों को रोजगार पाने के रास्ते खुलेंगे। यह सब नगर को आधुनिक शहर बनाने पर करीब 5.50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। नए साल में कई बड़ी योजनाएं धरातल पर उतरेगी। मवाना नगर में बड़ा महादेव के पास और रोडवेज बस स्टैंड के पास दो सेल्फी पोइंट बनेंगे। नगर में बड़ा महादेव मंदिर से हस्तिनापुर रोडवेज बस स्टैंड तक हाईवे के दोनों ओर नई



■ **ढिकौली तालाब का सौन्दर्यीकरण के साथ किनारे पर बनेगा बाजार**

डिजाइनदार लाइटें लगेगी, जिससे मवाना नगर जगमगा जाएगा। ढिकौली में दो तालाबों का सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। तालाबों की सफाई एवं खुदाई का कार्य, टाइल्स पाथवे, फैसिंग फोर आउटर बाउंड्री, घाट, गार्ड रूम, प्लांटेशन एवं गाडनिंग, लाईट का कार्य, एसएस रेलिंग आफ घाट, आई एंड डी स्टक्चर, एसएस बैंच तीन सीटर लगाई जायेगी। पहले तालाब पर 1.31 करोड़ रुपए और दूसरे तालाब पर शिव मंदिर के निकट 2.08 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस तालाब के किनारे पर बाजार बनेगा, जहां पर लोग शॉपिंग कर सकेंगे। वहां पर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक उक्त जानकारी देते हुए बताते हैं कि हाईवे मेरठ हस्तिनापुर पर कई सालों से बरसात के मौसम में जलभराव होता रहता है। इससे आमजनों व व्यापारियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इस बड़ी परेशानी से बचाव के लिए दो करोड़ रुपये के निर्माण से आठ नाले बनाए जाएंगे ताकि बरसात के पानी की निकासी हो सके। इनमें हस्तिनापुर रोड इंडियन बैंक के पास से पक्का तालाब मोड तक आरसीसी नाले का निर्माण कराए जाएंगे।

## थाना परिसर धरने पर बैठे किसान

**मेरठ,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। परतापुर थाना क्षेत्र स्थित शताब्दीनगर बिजली घर पर शनिवार की शाम दबंगों ने हंगामा कर दिया था। बिजली घर में जमकर तोड़फोड़ करते हुए बिजली घर मे तैनात एसएसओ के साथ मारपीट भी की थी। दबंग गांव में ड्यूटी पर आने वाले बिजली कर्मचारियों की पीटने की धमकी देकर फरार हो गए। जिसके बाद बिजली कर्मचारियों ने परतापुर थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। रविवार को बिजली कर्मचारियों के खिलाफ किसान आग जलाकर थाने में धरने पर बैठ गए और बिजली घर में तैनात अधिकारियों सहित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

## रविवार को खुले सरकारी दफ्तरों के काउंटर : चंद्र प्रकाश

■ **स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। गौरीगंज के पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र ने कहा कि जनता को सीधे सरकारी विकास योजनाओं से जोड़ना मोदी की गारंटी है। जिससे अवकाश में भी सरकारी दफ्तरों के काउंटर खुले थे। यही मोदी की गारंटी है। पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी रविवार को जनता की अदालत में थे। मटियारी हरेक रविवार को जनता की अदालत करते हैं। जिससे फरियादियों की भीड़ जमा होती है। मटियारी भाजपा के ब्राह्मण चेहरा माने जाते हैं। जिससे इनके पास सलोन विधानसभा, तिलोई विधानसभा, जगदीशपुर विधानसभा, अमेठी विधानसभा और गौरीगंज विधानसभा के फरियादियों का जमावड़ा होता है। नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में ब्राह्मणों को जोड़कर गौरीगंज में पहली बार कमल का फूल खिलाए थे। जबकि गौरीगंज नगर पालिका अध्यक्ष के पद पर सपा विधायक राकेश सिंह का कब्जा था। लेकिन मटियारी ब्राह्मण समाज को जोड़ने में सफल हो गए थे। गौरीगंज की नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर स्मृति ईरानी की भी पैनी नजर थी। मटियारी के जनता दरबार में त्वरित कार्रवाई के लिए सोलह विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। जिससे सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो गया था। विधायक ने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन आदि के मामले ज्यादा आते हैं। इनके निस्तारण जनपद स्तर पर हो जाते हैं।



## अनैतिक देह व्यापार में युवती व तीन युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने चोरी छिपे चलने वाले देह व्यापार के अड्डे से युवती व तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र वासियों को आश्चर्य हुआ है। सीओ सिटी के नेतृत्व में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने मोहल्ला नगला दीना की गुजराती वाली गली के अड्डे पर बीती शाम छापा मारा। पुलिस ने घर में मौजूद अनैतिक देह व्यापार में लिप्त 4 युवको को हिरासत में लिया। मौके से अनैतिक देह व्यापार से सम्बन्धित साम्रगी 2 पैकैट कंडोम, 4 कंडोम खुले हुए खाली व युवती की जामा तलाशी में 9200 रूपये 2 मोबाइल फोन मिले। पुलिस को मौके पर खड़ी होन्डा ड्रीम 110 काले रंग की बाइक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए मुकेश कुमार पुत्र स्व. रामकुमार जाटव उम्र करीब 45 वर्ष निवासी भूसा मण्डी फतेहगढ़। उमंग गुप्ता उर्फ कृष्णा गुप्ता पुत्र अमित थाना व कस्बा राजेपुर निवासी, संदीप कुमार चतुर्वेदी पुत्र रामगोपाल चतुर्वेदी उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम कंधरापुर थाना कमालगंज व थाना कमालगंज क्षेत्र की युवती से गहराई से पूछताछ कर गिरफ्तार कर लिया।

## राज्य मंत्री ने गरीबों को बांटे कंबल, मिली राहत

**मवाना,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। कई दिनों से मौसम में पड़ रहे कोहरे के कारण सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। उनकी आंखे तलाशती रहती है कि कोई मसीहा आकर उनको ठंड से बचा सके। ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े। इन दिनों बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते रहते हैं। रविवार को मवाना क्षेत्र के गांव मवाना खुर्द में राज्य मंत्री दिनेश खटीक व एसडीएम मवाना अखिलेश यादव ने एक सौ गरीबों को स्नेह की चादर ओढ़ाते हुए कम्बलों का वितरण किया। सर्द होती रातों में ठंड से कापंते गरीब, असहाय, लाचार लोगों को गर्माहट देने की ठोस पहल के तहत कड़ाके की ठंड में गरीब बच्चों व बुजुर्गों को गर्म कपड़ों के



अभाव में न जीना पड़े, इसके लिए राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने नगर पालिका की बोर्ड बैठक में तीन हजार कंबल खरीदने का प्रस्ताव पारित किया कराया था। राज्य मंत्री दिनेश खटीक व एसडीएम अखिलेश यादव ने मवाना खुर्द के करीब एक सौ से ज्यादा लोगों को कंबल बांटे।

**आयोजन** *विनायक विद्यापीठ में चल रहे स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन*

# नि:स्वार्थ समाज व राष्ट्र की सेवा करता है स्काउट-गाइड : विकास

मेरठ, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन हुआ। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ अनुप्रिता शर्मा रही। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात ध्वजारोहण कर उसको सलामी दी। इसी दौरान स्काउट एंड गाईड के संस्थापक बेडन पॉवेल की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उनको भी याद किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के निदेशक इंजि. विकास कुमार, बीएड विभाग अध्यक्ष एकता सिंध, सहायक प्रोफेसर रंजीत सिंह, सीमा चौधरी, जगजीत कौर एवं हिंदुस्तान स्काउट एंड गाईड के शिविर संचालक डॉ. मनोज सिंधी इत्यादि मौजूद थे। इस बार के स्काउट एंड गाइड शिविर की थीम अनेकता में एकता रही और इसी के अनुसार बी एड के छात्रों ने अपने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं खाने पीने की वस्तुएं भी इसी थीम के आधार पर बनाई गई। छात्रों की 8 टोलिया बनाई गई जिन्हे भिन्न भिन्न फूलों के नाम दिए गए। छात्रों ने अपने-अपने टेंट की साज सज्जा बड़े अच्छे तरीके से की। इस अवसर पर बीएड के प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं ने कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जिसमे महाराष्ट्रा, गुजराती, पंजाबी, हरियाणवी, जम्मू कश्मीर डांस रहे, जिसको उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा सराहा गया। अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया और छात्रों से शिविर के दौरान मिले प्रशिक्षण की जानकारी ली और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को जिसमे सूरजमुखी टोली को प्रथम, लिल्ली और गेंदा टोली को द्वितीय एवं सेफरान ओर जैस्मीन टोली को



■ **दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है स्काउट : डा. अनुप्रिता**
■ **अनेकता में एकता रही शिविर की थीम**
■ **छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

तृतीय घोषित किया गया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा द्वारा पुरस्कार देकर कर सम्मानित किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाता है। हम आपातकाल में कैसे रहें, सीमित संसाधनों में कैसे अपने लिए भोजन पानी की व्यवस्था करें आदि की सीख मिलती है। इस तीन दिवसीय कैम्प के दौरान कार्यक्रम में हिंदुस्तान स्काउट गाइड के सचिव एवं कैंप संचालक डॉ मनोज सिन्धी ने छात्रों को ध्वज बांधना, गांठ लगाना, दीक्षा संस्कार, टेंट बांधना, प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन स्थिति में जान और माल की सुरक्षा करना, फूड प्लाजा की व्यवस्था करना आदि का प्रशिक्षण दिया।

निदेशक इंजी. विकास कुमार ने सभी अतिथियों का इस समारोह में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि स्काउट एवं गाइड निस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा का कार्य करता है, उन्होंने स्काउट एवं गाइड को समाज सेवा की प्रतिज्ञा के साथ शिविर का समापन कराया। समारोह विभिन स्कूलों के प्राचार्य/अध्यापक एवं अध्यापिकाएं जिसमे मुख्यत: डॉ. मीनाक्षी मुखर्जी, डॉ. रिजवी, संदीप शर्मा, विनीत शर्मा, यशवंत, डॉ. महेश के अलावा विनायक विद्यापीठ के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विधार्थीगण मौजूद रहे।

### शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दस विद्यार्थी चयनित



**मेरठ।** शांति निकेतन ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस, मोहिउद्दीनपुर में माइक्रोमैक्स कंपनी द्वारा बीटैक एंड पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियो के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें 10 विद्यार्थियो को चयनित किया। शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्राचार्या डॉ. रीना बंसल ने कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया और चयनित विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनायें दी, उन्होंने कहा कि रोजगार प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यक्तिव विकास की ओर भी ध्यान देना चाहिए। महाविद्यालय के कॉलेज कॉर्डिनेटर मनोज कुमार ने कंपनी से आए अधिकारियो का धन्यवाद किया और चयनित विद्यार्थियो को बधाई दी और अपने कार्य के प्रति सचेत रहने, अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया। एकेडमिक कॉर्डिनेटर डॉ. प्रीति विकल ने भी चयनित हुवे विद्यार्थियो को अपनी शुभकामनाए दी और कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियो के लिए भविष्य में भी रोजगार देने के लिए प्रयासरत है। इस प्लेसमेंट ड्राइव का नेतृत्व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष हरी अग्रवाल एवं इंजीनियरिंग विभाग के कॉर्डिनेटर मोहम्मद शादाब के सहयोग से किया।

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 1 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# बच्चे हो या फिट जवान, कम उम्र में मर रहे लोग, कारण जानने की कोशिश कर रहे विशेषज्ञ


**नई दिल्ली**, 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। कोविड महामारी के बाद, भारत में स्कूली छात्रों से लेकर फिट दिखने वाले मशहूर हस्तियों तक की मौत के मामले सामने आए हैं, जिनमें से ज्यादातर दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई हैं। क्या हम हार्ट फेलियर की एक और महामारी का सामना कर रहे हैं? सबसे ताजा मामले में, नौवीं कक्षा का एक छात्र योगेश सिंह, जयपुर के एक प्राइवेट स्कूल जाते समय गिर गया और हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। एक सप्ताह पहले, कर्नाटक के चिक्कमगलुरु जिले में स्कूल जाते समय दिल का दौरा पड़ने से सातवीं क्लास की एक 13 वर्षीय लड़की की मौत हो गई।

ऐसा तब हुआ जब गुजरात में नवरात्रि के दौरान गरबा कार्यक्रमों में कई लोग बेहोश हो गए और कम से कम 10 लोगों की कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पीड़ितों में सबसे छोटा कथित तौर पर सिर्फ 17 साल का था। हाल ही में, 'गोलमाल' अभिनेता श्रेयस तलपड़े (47) और बॉलीवुड दिवा और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन (47) को दिल का दौरा पड़ने की खबर सामने आई थी। वहीं प्रसिद्ध तेलुगु अभिनेता और नाटककार हरिकांत का जुलाई में दिल का दौरा पड़ने से 33 साल की उम्र में निधन हो गया। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2021 की तुलना में 2022 में दिल के दौरे से होने वाली मौतों की संख्या में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।




# अत्यधिक आशावादी होना खराब निर्णय लेने का कारण बन सकता है: अध्ययन

**लंदन,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। सकारात्मक सोच और आशावाद अक्सर जीवन में सफलता, अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र से जुड़े होते हैं; लेकिन, एक नए अध्ययन से पता चला है कि इससे खराब निर्णय लेने की क्षमता भी हो सकती है, इसका विशेष रूप से लोगों की वित्तीय भलाई पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। जर्नल पर्सनैलिटी एंड सोशल साइकोलॉजी बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन में, यूके स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ के शोधकर्ताओं ने दिखाया कि अत्यधिक आशावाद वास्तव में कम संज्ञानात्मक कौशल जैसे कि मौखिक प्रवाह, तरल तर्क, संख्यात्मक तर्क और स्मृति से जुड़ा हुआ है।



















देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई** दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.81 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.68 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.18 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.02 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.84 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 0.72 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.37 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.29 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.26 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.26 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5600-5700 |
| दाल चना | 6600-6700 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9300-9400 |
| अरहर दाल | 12000-12100 |

# अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वां वित्त आयोग गठित



- अरविंद पनगढ़िया नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हैं
- ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16 वें वित्त आयोग का गठन कर दिया है।

इस संबंध में रविवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। सरकार ने राष्ट्रपति की मंजूरी से संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत सोलहवें वित्त आयोग का गठन किया है। आयोग एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को कवर करते हुए अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक देगा।

आयोग के सदस्यों को लेकर अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी। ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है। अधिसूचना में सोलहवें वित्त आयोग के संदर्भ की शर्तें भी दी गई हैं।

आयोग संघ और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय के वितरण, भारत की संचित निधि से राज्यों के राजस्व की सहायता अनुदान और राज्यों को उनके राजस्व की सहायता अनुदान के माध्यम से भुगतान की जाने वाली राशि, राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों के पूरक के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय आदि को लेकर सिफारिशें करेगा।

आयोग आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) के तहत गठित निधियों के संदर्भ में, आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है और उस पर उचित सिफारिशें कर सकता है।

### कौन हैं अरविंद पनगढ़िया

अरविंद पनगढ़िया नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर अरविंद पनगढ़िया के हाथों में अब वित्त आयोग की कमान होगी। उनका कार्यकाल रिपोर्ट सौंपे जाने या 31 अक्टूबर 2025 तक होगा। अरविंद पनगढिया का जन्म साल 1952 में हुआ था। उन्होंने कई अहम पदों पर जिम्मेदारियां निभाई हैं। वो कोलंबिया यूनिवर्सिटी में इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर हैं. उन्होंने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री की भूमिका निभाई है।

इसके अलावा उन्होंने विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष , विश्व व्यापार संगठन के पदों पर काम किया है. साल 2015 में मोदी सरकार ने उन्हें नीति आयोग का पहला उपाध्यक्ष बनाया था. नीति आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बेहतरीन काम किया था. जिसके लिए पीएम मोदी ने उनकी काफी तारीफ भी की थी. प्रोफेसर पनगढ़िया सेबी के भी सदस्य रह चुके हैं. इसके अलावा प्रोफेसर पनगढ़िया इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च एंड एंड इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में भी अपनी सेवा दे चुके हैं.

# 2023 में वीडियो गेमिंग कंपनियों ने 9 हजार से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाला



**सैन फ्रांसिस्को,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। वीडियो गेम इंडस्ट्री में 2023 में कई राउंड की छंटनी देखी गई, जिससे ग्लोबल लेवर पर कम से कम 9,000 कर्मचारी प्रभावित हुए। सितंबर में, फोर्टनाइट गेम डेवलपर एपिक गेम्स ने अपने 16 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की, जिससे लगभग 870 लोग प्रभावित हुए। एपिक के सीईओ टिम स्वीनी ने एपिक कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा, जिसमें कहा गया कि कंपनी एपिक के लगभग 16 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर रही है।

स्वीनी ने कहा, हम जितना कमाते हैं उससे कहीं अधिक पैसा खर्च कर रहे हैं। हमें उम्मीद थी कि हम बिना किसी छंटनी के इस समय को पार कर लेंगे, लेकिन पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि यह अवास्तविक था।

नवंबर में, फ्रांसीसी वीडियो गेम कंपनी यूबीसॉफ्ट, जिसने असैसिन्स क्रीड और फार क्राई जैसी लोकप्रिय फ्रेंचाइजी प्रकाशित की, ने कॉर्पोरेट पुनर्गठन प्रयास के हिस्से के रूप में लगभग 124 कर्मचारियों को निकाल दिया।

एम्ब्रेसर ग्रुप ने गेमिंग स्टूडियो, मीडिया कंपनियों और द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स के आईपी अधिकारों की कई खरीद के लिए सुर्खियां बटोरी हैं।

द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल कंपनी ने बड़े पैमाने पर पुनर्गठन किया, लेकिन अपनी असफल निवेश रणनीति के चलते, इसने तीन स्टूडियो बंद कर दिए, कई परियोजनाएं रद्द कर दीं और 900 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

गेमिंग कंपनी हैस्ब्रो ने 1,000 कर्मचारियों को निकाल दिया, जिनमें लारियन स्टूडियो के साथ बाल्डुर के गेट 3 पर काम करने वाली अधिकांश टीम भी शामिल थी। ईए ने अपने 6 प्रतिशत कार्यबल या लगभग 780 लोगों को नौकरी से निकाल दिया।

बायोवेयर, माइक्रोसॉफ्ट, बंगी, नॉटी डॉग, अमेज़ॅन, सीडी प्रॉजेक्ट रेड, सेगा, यूनिटी और एक्टिविज़न ब्लिजार्ड जैसी अन्य गेमिंग कंपनियां इस साल प्रभावित हुईं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर पर



**मुंबई** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार में बढ़ोतरी होने से 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह चढ़कर 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर हो गया।

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.7 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 549.75 अरब डॉलर हो गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 10.2 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 47.5 अरब डॉलर रह गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 40 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 12.9 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 4.9 अरब डॉलर पर आ गई।

# अपना प्रभुत्व खो रहा अमेरिकी डॉलर



**मॉस्को,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक केंद्रीय बैंक भंडार में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी में गिरावट जारी है, जो 2023 की तीसरी तिमाही में घटकर 59.2 प्रतिशत हो गई है। आरटी की रिपोर्ट के अनुसार, यह गिरावट दुनिया भर में डी-डॉलरीकरण की प्रवृत्ति के जोर पकड़ने के बीच आई है। आईएमएफ के आंकड़े बताते हैं कि ग्रीनबैक की हिस्सेदारी 2000 में लगभग 70 प्रतिशत से कम हो गई है। यूरो दूसरे स्थान पर आने के साथ डॉलर दुनिया की अग्रणी आरक्षित मुद्रा बनी हुई है, जबकि यूरो की हिस्सेदारी गिरकर 19.6 प्रतिशत हो गई है। विश्व भंडार में जापानी येन का अनुपात पिछले तीन महीने की अवधि में 5.3 प्रतिशत से बढ़कर 5.5 प्रतिशत हो गया। चीनी युआन, ब्रिटिश पाउंड, कैनेडियन डॉलर और स्विस फ्रैंक में थोड़ा बदलाव हुआ। इस बीच, वैश्विक वित्तीय संदेश सेवा स्विफ्ट द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय भुगतान में युआन की हिस्सेदारी नवंबर में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, इसके साथ रॅन्मिन्बी दुनिया भर में चौथी सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली मुद्रा बन गई। आरटी की रिपोर्ट के अनुसार, सीमा पार युआन उधार में भी वृद्धि हुई है, जबकि पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के पास सऊदी अरब और अर्जेंटीना सहित विदेशी केंद्रीय बैंकों के साथ 30 से अधिक द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप हैं। स्विफ्ट के अनुसार, सीमा पार लेनदेन में युआन की बढ़ती हिस्सेदारी डॉलर से दूर जाने की चीन की प्रवृत्ति के साथ-साथ रॅन्मिन्बी के उपयोग को बढ़ावा देने के बीजिंग के प्रयासों को दर्शाती है।

आरटी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के बजाय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करने की वैश्विक प्रवृत्ति ने पिछले साल गति पकड़नी शुरू कर दी, जब यूक्रेन से संबंधित प्रतिबंधों के बाद रूस पश्चिमी वित्तीय प्रणाली से कट गया और उसका विदेशी भंडार जम गया। अमेरिकी डॉलर 2020 के बाद से अपने सबसे खराब वर्ष की राह पर है। अमेरिकी डॉलर सूचकांक, जो यह मापता है कि मुद्रा छह अन्य मुद्राओं के मुकाबले कैसा प्रदर्शन कर रही है, इस वर्ष 2 प्रतिशत से अधिक नीचे है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले साल दरों में कटौती की संभावना से डॉलर कमजोर हुआ है।

## सार संक्षेप

### नवंबर तक मोबाइल फोन निर्यात 75,000 करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** स्थानीय विनिर्माण वृद्धि के आधार पर, देश से मोबाइल फोन निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर तक 9 बिलियन डॉलर (75,000 करोड़ रुपये से अधिक) को पार कर गया है। यह जानकारी उद्योग की ओर से जारी आंकड़ों से सामने आई है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अनुसार, यह शानदार वृद्धि पिछले साल की समान अवधि के दौरान 6.2 बिलियन डॉलर (50,000 करोड़ रुपये से अधिक) की तुलना में है। एप्पल के नेतृत्व में, भारत चालू वित्त वर्ष में मोबाइल फोन निर्यात में 15 बिलियन डॉलर (1,24,000 करोड़ रुपये से अधिक) को पार करने के लिए तैयार है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगा। मूल उपकरण निर्माताओं, मूल डिजाइन निर्माताओं और घटकों और भागों में काम करने वाली कंपनियों के भारी निवेश के कारण देश अब मोबाइल फोन के लिए दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र है। संगठने कहा, मोबाइल फोन निर्यात में जबरदस्त वृद्धि जारी है। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर के दौरान यह 75,000 करोड़ रुपये को पार कर गया। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात भी 28 प्रतिशत बढ़कर 1,46,584 करोड़ रुपये हो गया।

### वित्त वर्ष 2024 में देश में इलेक्ट्रॉनिक सामान का उत्पादन होगा 115 अरब डॉलर

नई दिल्ली। देश में वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रॉनिक सामानों का कुल उत्पादन 115 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसमें सबसे ज्यादा योगदान मोबाइल फोन (50 अरब डॉलर से अधिक) का होगा। सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) रविवार को यह अनुमान जारी किया। वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसंबर तक देश ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इसमें मोबाइल फोन विनिर्माण का 44 अरब डॉलर का बड़ा योगदान है। गहन विनिर्माण और स्थानीयकरण पर मजबूत फोकस के साथ मोबाइल फोन उद्योग पीसीबीए, चार्जर, बैटरी पैक, केबल आदि में लगभग आत्मनिर्भरता की स्थिति हासिल करने में सक्षम रहा है। देश अन्य वैल्यू चेन वस्तुओं के स्थानीयकरण की ओर भी बढ़ रहा है और मैकेनिक्स, डाई कट पार्ट्स, कैमरा मॉड्यूल, डिस्प्ले असेंबली आदि के स्थानीयकरण में पर्याप्त निवेश किया गया है। आईसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, हमारा ध्यान मुख्य रूप से दुनिया के लिए विनिर्माण पर होना चाहिए कोई भी अर्थव्यवस्था या क्षेत्र अपने देश के लिए एक विशाल निर्यात आधार बनाए बिना महान नहीं बन सकता है। उन्होंने कहा, यह सही समय है कि मोबाइल फोन विनिर्माण क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन को भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) उद्योग के अन्य क्षेत्रों जैसे आईटी हार्डवेयर, वियरेबल्स एंड हियरेबल्स, इलेक्ट्रॉनिक घटकों आदि में दोहराया जाना चाहिए।

# नए साल में बाजार रहेगा गुलजार, मिलेगा बेहतर रिटर्न



**मुंबई** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुख और स्थानीय स्तर पर जबरदस्त लिवाली से बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक के उछाल पर रहे घरेलू शेयर बाजार में अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती शुरू करने की उम्मीद और बांड यील्ड में गिरावट की बदौलत नये साल के शुरुआती सप्ताह में भी तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1133.3 अंक अर्थात 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 72240.26 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 382 अंक यानी 1.8 प्रतिशत उछलकर 21731.40 अंक पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 956.54 अंक अर्थात 2.7 प्रतिशत की उड़ान भरकर सप्ताहांत पर 36839.22 अंक और स्मॉलकैप 672.01 अंक यानी 1.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 42673.76 अंक पर रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, वर्ष 2023 के आखिरी कारोबारी दिन हल्की मुनाफावसूली के बावजूद वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुख के कारण घरेलू बाजार में मजबूती रही। यह बढ़त अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों और वैश्विक मुद्रास्फीति परिदृश्य में नरमी से प्रेरित है। इसके अलावा लाल सागर में व्यवधान में कमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह में उलटफेर ने बाजार को नई ऊंचाई छूने में मदद की।

साथ ही वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद और सकारात्मक बाजार दृष्टिकोण सहायक कारक हैं। यदि समूहवार देखें तो बीते सप्ताह ऑटो और एफएमसीजी ने मांग में सुधार की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया जबकि मुनाफावसूली के कारण आईटी समूह का प्रदर्शन कमजोर रहा। जिओजित फाइनेंसियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया, अमेरिका में दरों में कटौती की उम्मीद और बांड यील्ड में गिरावट के कारण अगले वर्ष की शुरुआत के दौरान बाजार में तेजी जारी रहने की उम्मीद है। हमें वर्ष 2024 में बाजार में 10 से 12 प्रतिशत के मामूली रिटर्न की उम्मीद है। इसलिए, निवेश पैटर्न को बहु-परिसंपत्तियों में विविधता लाने की सलाह दी जाती है। जब इक्विटी लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक औसत से ऊपर कारोबार कर रही हो तो निवेश का विविधतापूर्ण होना जरूरी है। हम मानते हैं कि नया साल सेक्टर और श्रेणी के लिहाज से उलटफेर का साल होगा। हमें मिडकैप और स्मॉल कैप की तुलना में लार्जकैप पर फोकस करना चाहिए। बीते सप्ताह सोमवार को क्रिसमस पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन कारोबार हुआ। इनमें से तीन दिन तेजी और एक दिन गिरावट रही। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक को छोड़कर शेष अठारह समूहों में हुई लिवाली कि बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भी तेजी बरकरार रही। सेंसेक्स 229.84 अंक की छलांग लगाकर 71,336.80 अंक और निफ्टी 91.95 अंक की तेजी के साथ 21,441.35 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका में महंगाई पर लगाम लगने से फेड रिजर्व के अगले साल से ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की बढ़ी उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऑटो, धातु और बैंकिंग समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 701.63 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 72,038.43 अंक और निफ्टी 213.40 अंक की तेजी के साथ 21,654.75 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 371.95 अंक की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम 72,410.38 अंक और निफ्टी 123.95 अंक उछलकर पहली बार 21778.70 अंक पर पहुंच गया। वहीं, विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, आईटी, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई मुनाफ़ावसूली से शुक्रवार को साल के अंतिम कारोबारी दिवस शेयर बाजार की लगातार छह दिन तेजी थम गई। सेंसेक्स 170.12 अंक लुढ़ककर 72,240.26 अंक और निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट लेकर 21,731.40 अंक रह गया।

# साइबर सिक्योरिटी इंडस्ट्री में 2023 में निकाले गए हजारों कर्मचारी

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (एजेंसियां)। 2024 में टेक कंपनियों में छंटनी बेरोकटोक जारी रहने वाली है। साइबर सिक्योरिटी इंडस्ट्री नुकसान से उबर नहीं रही और 110 से ज्यादा साइबर सिक्योरिटी कंपनी ने 2023 में हजारों कर्मचारियों को निकाल दिया। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, एक समय बड़े पैमाने पर अछूते रहे साइबर हमलों और डेटा उल्लंघनों की बढ़ती संख्या के बावजूद इस साल साइबर सुरक्षा क्षेत्र में नौकरियां प्रभावित हुईं। टेक इंडस्ट्री में पिछले 12 महीनों में 260,000 से अधिक नौकरियां खत्म हो गई हैं, 2022 की तुलना में भारी वृद्धि हुई है, जिसमें 1,061 टेक कंपनियों ने 164,769 कर्मचारियों की छंटनी की है। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी में, यूके स्थित साइबर-सुरक्षा कंपनी सोफोस ने अपने वैश्विक कार्यबल के 10 प्रतिशत या लगभग 450 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। सोफोस ने नौकरी में कटौती के लिए चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित माहौल को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि वह सोफोस की दीर्घकालिक सफलता का समर्थन करने के लिए विकास और मुनाफे के लिए यह कदम उठा रहा है। साइबर सुरक्षा फर्म बिशप फॉक्स ने मई में लगभग 50 कर्मचारियों, या अपने कार्यबल के 13 प्रतिशत को यह कहते हुए निकाल दिया कि उन्होंने वैश्विक आर्थिक स्थिति और व्यवसाय को अधिक कुशल बनाने के लिए पहचाने गए अवसरों के जवाब में सक्रिय रूप से ये बदलाव किए हैं। यूके की साइबर सुरक्षा कंपनी एनसीसी ग्रुप ने अगस्त में पुष्टि की थी, कि वह अपने कर्मचारियों की संख्या में और कटौती कर रहा है, इसके कुछ महीने बाद उन्होंने 7 प्रतिशत कर्मचारियों, यानी 125 कर्मचारियों को निकाल दिया था। एनसीसी ने कहा कि वह बाजार की बदलती गतिशीलता और ग्राहकों की मांग के जवाब में कर्मचारियों की एक छोटी संख्या को हटा रही है। अमेरिकी साइबर सुरक्षा फर्म रैपिड7 ने भी अपने 18 प्रतिशत कार्यबल को हटाने की योजना की घोषणा की, जिससे 400 से अधिक कर्मचारी प्रभावित होंगे।

# अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिरे



नई दिल्ली, 31 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गए जबकि अन्य जिंसों में मिलाजुला रुख़ रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा सप्ताहांत पर 62 रिंगिट गिरकर 3612 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.74 सेंट की गिरावट के साथ 47.92 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 74 रुपये, मूंगफली तेल 147 रुपये और वनस्पति तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 50 रुपये और दाल चना 50 रुपये रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। साप्ताहांत पर गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

# आने वाले हफ्ते में वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे



- 2024 सेक्टर कैटगरी के लिहाज से उलटफेर वाला साल हो सकता है
- बाजार में यूएस फेड द्वारा दरों में कटौती की उम्मीद और वैश्विक मुद्रास्फीति में नरमी से माहौल सकात्मक

**नई दिल्ली,** 31 दिसंबर (आईएएनएस)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि हमें कैलेंडर वर्ष 2024 में 10 से 12 फीसदी के रिटर्न की उम्मीद है। निवेशकों को अपना इंवेस्टमेंट डावर्सिफाइ करने की सलाह दी जाती है। जब इक्विटी लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक औसत से ऊपर कारोबार कर रही हो तो निवेश में विविधता लाना जरूरी हो जाता है।

दरों में कटौती की उम्मीद और बांड यील्ड में गिरावट के कारण अगले वर्ष की शुरुआत में बाजार में उत्साह जारी रहने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि 2024 सेक्टर कैटगरी के लिहाज से उलटफेर वाला साल होगा। हमें मिड और स्मॉल-कैप की तुलना में लार्ज-कैप पसंद हैं। आम तौर पर, यह स्टॉक और सेक्टर-विशिष्ट वर्ष होगा। जिन सेक्टरों को हम पसंद करते हैं वे हैं बैंक, विनिर्माण , फार्मा, केमिकल और आईटी। साल के आखिरी कारोबारी दिन हल्की मुनाफावसूली के बावजूद सकारात्मक वैश्विक बाजार रुख के कारण घरेलू बाजार में तेजी देखी गई। उन्होंने कहा कि यूएस फेड द्वारा दरों में कटौती की उम्मीद और वैश्विक मुद्रास्फीति में नरमी से माहौल सकात्मक हैं।

इसके अलावा, लाल सागर में व्यवधान में कमी और एफआईआई प्रवाह में उलटफेर ने बाजार को नई ऊंचाई छूने में मदद की। 2024 में होने वाले आमचुनाव में राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद और सकारात्मक बाजार दृष्टिकोण सहायक कारक हैं। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो और एफएमसीजी ने मांग में सुधार की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि आईटी सेक्टर ने मुनाफावसूली के कारण कमजोर प्रदर्शन किया।

एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस का कहना है कि मुनाफावसूली और मध्य पूर्व के आसपास के घटनाक्रम, डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव का आने वाले सप्ताह में बाजार पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। हमें उम्मीद है कि स्वस्थ मैक्रोज़, मजबूत एफआईआई प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण निकट अवधि में बाजार अपनी सकारात्मक गति जारी रखेगा। अगला सप्ताह घटनापूर्ण होने की संभावना है। वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका का कहना है कि ऑटो फोकस में रहने की संभावना है क्योंकि ओईएम दिसंबर महीने के लिए बिक्री संख्या की घोषणा करेंगे।

# खेल जगत

## नासिर हुसैन को 2024 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में ऋषभ पंत की वापसी की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन को उम्मीद है कि भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत 2023 में खेल से बाहर रहने के बाद 2024 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में सफल वापसी करेंगे। 30 दिसंबर, 2022 को सुबह लगभग 5.30 बजे, पंत चमत्कारिक रूप से बच गए जब उनकी मर्सिडीज कार अपने गृहनगर रूड़की, उत्तराखंड जाते समय दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर एक डिवाइडर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मैक्स अस्पताल, देहरादून में भर्ती होने से पहले उन्हें शुरू में सक्षम अस्पताल मल्टीस्पेशलिटी और ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। दुर्घटना के कुछ घंटों बाद बीसीसीआई के मेडिकल अपडेट में कहा गया कि दाएं घुटने के लिगामेंट के फटने के अलावा, पंत को माथे पर दो चोटें आईं, और उनकी पीठ पर घर्षण की चोटों के अलावा उनकी दाहिनी कलाई, टखने और पैर के अंगूठे में भी चोट लगी है।



# शुरूआती टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड का भारत देर से पहुंचना सही है : स्टुअर्ट ब्रॉड

**लंदन,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले इंग्लैंड का भारत में देर से पहुंचना सही है। उन्होंने कहा कि कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इस तरह की व्यवस्था भारी भरकम क्रिकेट कैलेंडर में टीम के कार्यक्रम पर अधिक नियंत्रण रखने के लिए है।

25 जनवरी को भारत के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती मैच से तीन दिन पहले हैदराबाद पहुंचने से पहले इंग्लैंड अबू धाबी में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगा। अगले महीने पहले टेस्ट से केवल तीन दिन पहले भारत के लिए उड़ान भरने का निर्णय इंग्लैंड की तैयारी को कम नहीं कर रहा है - ब्रेंडन मैकुलम कोच और कप्तान के तौर पर बेन स्टोक्स इसे नियंत्रित कर रहे हैं।

ब्रॉड ने रविवार को डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, क्रिकेट में, जब आप किसी देश का दौरा करते हैं, हफ्तों पहले पहुंचते हैं, तो वार्म-अप पिचें, नेट की गुणवत्ता, आपके द्वारा खेले जाने वाले मैच और आपकी यात्रा का कार्यक्रम शायद ही कभी आपकी मदद के लिए व्यवस्थित किया जाता है। इसलिए मैकुलम और स्टोक्स 25 जनवरी को हैदराबाद में श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले इसे किसी और के हाथों में छोड़ने के बजाय इस अवधि का स्वामित्व ले रहे हैं।



> क्रिकेट में, जब आप किसी देश का दौरा करते हैं, हफ्तों पहले पहुंचते हैं, तो वार्म-अप पिचें, नेट की गुणवत्ता, आपके द्वारा खेले जाने वाले मैच और आपकी यात्रा का कार्यक्रम शायद ही कभी आपकी मदद के लिए व्यवस्थित किया जाता है। इसलिए मैकुलम और स्टोक्स 25 जनवरी को हैदराबाद में श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले इसे किसी और के हाथों में छोड़ने के बजाय इस अवधि का स्वामित्व ले रहे हैं : स्टुअर्ट ब्रॉड

भारत में श्रृंखला स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के लिए सबसे बड़ी चुनौती मानी जा रही है, खासकर उनके खेलने की बेहद आक्रामक शैली और स्पिन के अनुकूल उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में इसे जारी रखने के मामले में। इंग्लैंड ने 2021 में चेन्नई में सीरीज का पहला मैच जीता था, लेकिन सीरीज 3-1 से हार गया था।

ब्रॉड ने यह भी लिखा कि अबू धाबी में प्रशिक्षण शिविर से इंग्लैंड को भारत के खिलाफ टेस्ट से पहले तैयारी का शानदार माहौल बनाने में कैसे मदद मिल सकती है। 10-दिवसीय अबू धाबी प्रशिक्षण शिविर में, मैकुलम नेट सतहों का चयन कर सकते हैं, मध्य अभ्यास को नियंत्रित कर सकते हैं, एक दिन के प्रशिक्षण को बढ़ा सकते हैं और उड़ान को कम कर सकते हैं।

मैं उन देशों में गया हूँ जहाँ आपको दोपहर में प्रशिक्षण लेना है और वहाँ जाकर मैंने पाया कि जालों पर पानी डाला गया है और उन्हें ढक दिया गया है। यह अच्छा नहीं है। अबू धाबी में इंग्लैंड को घरेलू टीम जैसा महसूस होगा।

आखिरकार, हमें नतीजे पर ही पता चलेगा कि यह सही है या गलत। अगर इंग्लैंड 80 रन पर आउट हो जाता है और 500 रन दे देता है, तो अबू धाबी असफल हो जाएगा, लेकिन अगर ओली पोप 270 रन बना लेते हैं और जैक लीच 10 विकेट ले लेते हैं, तो यह सफलता हो जाएगी। यह न तो मैच-तत्परता की कमी है और न ही भारत के लिए अपमानजनक है। यह एक प्रतिष्ठित दौरा है और इंग्लैंड के खिलाड़ियों के लिए यह बहुत मायने रखता है। यह कम तैयारी और बेहतर होने का मामला नहीं है, यह बस संभवत: सर्वश्रेष्ठ प्री-सीरीज़ माहौल बनाने का एक प्रयास है।

हैदराबाद में मैच के बाद भारत और इंग्लैंड अगले टेस्ट मैच विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेलेंगे। इंग्लैंड लायंस टीम जनवरी में अहमदाबाद में भारत ए टीम के खिलाफ मैच भी खेलेगी।

ब्रॉड का मानना है कि केवल प्रमुख बल्लेबाज जो रूट ही मैचों से पहले मानसिक तैयारी में स्टोक्स की बराबरी कर सकते हैं। हां, इंग्लैंड का कप्तान एक बेहतरीन प्रशिक्षक है। घुटने की सर्जरी के बाद पुनर्वास के दौरान उनके पैरों का विकास कैसे हुआ, इसकी तस्वीरें देखकर आपको यह पता चलता है, लेकिन नेट के संदर्भ में, वह केवल तभी हिट करते हैं जब वह तैयार होते हैं और इसका मतलब एक दिन में दो घंटे और अगले दिन केवल पांच मिनट हो सकता है।

उन सभी खिलाड़ियों में से जिनके साथ मैंने खेला, केवल पूर्व कप्तान जो रूट ही मानसिक तैयारी में स्टोक्स की बराबरी कर सकते थे, और वह किसी और को यह आंकने नहीं देते कि वह कैसा महसूस कर रहे हैं। यदि पाँच मिनट पर्याप्त लगता है, तो वह पाँच मिनट पर्याप्त करता है।

18 महीने तक मैकुलम के नेतृत्व में खेलने और स्टोक्स के फॉलो-माय-लीड वाइब को जानने के बाद, आप यह भी शर्त लगा सकते हैं कि खिलाड़ी दोपहर में भी गोल्फ खेल रहे होंगे... महत्वपूर्ण रूप से, हालांकि, सुबह 9 बजे से प्रशिक्षण के दौरान अपने बैकसाइड पर काम करने के बाद ही। दोपहर 1 बजे तक, यह आपका मानसिक पलायन है - मैंने इसे जीया और इसमें सांस ली और इसके फायदे महसूस किए। इंग्लैंड की टीम ने भी ऐसा ही किया, जिसने 18 टेस्ट मैचों में 13 जीते और एक बार ड्रा खेला।%%

## कमिंस ने मुझे डेनिस लिली की याद दिला दी : इयान चैपल

**सिडनी,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने कहा कि एमसीजी में दूसरे टेस्ट के दौरान पैट कमिंस ने जिस तरह से बाबर आजम को आउट किया, उसने उन्हें महान तेज गेंदबाज डेनिस लिली और गेंद के साथ उनकी महानता की याद दिला दी।



एमसीजी में, कमिंस ने आजम को पाकिस्तान की पहली पारी में ऑफ-स्टंप के शीर्ष पर लगी एक गेंद पर आउट किया, जिसे बाद में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने ड्रीम बॉल के रूप में वर्णित किया। आखिरकार, कमिंस ने मैच में दस विकेट लिए और एलन बॉर्डर के बाद ऐसा करने वाले केवल दूसरे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बने। बॉर्डर लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज थे और उन्होंने जनवरी 1989 में शक्तिशाली वेस्ट इंडीज के खिलाफ सिडनी में 96 रन पर 11 विकेट हासिल किये थे।

जैसा कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने दूसरे टेस्ट में अपनी टीम को कड़ी जीत दिलाने के लिए पाकिस्तान की बल्लेबाजी लाइन-अप को चतुराई से तोड़ दिया, मैंने सोचा- टेस्ट शिकारों को इकट्ठा करने में क्या लगता है - उनमें से बहुत सारे? मैं प्रेरणादायक गुणों और दिल के आकार दोनों में कमिंस की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान पूर्व तेज गेंदबाज डेनिस लिली से करता हूं। लिली बल्लेबाजों को आउट करना चाहते थे, उनका नंबर हासिल करना चाहते थे। वह कहते हैं, %तेज गेंदबाजी एक मानसिक काम है और साथ ही शारीरिक भी। अपने निशान के शीर्ष पर, लिली ने गेंद को कीपर रॉड मार्श के पास से उड़ते हुए देखा, जो पीछे खड़े होकर सिर की ऊंचाई पर गेंद ले लेगा। जब लिली तेज गेंदबाजी के मानसिक पक्ष के बारे में बात करता है तो उसका यही मतलब होता है। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के लिए अपने कॉलम में लिखा, कमिंस ने पाकिस्तान के बाबर आजम को बोल्ड करने के लिए जो शानदार गेंद फेंकी - एक बार फिर विपक्षी टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को आउट कर दिया - उसने मुझे लिली की महानता की याद दिला दी। लिली की तरह, कमिंस भी बाबर को आउट करना चाहते थे।

उन्होंने इस बारे में भी बात की कि किस वजह से लिली और अब कमिंस की गेंदबाजी से बल्लेबाज डरने लगे। यह तब भी होता है जब आपको उस मानसिक दृढ़ता की हर तरह की आवश्यकता होती है जिसके बारे में लिली बोलते हैं और कमिंस प्रदर्शित करते हैं। विकेट महत्वपूर्ण हैं, बस कमिंस से पूछो।

लिली के महान गुणों में से एक यह था कि एक बल्लेबाज को पहले उनके विशाल कौशल पर काबू पाना था, जो कोई आसान उपलब्धि नहीं थी। हालांकि, अगर उसने उस कठिन कार्य को हासिल कर लिया, तो उसे अभी भी उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को खत्म करना था, जिसके लिए एक बड़ा प्रयास करना पड़ता।

उन गर्म, मांग वाले दिनों में, मुझे एक लिली- या कमिंस-शैली वाला चरित्र दें जो केवल हार न मानने और विकेट लेने की परवाह करता है बजाय इसके कि प्रक्रिया कैसी लगती है। यही कारण है कि लिली और कमिंस जैसे महान तेज गेंदबाज एक कप्तान का सपना हैं और एक बल्लेबाज का दु:स्वप्न।

# हॉकी इंडिया ने हॉकी5 विश्व कप 2024 के लिए पुरुष, महिला टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने मस्कट, ओमान में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी5 विश्व कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों की रविवार को घोषणा की। जहां एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप 24 जनवरी से 27 जनवरी के बीच आयोजित किया जाएगा, वहीं एफआईएच हॉकी5 पुरुष विश्व कप 28 जनवरी से शुरू होगा और 31 जनवरी को समाप्त होगा।





भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अनुभवी गोलकीपर रजनी एतिमारपु करेंगी और उप कप्तानी डिफेंडर महिमा चौधरी करेंगी। टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में बंसारी सोलंकी और डिफेंडर के रूप में अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री शामिल हैं। मिडफील्डरों में मारियाना कुजूर और मुमताज खान को नामित किया गया है जबकि अजमीना कुजूर, रुताजा दादासो पिसल और दीपिका सोरेंग को फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है।

भारतीय महिला टीम को नामीबिया, पोलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ पूल सी में रखा गया है। एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप में कुल 16 टीमें भाग लेंगी जिसमें पूल ए में फिजी, मलेशिया, नीदरलैंड और मेजबान ओमान शामिल हैं जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया हैं और पूल डी में न्यूजीलैंड, पराग्वे हैं ,थाईलैंड और उरुग्वे हैं। टीम चयन के बारे में बोलते हुए, कोच सौंदर्या ने कहा, टीम में युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिनके पास पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और हॉकी 5 के विश्व कप जैसे प्रतिष्ठित आयोजन में खेलने की चुनौतियों की समझ है। हम अच्छी तरह से तैयार हैं और टूर्नामेंट से पहले उत्साहित हैं। इस बीच, भारतीय पुरुष टीम में अनुभवी फारवर्ड सिमरनजीत सिंह, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, डिफेंडर मनदीप मोर के साथ टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जिन्होंने इस प्रारूप में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम में गोलकीपर सूरज करकेरा और प्रशांत कुमार चौहान शामिल हैं। डिफेंस में मंजीत के साथ मंदीप मोर भी शामिल होंगे। मिडफील्ड में मोहम्मद राहील मौसीन और मनिंदर सिंह हैं जबकि फारवर्ड लाइन में कप्तान सिमरनजीत के साथ पवन राजभर, गुरजोत सिंह और उत्तम सिंह शामिल हैं। पूल बी में समूहीकृत भारतीय टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाने के लिए मिस्र, जमैका और स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलेगी। मैदान में अन्य टीमों में पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड शामिल हैं और पूल सी में ऑस्ट्रेलिया, केन्या, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो शामिल हैं जबकि पूल डी में फिजी, मलेशिया, ओमान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।

पुरुष टीम के बारे में कोच सरदार सिंह ने कहा, हमने हॉकी के इस रोमांचक प्रारूप के लिए युवाओं और अनुभव के साथ एक बहुत ही संतुलित टीम चुनी है। इस टीम में कई खिलाड़ियों के पास पहले से ही इस प्रारूप को खेलने का अनुभव है और वे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हमने इस टूर्नामेंट के लिए कड़ी मेहनत की है और पोडियम पर पहुंचने के लिए उत्सुक हैं।

# न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित मैच में बंगलादेश 17 रन से हराया



**माउंट मॉन्गानुई,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। बंगलादेश को न्यूजीलैंड टी-20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले में बारिश के कारण डकवर्थ लुईश नियम के तहत रविवार को 17 रन से हार का सामना करना पड़ा है। इसके ही बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज बराबरी पर रही। आज यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने तीसरे टी-20 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के आगे संघर्ष करती देखी गई और पूरी टीम 19.2 ओवर में 110 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। बंगलादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने सबसे अधिक 17 रन बनाए। तौहीद ने 16, आफिफ हुसैन ने 14 रन जोड़े। बंगलादेश का कोई भी खिलाड़ी 20 रन के स्कोर को छू भी नहीं पाया और उसके छह खिलाड़ी 10 रन से कम के स्कोर पर आउट हो कर पवेलियन लौट गये।

न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान मिचेल सेंटनर ने चार ओवर में 16 रन देकर चार बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी, बेन सियर्स और एडम मिल्ने को एक-एक विकेट मिला। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत बेहद खराब रही। एक समय न्यूजीलैंड ने 49 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। उसके चार खिलाड़ी एक-एक रन बनाकर आउट हुये। उसके बाद कप्तान सेंटनर ने जिमी नीशम के साथ पारी को संभाला। फिन एलेन ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 38 रन बनाए। जिमी नीशम 28 रन और कप्तान सेंटनर 18 रन बनाकर नाबाद रहे। जब टीम का स्कोर 14.4 ओवर में पांच विकेट पर 95 रन तक पहुंचा दिया था। उसी समय बारिश शुरू होने के कारण आगे खेल नहीं हो सका। अंपायरों ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत न्यूजीलैंड 17 रन से विजयी घोषित कर दिया। बंगलादेश की ओर से मेहदी हसन और शोरिफुल इस्लाम के 2-2 विकेट लिए।

## सार संक्षेप


### जमशेदपुर एफसी ने सीजन के अंत तक खालिद जमील को मुख्य कोच नियुक्त किया

**जमशेदपुर।** अंतरिम कोच के रूप में अपने पहले कार्यकाल में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के प्लेऑफ में ले जाने वाले खालिद जमील को रविवार को शेष सीज़न के लिए जमशेदपुर एफसी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। अनुभवी और उच्च सम्मानित एएफसी प्रो लाइसेंस प्राप्त कोच खालिद जमील जनवरी में कलिंगा सुपर कप के साथ शुरू होने वाले जमशेदपुर एफसी के साथ अपनी यात्रा शुरू करेंगे, जिसके बाद इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 का शेष सीज़न होगा। उन्होंने स्कॉट कूपर की जगह संभाली है। जमशेदपुर एफसी, जो वर्तमान में आईएसएल के मध्य चरण में 12 मैचों में नौ अंकों के साथ 12 टीमों में 10वें स्थान पर है, ने कुछ हफ्ते पहले कूपर को बर्खास्त कर दिया था। क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में बताया कि खालिद तुरंत टीम की कमान संभालेंगे क्योंकि सारा ध्यान कलिंगा सुपर कप पर केंद्रित है, जहां जमशेदपुर की पहली चुनौती 10 जनवरी को भुवनेश्वर में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ है। खालिद एक पूर्व खिलाड़ी और एक सफल मैनेजर के रूप में भारतीय फुटबॉल में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं।

### हमें बेहतर विरोधियों के खिलाफ क्लिनिकल होने की जरूरत है : इगोर स्टिमैक

**दोहा।** शनिवार शाम को भारत एएफसी एशिया कप 2023 के लिए कतर पहुंचने वाली 23 मेहमान टीमों में से पहली टीम बन गई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्लू टाइगर्स के पहले मैच में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है, मुख्य कोच इगोर स्टिमैक और उनके लड़कों के पास बर्बाद करने का समय नहीं है। नए साल की पूर्व संध्या पर टीम के पहले प्रशिक्षण सत्र से पहले, स्टिमैक ने दोहा में टीम होटल से प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात की। हम यहां जल्दी आना चाहते थे, ठीक से बसना चाहते थे, और बाद में यात्रा करने में समय बर्बाद नहीं करना चाहते थे। हम आज एक साथ अपना काम शुरू करते हैं। हमने दो दिनों में चार सत्र, तीसरे दिन आराम और इसी तरह अपना कार्यक्रम तय किया है। 7 जनवरी को हमारे बीच एक प्रशिक्षण मैच होगा। 26 खिलाड़ियों का जत्था एक कठिन घरेलू सीज़न के चलते दोहा आया है, जिसमें अनवर अली, जैक्सन सिंह थौनाओजम, आशिक कुरुनियन और रोहित कुमार जैसे कुछ प्रमुख नाम भी चोटों के कारण एशिया कप से बाहर हो गए हैं।

## शुभमन गिल टेस्ट में आक्रामकता पर अंकुश लगाएं : गावस्कर



**सेंचुरियन** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। अपने समय के दिग्गज टेस्ट बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट की तुलना में टेस्ट में अंतर होता है और इस प्रारूप में बेहतर करने के लिए शुभमन गिल को अपनी बल्लेबाजी की आक्रामकता पर अंकुश लगाना चाहिए। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि गिल टेस्ट क्रिकेट में कुछ ज्यादा ही आक्रामक तरीके से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट की तुलना में टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं तो इसमें थोड़ा अंतर होता है। अंतर गेंद में होता है। उन्होंने कहा, लाल गेंद हवा में और पिच के बाहर भी सफेद गेंद की तुलना में थोड़ी अधिक घूमती है। यह थोड़ी अधिक उछाल भी लेती है। उन्हें इसे ध्यान में रखना चाहिए। गावस्कर ने कहा, शुभमन गिल ने अपने करियर की शुरुआत बहुत अच्छी की और हमने उनके शॉट्स की सराहना की। हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि वह अपनी फॉर्म में वापस आ जाएं।

उन्होंने कहा, उम्मीद है कि वह कड़ी मेहनत करेगा और भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेगा। उल्लेखनीय है कि गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में पहले टेस्ट में लगातार असफलताओं का सामना करना पड़ा। जब वह दिन की शुरुआत में पहली पारी में नांद्रे बर्गर की एक वाइड डिलीवरी पर शॉट लगाने का प्रयास कर रहे तो उनका कैच पकड़ लिया गया था और जब उन्होंने दूसरी पारी में लाइन के पार खेलने की प्रयास किया तो मार्को जानसन ने उन्हें आउट कर दिया। तीसरे नंबर पर उनका स्कोर दो और 26 रहा था। इस वर्ष गिल ने सफेद गेंद के प्रारूप में 63.36 के औसत और 105.45 के स्ट्राइक रेट से एकदिवसीय मुकाबलों में 1584 रन, वहीं टी-20 में 44.51 की औसत से 154.30 के स्ट्राइक रेट से 1202 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# यूपी योद्धाज़ का लक्ष्य नए साल की शुरुआत पटना पाइरेट्स के खिलाफ जीत के साथ करना

**नोएडा,** 31 दिसंबर (एजेंसियां)। जीएमआर ग्रुप की प्रो कबड्डी लीग में खेलने वाली फ्रेंचाइजी यूपी योद्धाज़ नए साल की शुरुआत जीत के साथ करने का लक्ष्य लेकर चल रही है, क्योंकि वे प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के 52वें मैच में पटना पाइरेट्स की मेजबानी करेंगे, जो सोमवार को यहां नोएडा इंडोर में स्टेडियम में खेला जाएगा।



यह योद्धाओं के होम लेग का तीसरा मैच होगा और शुक्रवार को दबंग दिल्ली केसी से 25-35 से हारने के बाद टीम को उम्मीद है कि वह नए साल की शुरुआत जीत के साथ करेगी। घरेलू टीम फिलहाल 20 अंकों के साथ तालिका में नौवें स्थान पर काबिज़ है, जबकि अपने पिछले मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स को 46-33 से हराने वाली पटना पाइरेट्स 22 अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है।

सांख्यिकीय रूप से, प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में, दोनों टीमें तेरह बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं। योद्धाज़ पांच बार पाइरेट्स पर हावी रहे हैं, जबकि एक मैच टाई रहा था। यूपी योद्धाज़ ने पटना पाइरेट्स के ख़िलाफ़ आखिरी मुकाबला पिछले सीज़न में खेला था जिसमें योद्धाज़ ने 35-33 के स्कोर से मैच अपने नाम किया था।

मैच से पहले बोलते हुए यूपी योद्धाज़ के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, हम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने नए साल की शुरुआत सकारात्मक तरीके से करना चाहते हैं। हम उन छोटी-छोटी गलतियों से बचने का प्रयास करेंगे जिनके कारण हमें मैच गंवाना पड़ रहा है। टीम का माहौल अच्छा है और हमें उम्मीद है कि कल के खेल में यह सकारात्मक नतीजों में बदल जाएगा।

यूपी योद्धाज़ के लिए, सुरेंद्र गिल रेडिंग विभाग में बड़ी जिम्मेदारी लेते हुए सनसनीखेज फॉर्म में हैं। उनके पास वर्तमान में लीग में सबसे अधिक रेड पॉइंट (86) और सबसे सफल रेड (64) हैं। कप्तान परदीप नरवाल के पास सीज़न में 60 रेड पॉइंट हैं और वह रेडिंग विभाग में टीम की मदद करना चाहेंगे।

यह मैच लीग में सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच मुकाबला होने की उम्मीद है। दोनों टीमें सर्वाधिक टैकल प्वाइंट के मामले में लीग में सबसे आगे हैं, जिसमें योद्धाज़ 322 अंक और पाइरेट्स 313 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज़ हैं।

सुमित, नितेश कुमार और गुरदीप की रक्षात्मक तिकड़ी ने क्रमशः 29, 25 और 22 अंक बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया है और पाइरेट्स रेडर्स को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

पटना पाइरेट्स को अपने हरफनमौला खिलाड़ियों सचिन और एम. सुधाकर पर भरोसा रहेगा जो रेडिंग और डिफेंस दोनों विभागों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।